हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हॉकी में भारत का स्वर्णिम दिन

महिला टीम ने 44 साल बाद जीता गोल्ड, चीन को शिकस्त

एशियन गेम्स



- भारतीय टीम ने लॉस एंजिल्स ओलंपिक 2028 के लिए किया डायरेक्ट क्वालीफाई
- महिला हॉकी टीम ने आखिरी बार एशियन गेम्स में साल 1982 में जीता था गोल्ड
- वर्ष 1998 में टीम ने सिल्वर और 2018 में फाइनल तक का किया था सफर तय

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा

एशियन गेम्स में भारतीय महिला हॉकी टीम ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 44 साल का सूखा खत्म कर दिया है। फाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने चीन को 1-0 से हराकर गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। भारतीय महिला हॉकी टीम ने आखिरी बार एशियन गेम्स में गोल्ड मेडल साल 1982 में जीता था। वहीं, 1998 में टीम ने सिल्वर और 2018 में भी फाइनल तक का सफर तय किया था। टीम का प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट में शानदार रहा।

शुक्रवार को मिले 6 गोल्ड



महिला रिकर्व टीम ने जीता गोल्ड



महिला रिकर्व टीम ने 10 बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता रिकर्व टीमों के इस शानदार प्रदर्शन से पहले भारतीय कंपाउंड तीरंदाज सभी टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदकों पर कब्जा कर चुके हैं। भारत ने तीरंदाजी में अब तक कुल सात पदक जीत लिए हैं, जिनमें चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य शामिल हैं।



भारतीय मुक्केबाज लवलीना

ओलंपिक चैंपियन को हराकर सुजीत ने जीता स्वर्ण

नागोया। सुजीत कलकल ने पुरुषों के 65 किलोग्राम वर्ग में अपनी श्रेष्ठता साबित करते हुए शुक्रवार को एशियाई खेलों की कुश्ती प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता और इस दौरान ओलंपिक चैंपियन को भी हराया। सुजीत एक समय 2-9 से पीछे चल रहे थे लेकिन इसके बाद उन्होंने शानदार वापसी करते हुए लगातार आठ अंक बनाकर जीत हासिल की।



लवलीना, परवीन और अंकुश ने लगाई गोल्ड की हैट्रिक

निशियो। भारतीय मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) और परवीन हुड्डा (65 किग्रा) और अंकुश पंघाल (80 किग्रा) ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एशियाई खेलों में अपने वर्ग के फाइनल में जीत से देश के लिए स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई। लवलीना और परवीन ने अपने-अपने फाइनल में जीत दर्ज करते हुए महिला मुक्केबाजी के स्वर्ण के लिए देश का 12 साल का इंतजार खत्म किया। अंकुश ने 80 किग्रा फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम मिनसियोंग को 4-0 से हराकर देश के लिए स्वर्ण पदक से अभियान समाप्त किया। भारत ने इस तरह मुक्केबाजी में एशियाई खेलों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए छह पदक जीते, जिसमें तीन स्वर्ण शामिल रहे।

आप नेताओं समेत 700 लोगों को दिल्ली पुलिस ने लिया हिरासत में

सीईसी ज्ञानेश के इस्तीफे को लेकर दिल्ली से मुंबई तक हल्ला बोल

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई समेत देश के कई हिस्सों में चुनाव आयोग और एसआईआर के खिलाफ शुक्रवार को विरोध प्रदर्शन हुआ। अलग-अलग विपक्षी दल, छात्र संगठन और सामाजिक संगठन ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर प्रोटेस्ट किया। एसआईआर के दौरान वोटर लिस्ट में बदलाव को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चुनाव आयोग और एसआईआर को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन तेज हो गया है। शुक्रवार को गांधी जयंती के दिन दिल्ली से मुंबई तक प्रदर्शन किया गया। अलग-अलग विपक्षी दल, छात्र संगठन और सामाजिक संगठन चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली और एसआईआर को लेकर सवाल उठाया।

दिल्ली के जंतर-मंतर पर आम आदमी पार्टी (आप), ऑल इंडिया स्टुडेंट एसोसिएशन (एआईएसए) समेत कई संगठन प्रदर्शन के लिए पहुंचे। इस दौरान उन्हें हिरासत में लिया। दिल्ली पुलिस ने ▶▶|शेष पेज 7 पर



ऐसी कोशिशें सफल नहीं होंगी : फडणवीस

मुंबई में सीजेपी के प्रदर्शन को लेकर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पूरा मामला सामने आ चुका है। तीनों चुनाव आयुक्तों की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद फैलाया जा रहा नैरेटिव बेनकाब हो गया है। इसके बावजूद उसी नैरेटिव को आगे बढ़ाने की कोशिश की जा रही है। ऐसी कोशिशें सफल नहीं होंगी।

मुंबई के शिवाजी पार्क में जुटे काकरोच

मुंबई में कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) ने शिवाजी पार्क में प्रदर्शन किया। फिल्म स्टार नसीरुद्दीन शाह, शबाना आजमी और सीजेपी के प्रदर्शन को समर्थन देने शिवाजी पार्क पहुंचे। सीजेपी के संस्थापक अभिजीत दिपके ने मुंबई में प्रदर्शन के दौरान सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा। दिपके ने कहा- सीईसी ज्ञानेश के इस्तीफे तक आंदोलन जारी रहेगा।

एसआईआर में छूटे नाम जोड़े जाएंगे, 20 राज्यों में चलेगा विशेष अभियान

देशभर में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान बड़ी संख्या में नाम हटाए जाने को लेकर चुनाव आयोग पर सवाल उठ रहे हैं। इस बीच चुनाव आयोग ने उन 20 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 'विशेष अभियान' चलाने का निर्देश दिया है जहां एसआईआर की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इसका मकसद मतदाता सूची में छूट गए लोगों के नाम जोड़ना है। सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि इस अभियान के तहत लगातार मतदाता सूची अपडेट करने की प्रक्रिया के जरिए छूटे हुए लोगों और 18 साल की उम्र पूरी कर चुके नए मतदाताओं के नाम जोड़े जाएंगे।

राष्ट्रीय महिला आयोग ने सरकार से की सिफारिशें

दत्तक या सरोगेसी से मां बनीं तो, 26 हफ्ते की मिलेगी छुट्टी!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

दुनिया के ज्यादातर विकसित देशों की तरह क्या कभी भारत में भी मातृत्व या बाल देखभाल अवकाश को लेकर सरकारी और निजी क्षेत्रों में समानता देखने को मिलेगी? सामाजिक सुरक्षा के दृष्टिकोण से सवाल काफी बड़ा और महत्वपूर्ण है। जिसे समझते हुए राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने शुक्रवार को अपनी सिफारिशें केंद्रीय महिला एवं विकास मंत्रालय (डब्ल्यूसीडी), कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग (डीओपीटी) और श्रम-रोजगार मंत्रालय को सौंप दी हैं। एनसीडब्ल्यू की सिफारिशों के मुताबिक, सरकारी क्षेत्र की तर्ज पर ही निजी ▶▶|शेष पेज 7 पर

सुको ने भी दिया है फैसला

बच्चा गोद लेने वाली महिलाओं को लेकर की गई आयोग की इस सिफारिश का आधार सर्वोच्च न्यायालय का एक फैसला है। जिसके तहत सामाजिक सुरक्षा संहिता 2020 की धारा 60 (4) में संशोधन करने की सिफारिश एनसीडब्ल्यू ने सरकार से की है।

सोने का सच्चा भाव
आनंद का सच्चा भाव
18 कैरेट रेट (75.00%) = ₹112009/-
22 कैरेट रेट (91.60%) = ₹136800/-
24 कैरेट रेट (99.99%) = ₹149330/-
Live Rate आनंद ज्वेल्स के मोबाइल ऐप पर चेक करें।
anand Jewels Pandri, Raipur

एक्टर डिनो मोरिया गिरफ्तार बीएमसी को लगाया 65.54 करोड़ रुपए का चूना



एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड एक्टर डिनो मोरिया को मुंबई पुलिस की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्लू) ने कथित मीठी नदी डीसिल्टिंग घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। 'मिड-डे' की रिपोर्ट के मुताबिक, मोरिया को 2 अक्टूबर, 2026 को हिरासत में लिया गया था। यह कार्रवाई इस प्रोजेक्ट से जुड़ी कथित वित्तीय अनियमितताओं की चल रही जांच का हिस्सा थी। खबरों के अनुसार, गिरफ्तारी से पहले अधिकारियों ने मुंबई में बांद्रा स्थित उनके घर पर डिनो मोरिया से करीब आठ घंटे तक पूछताछ की थी।

मोरिया के भाई की कंपनी

इससे पहले, ईओडब्लू को पता चला था कि 18 लाख 'यूबीओ रिड्ज' नाम की कंपनी को ट्रांसफर किए गए थे, जिसमें डिनो मोरिया के भाई सैंटिनो मोरिया डायरेक्टर हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, यह रकम केतन कदम ने ट्रांसफर की थी, जो इस मामले के मुख्य आरोपियों में से एक है।

केतन कदम हो चुका है अरेस्ट

केतन कदम 'वोडार इंडिया एलएलपी' से जुड़ा है और उसे 2025 में मीठी नदी से गाद निकालने से जुड़े घोटाले में कथित तौर पर शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

अलविदा का समय

आज से मानसून की विदाई, इस सीजन तरबतर रहा छत्तीसगढ़

- तीन महीने सक्रियता दिखाकर अब तेजी से वापस लौट रहा, औसत से 53 मिमी. ज्यादा वर्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ से दक्षिण-पश्चिम मानसून की विदाई शनिवार से शुरू होने की संभावना है। इसकी शुरुआत उत्तर यानी सरगुजा के साथ बिलासपुर और रायपुर संभाग के कुछ हिस्से से हो सकती है। मानसून राज्य में तीन महीने सक्रिय रहा और 1195 मिमी. यानी औसत से 53 मिमी. ज्यादा बरसने के बाद तेजी से वापस लौट रहा है। मानसूनी बादल छंटने की वजह से गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू किया है और दिन का अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। सितंबर के अंतिम दिनों में राज्य में मूसलाधार बारिश ▶▶|शेष पेज 7 पर



कमजोर शुरुआत, पर सितंबर में जमकर बरसे

राज्य में मानसून का प्रवेश 22 जून को हुआ था और इसकी शुरुआत कमजोर तरीके से हुई। जून में 66.5 मिमी बारिश हुई, जबकि औसत 193.5 मिमी है। इसके बाद जुलाई में बादल जमकर यानी 494 मिमी बरसे, जो सामान्य 375.5 मिमी से 32 प्रतिशत अधिक था। अगस्त में औसत के करीब यानी 355.3 मिमी पानी बरसा, जो सामान्य 364.2 मिमी का लगभग 98 प्रतिशत था। सितंबर में प्रदेश में 279.3 मिमी बारिश हुई, जबकि सामान्य औसत 208.9 मिमी है, यह सामान्य से 34 प्रतिशत अधिक है।

नमी के कारण गर्मी

मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक, बारिश भले ही थम गई हो, मगर वातावरण में भारी मात्रा में नमी है। इसकी वजह से 34 डिग्री के तापमान में तेज धूप और भारी गर्मी का अहसास हो रहा है। रात में भी पिछले कुछ दिनों से असहजता बनी हुई है। राज्य में आने वाली वहां की दिशा में बदलाव होने के बाद शुष्कता बढ़ेगी, जिससे आने वाले दिनों में रात का मौसम थोड़ा ठंडक लिए होगा।



गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष कुमार प्रशांत से डॉ. हिमांशु द्विवेदी का सार्थक संवाद

गांधी को सिर्फ याद करने से नहीं, उनके रास्ते पर चलने से निकलेगा समाधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गांधी शांति प्रतिष्ठान के अध्यक्ष कुमार प्रशांत का कहना है कि महात्मा गांधी की जयंती पर उनको सिर्फ याद करने से कुछ नहीं होने वाला है। किसी भी समस्या का समाधान चाहिए तो उनके रास्ते पर चलना पड़ेगा। गांधी जयंती के खास मौके पर हरिभूमि और आईएनएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने उनके साथ सार्थक संवाद किया। पेश हैं प्रमुख अंश-

■ लोग कहते हैं कि गांधी आज भी जिंदा है विचारों में। अब जब समय इतना गुजर गया, यह वाकई में ही जिंदा है या व्यवहार में भी अब जिंदा देख रहे हैं गांधी को?

■ जो आदमी 157 साल पहले पैदा हुआ, यानी अगर गांधी जी आज होते तो 157 साल के होते। 157 साल के किसी आदमी को देखा है आपने? मैंने तो नहीं देखा है। तो मैं जितना ह्यूमन फिजियोलॉजी समझता हूं, 157 साल का आदमी अपने किसी काम का नहीं होगा। तो अगर महात्मा गांधी भी आज होते, तो अपने कितने काम के होते मुझको मालूम नहीं है। लेकिन हम लोग गांधी जी के बारे में बात ऐसे करते हैं, सुधांशु बात ऐसे करते हैं, जैसे आज ही मिले हैं। आज की ही तो बात है। हर संदर्भ में वह नए तरह से हमारे सामने आते हैं। तो अगर वह सिर्फ इतिहास में जिंदा होता, तब हमारे वर्तमान में इतना जीवित होकर उपस्थित नहीं हो सकता। इसलिए 30 जनवरी 1948 को



जो गोली लगी, वह गांधी नाम के एक आदमी को गोली लगी। आदमी को गोली लगे तो वह मर जाता है, और हर मृत्यु के साथ उस आदमी की कहानी खत्म हो जाती है। इस आदमी के साथ बात कुछ अलग हो गई है कि ऐसा लगता है जैसे उस दिन से उसकी कहानी नए तरह से शुरू हो गई है। और होते हुए हमारे-तुम्हारे तक पहुंच गई है। यह इसीलिए हो रहा है कि गांधी विचार में जिंदा हैं, कर्म में जिंदा हैं, इतिहास में जिंदा हैं, वर्तमान में जिंदा हैं, इसका भेद मिट गया है।

गांधी हम उन सब लोगों के बीच में जिंदा हैं जो आज के बारे में चिंतित हैं, आज के बारे में सोचते हैं और आज से कुछ अच्छा बने, इसकी कल्पना करते हैं। ▶▶|शेष पेज 7 पर

1178 फीट पर अंजी ब्रिज पर भी सफल रही टेस्टिंग

दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज पर 100 की स्पीड से दौड़ी वंदे भारत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय रेल ने आज एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। रेलवे ने 1178 फीट की ऊंचाई पर स्थित विश्व के सबसे ऊंचे चिनाब रेलवे ब्रिज पर वंदे भारत एक्सप्रेस को 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से सफलतापूर्वक क्रॉस कराया।

इतना ही नहीं, वंदे भारत एक्सप्रेस ने अंजी ब्रिज को भी 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से क्रॉस किया। ये भारतीय रेल के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि मानी जा रही है। वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर- 26401/26404) ने दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज और भारत के पहले केबल-स्टे अंजी पुल को 100 किमी प्रति घंटे की स्पीड से पार करके एक नया रिकॉर्ड बनाया।

वंदे भारत का अनंतनाग भी स्टापेज

बताते चलें कि इस साल जून में जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस को अनंतनाग में भी स्टॉपेज दिया गया था। इससे पहले ये ट्रेन शहीद कैप्टन तुषार महाजन (उधमपुर), श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा, रियासी और बनिहाल रेलवे स्टेशनों पर रुकती थी।



चिनाब ब्रिज से गुजरती हैं ये 3 ट्रेनें

बताते चलें कि अभी चिनाब ब्रिज से कुल 3 पैसेंजर ट्रेनें गुजरती हैं। इनमें ट्रेन नंबर- 26401/26402 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस, 26403/26404 जम्मू तवी-श्रीनगर वंदे भारत एक्सप्रेस और 14687/14688 श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा-बनिहाल एक्सप्रेस के शामिल हैं।

रेल मंत्री ने कहा- भारत का इंजीनियरिंग गौरव

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को एक ट्वीट किया। इस ट्वीट में उन्होंने लिखा, "भारत के इंजीनियरिंग गौरव पर 100 किमी/घंटा की रफ्तार।" रेल मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि भारतीय रेल ने उत्तर रेलवे जोन के कटरा-बनिहाल सेक्शन पर ट्रेनों की स्पीड 100 किमी प्रति घंटे तक बढ़ाई गई। उन्होंने बताया कि वंदे भारत एक्सप्रेस ने चिनाब और अंजी ब्रिज को 100 किमी प्रति घंटे की स्पीड से पार किया।

पहले 75 किमी अधिकतम गति से गुजरती थी ट्रेनें

बता दें कि इससे पहले 111 किलोमीटर लंबे श्री माता वैष्णो देवी कटरा-बनिहाल रेल सेक्शन पर ट्रेनों की अधिकतम गति सीमा 75 किमी प्रति घंटा थी, जिसे बढ़ाकर अब 100 किमी प्रति घंटा कर दिया गया है। आज बढ़ी हुई स्पीड का सफलतापूर्वक ट्रायल भी किया गया। इस सुधार से इस प्रोजेक्ट पर ट्रेनों का संचालन आसान होगा, यात्रा का समय कम होगा। यात्रियों को तेज, सुरक्षित और ज्यादा आरामदायक यात्रा का अनुभव मिलेगा।

संघ प्रमुख भागवत बोले

धर्म और राष्ट्र अलग नहीं, अशांत दुनिया में भारत की भूमिका अहम

एजेंसी ▶▶| मुंबई

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने अखिल भारतीय विहार सेवा समूह के 14वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत में धर्म और राष्ट्र अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखने में मदद करता है। धर्म संकट में आया तो देश खामियाजा भुगतेगा।

मोहन भागवत ने कहा, हमारा राष्ट्र और धर्म अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखता है। दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हैं। अगर एक मौजूद है, तो दूसरा भी मौजूद है। अगर एक नहीं है, तो दूसरा भी नहीं है। उन्होंने कहा कि दुनिया विकास और पर्यावरण सुरक्षा, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पारिवारिक जीवन के बीच संतुलन खोज रही है।

संघ प्रमुख डॉ. भागवत ने कहा कि दुनिया विकास और पर्यावरण संरक्षण, व्यक्तिगत स्वतंत्रता और पारिवारिक जीवन तथा धार्मिक आस्था और संघर्ष जैसे मुद्दों को लेकर असमंजस का सामना कर रही है।

भारत के पास विशाल ज्ञान परंपरा

भागवत ने कहा कि भारत के पास एक विशाल ज्ञान परंपरा है जिसमें वेद, उपनिषद, रामायण, महाभारत, गीता, जैन आगम, त्रिपिटक, गुरु ग्रंथ साहिब और संतों की शिक्षाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा, "हमारे देश के पास ज्ञान का एक बहुत बड़ा खजाना है, जिसकी आज दुनिया को जरूरत है। कोई भी व्यक्ति भक्ति की शक्ति के माध्यम से परमात्मा के करीब आ सकता है।



परंपराओं की रक्षा करना मानवता की सोच है : भागवत के अनुसार, इस ज्ञान को आगे बढ़ाने वाले लोगों के जीवन और परंपराओं की रक्षा करना केवल एक धार्मिक जिम्मेदारी नहीं बल्कि मानवता की सेवा है। उन्होंने कहा, "आप केवल एक जीवन की रक्षा नहीं कर रहे हैं। आप पूरी मानव जाति के सुरक्षित भविष्य की रक्षा कर रहे हैं।

धर्म राष्ट्र को बनाए रखने में मदद करता है

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि दुनिया के सामने मौजूद कई चुनौतियों से निपटने में देश के आध्यात्मिक ज्ञान की भूमिका है। भागवत ने यहां कहा, हमारा राष्ट्र और धर्म अलग नहीं हैं। राष्ट्र का उद्देश्य धर्म है और धर्म राष्ट्र को बनाए रखने में मदद करता है। दोनों एक-दूसरे पर निर्भर हैं। अगर एक है तो दूसरा भी है और अगर एक नहीं है तो दूसरा भी नहीं है।

दुनिया जानती है रास्ता भारत से निकलेगा : भागवत

उन्होंने कहा, दुनिया परेशान है। हर खुशी अधूरी रह जाती है, हर आकांक्षा के साथ कुछ न कुछ हानि जुड़ी होती है और हर निष्ठा किसी दूसरी निष्ठा से जुड़ी हुई है। वहां कोई संतुलन नहीं है, वहां चरमपंथ है। भागवत ने कहा कि दुनिया इन विरोधाभासों से बाहर निकलने के लिए भारत की ओर देख रही है। उन्होंने कहा, दुनिया जानती है कि रास्ता भारत से निकलेगा।



निर्माणाधीन पुल ढहा : पांच घायल कई के मलबे में दबे होने की आशंका

हमीरपुर। मसियाना गांव के पास निर्माणाधीन पुल का एक हिस्सा शुक्रवार को ढहने से पांच श्रमिक घायल हो गए और छह अन्य के मलबे में दबे होने की आशंका है। यह पुल मटौर-शिमला चार लेन मार्ग पर बनाया जा रहा है। पुल का हिस्सा ढहने के साथ निर्माण सामग्री और श्रमिक करीब 100 फुट गहरी खाई में गिर गए। इनमें से एक श्रमिक की हालत गंभीर बताई जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि करीब छह अन्य लोग मलबे में फंसे हुए हैं। एनएचएआई ने कहा कि जब 'लॉन्चिंग नोज' को पियर कैप के ऊपर रखा गया, तभी यांत्रिक खराबी के कारण वह अचानक ढह गया, जिससे ट्रस संरचना नीचे गिर गई।

दूसरा राज्य बना

राष्ट्रपति मुर्मू ने गुजरात में यूसीसी लागू करने दी मंजूरी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



■ उत्तराखंड के बाद समान कानून लागू करने वाला दूसरा राज्य बन जाएगा

गुजरात में समान नागरिक संहिता (यूसीसी) लागू करने का रास्ता साफ हो गया है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कानून को लागू करने की मंजूरी दे दी है। राष्ट्रपति की मंजूरी मिलने के बाद, अब गुजरात सरकार कानून को औपचारिक रूप से अधिसूचित करने की तैयारी कर रही है, जिससे राज्य भर में एक समान कानून होगा। गुजरात में यूसीसी लागू होने के बाद यह उत्तराखंड के बाद समान कानून लागू करने वाला दूसरा राज्य बन जाएगा।

क्या कहता है गुजरात का यूसीसी कानून?

इस कानून में धर्म की परवाह किए बिना विवाह, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप को नियंत्रित करने के लिए एक समान कानूनी ढांचा प्रस्तावित किया गया है। कानून लागू होने के बाद गुजरात में एकीकृत नियमों के तहत विवाह और तलाक की कार्यवाही को नियंत्रित करने वाले नियम सामने आएंगे। साथ ही, उत्तराधिकार और संपत्ति विरासत के लिए रूपरेखा बनेगी, विवाह और लिव-इन रिलेशनशिप का पंजीकरण अनिवार्य होगा और बहुविवाह को प्रतिबंधित करने वाले विशिष्ट वैधानिक प्रावधान किया जाएगा।

राष्ट्रपति से मंजूरी के बाद गुजरात सरकार क्या करेगी?

राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद कानून सीधे लागू नहीं होगा, बल्कि अब गुजरात राज्य सरकार को विस्तृत प्रशासनिक नियम बनाने होंगे। उसे पंजीकरण तंत्र स्थापित करना होगा और प्रावधानों के प्रभावी होने की तिथि निर्धारित करते हुए एक औपचारिक राजपत्र अधिसूचना जारी करनी होगी। उत्तराखंड में फरवरी 2024 में यूसीसी कानून को मंजूरी मिली थी, जिसे आधिकारिक तौर पर जनवरी 2025 में लागू किया गया था। बता दें कि यूसीसी भाजपा का एक प्रमुख चुनावी मुद्दा है।

खबर संक्षेप

परगट पंजाब और आराधना यूपी कांग्रेस की अध्यक्ष नियुक्त



नई दिल्ली। कांग्रेस ने अपनी पंजाब इकाई में महीनों की खींचतान के बाद शुक्रवार को बड़ा संगठनात्मक बदलाव करते हुए पूर्व ओलंपियन एवं विधायक परगट सिंह को नया अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी ने निवर्तमान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के योगदान की सराहना की है। वहीं कांग्रेस ने अपनी उत्तर प्रदेश इकाई में बड़ा संगठनात्मक फेरबदल करते हुए अराधना मिश्रा 'मोना' को नया अध्यक्ष और सांसद इमरान मसूद को कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया। पार्टी ने देवेन्द्र निषाद और आलोक प्रसाद को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी में वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में कांग्रेस विधायक दल के नेता के रूप में चौधरी वीरेंद्र सिंह की नियुक्ति की गई है। कांग्रेस ने पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के योगदान की सराहना की है।

पुतिन की नाटो को चेतावनी

कैलिनिनग्राद पर हमला होने पर की जाएगी परमाणु कार्रवाई

एजेंसी ▶▶| मॉस्को

रूस और नॉर्थ अटलांटिक संधि संगठन देशों के बीच यूक्रेन युद्ध को लेकर चल रहा तनाव बेहद खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने चेतावनी दी है कि अगर रूस के किसी भी हिस्से या उसके रणनीतिक क्षेत्र कैलिनिनग्राद पर सीधा हमला होता है, तो रूस अपने परमाणु शस्त्रागार सहित सभी हथियारों का इस्तेमाल करने के लिए पूरी तरह तैयार है। पुतिन का यह बयान मास्को में आयोजित वाल्दाई फोरम में आया है।

पुतिन ने क्या दी है चेतावनी?

राष्ट्रपति पुतिन ने फोरम में स्पष्ट रूप से कहा, अगर रूसी संघ पर सीधा हमला होता है, तो हमारे देश के पास मौजूद सभी हथियारों को तैनात करने का सवाल, निश्चित रूप से अनिवार्य



रूप से और तुरंत एजेंडे में आ जाएगा। यह अपरिहार्य है। इस मामले में हमारा संदर्भ कैलिनिनग्राद और संभवतः देश के अन्य क्षेत्रों पर होने वाले किसी भी तरह के हमले से भी है।

पुतिन के बयान पर नाटो का जवाब

रूस की इस परमाणु चेतावनी पर नाटो के महासचिव मार्क रट ने कहा कि नाटो एक रक्षात्मक गठबंधन है और रूस की तरफ से दी जा रही इस तरह की परमाणु धमकियां पूरी तरह से अनुपयोगी और नुकसानदेह हैं। यूरोपीय सरकारों ने हाल के दिनों में रूस पर कथित रूप से तोड़फोड़ और आगजनी जैसी घटनाओं के जरिए हाइब्रिड युद्ध तेज करने के आरोप लगाए हैं, जिसे मास्को ने पूरी तरह से खारिज कर दिया है।

कैलिनिनग्राद की भौगोलिक संवेदनशीलता

कैलिनिनग्राद रूस का सबसे पश्चिमी क्षेत्र है, जो चारों तरफ से नाटो के सदस्य देशों (पोलैंड और लिथुआनिया) से घिरा हुआ है और यहां भारी मात्रा में रूसी सेना व हथियार तैनात हैं। रूस ने हाल ही में नाटो को एक राजनयिक नोट भी भेजा था, जिसमें चेतावनी दी गई थी कि यदि नाटो ने कैलिनिनग्राद की घेराबंदी करने या उसका संपर्क काटने की कोशिश की, तो रूस परमाणु प्रतिक्रिया के लिए तैयार है।

सुप्रीम कोर्ट ने 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर संसदीय समिति के साथ बैठक रद्द की

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने 6 अक्टूबर को संसदीय समिति के साथ प्रस्तावित 'एक देश, एक चुनाव' को लेकर होने वाली बैठक को रद्द कर दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कोर्ट ने कहा कि इस मुद्दे पर चर्चा करना 'उचित या वांछनीय' नहीं हो सकता है, इसलिए यह बैठक रद्द की जाती है। बता दें कि बैठक को लेकर विवाद खड़ा हो गया था। सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता और सांसद कपिल सिब्बल ने इस पर आपत्ति जताई थी।

बैठक में क्या होना था?

चुनाव आयोग ने 28 सितंबर को एक ईमेल से भारत के मुख्य न्यायाधीश और अन्य न्यायाधीशों के साथ 'अनौपचारिक बातचीत' का अनुरोध किया था, जिसे उसने 'स्थानीय अध्ययन यात्रा' बताया था। यह अनुरोध विधि और न्याय मंत्रालय के विधायी मामलों के विभाग से भेजा गया था। इस बातचीत में सीजेआई, अन्य न्यायाधीशों और संविधान के 129वां संशोधन विधेयक 2024 की जांच करने वाली संसदीय समिति शामिल होनी थी। इसी विधेयक में 'एक देश, एक चुनाव' का प्रावधान है।



कोर्ट ने क्या कहकर बैठक से इनकार किया?

सुप्रीम कोर्ट ने महासचिव कार्यालय के माध्यम से ईमेल का जवाब देते हुए विधायी विभाग को सूचित किया कि वरिष्ठ न्यायाधीशों ने प्रस्ताव पर चर्चा की थी। पत्र में कहा गया, उनका मत है कि प्रस्तावित संशोधन सुप्रीम कोर्ट के समक्ष न्यायिक समीक्षा का विषय बन सकता है, इसलिए प्रशासनिक स्तर पर इस मुद्दे पर चर्चा करना उचित या वांछनीय नहीं होगा। तदनुसार प्रस्तावित बैठक रद्द की जाती है। असुविधा के लिए खेद है।

संसदीय समिति के अध्यक्ष ने क्या कहा?

एक साथ चुनाव संबंधी संसदीय समिति के अध्यक्ष भाजपा सांसद और पूर्व कानून मंत्री पीपी चौधरी हैं। उन्होंने मीडिया को बताया था कि बैठक का उद्देश्य विधेयक पर चर्चा करना नहीं, बल्कि /"सदस्यों को सुप्रीम कोर्ट, उसकी लाइब्रेरी से परिचित कराने/" के लिए था, क्योंकि कुछ सदस्य वहां कभी नहीं गए। सांसद सिब्बल की आपत्ति मौजूदा न्यायाधीशों के साथ बैठक को लेकर थी, जो अंततः कानून की संवैधानिकता पर फैसला सुना सकते हैं। उन्होंने इसे 'संविधान का मजाक' बताया।



महिला 'साहूकारों' के घर सहकार विभाग व पुलिस की बड़ी कार्रवाई

13 लाख कैश, 88 किलो चांदी, कई ब्लैंक चेक व बॉण्ड

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र के वाशिम में साहूकारी के खिलाफ सहकार विभाग और पुलिस प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। यहां लखाला इलाके में रहने वाली दो सगी बहनों के घर पर छापेमारी के दौरान 13 लाख रुपये नकद और करीब 2 करोड़ रुपये कीमत की 88 किलो चांदी बरामद हुई। टीम ने कई ब्लैंक चेक, कई कोरे बॉन्ड, साहूकारी के लेनदेन से जुड़े रजिस्टर और दूसरे दस्तावेज भी जब्त किए हैं।

ब्लैंक चेक व कोरे बॉण्ड की बरामदगी अहम

कार्रवाई के दौरान टीम को घर से बड़ी मात्रा में नकदी और चांदी मिली। इस कार्रवाई में ब्लैंक चेक और कोरे बॉन्ड की बरामदगी भी अहम मानी जा रही है। ये दस्तावेज किस-किस व्यक्ति से जुड़े हैं और इनका इस्तेमाल किस तरह किया जाता था, इसकी जानकारी जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। इसके अलावा दूसरे दस्तावेज का पंचनामा किए जाने के बाद उन्हें जब्त कर लिया गया।

दो बहनों के घर मिली अकूत दौलत

क्या है पूरा मामला

मामला वाशिम के लखाला परिसर का है। अलका वायेचाल और प्रिया वायेचाल नाम की दो सगी बहनों के खिलाफ सब रजिस्ट्रार कार्यालय में शिकायत की गई थी। शिकायत में दोनों पर अवैध तरीके से साहूकारी करने का आरोप लगाया गया। शिकायत मिलने के बाद सब रजिस्ट्रार ने इसकी जानकारी जिला प्रशासन को दी। इसके बाद जिला अधिकारी की देखरेख में सहकार विभाग और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीमें बनाई गईं। टीमों ने दोनों महिलाओं के घरों पर कार्रवाई की गई।



पूरे नेटवर्क का पता लगाने जुटा प्रशासन

प्रशासन का कहना है कि ऐसी गतिविधियों की जानकारी मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अब जांच एजेंसियां बरामद रजिस्टर, चेक और बॉन्ड की पड़ताल कर यह पता लगाने में जुटी हैं कि कथित साहूकारी का नेटवर्क कितना बड़ा था और इन दस्तावेजों में किन लोगों के लेनदेन दर्ज हैं।

प्रशासन ने लोगों से मांगी जानकारी

कार्रवाई के बाद सहकार विभाग ने वाशिम के लोगों से अवैध साहूकारी की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाने की अपील की है। अधिकारियों के मुताबिक, अगर किसी व्यक्ति को अपने इलाके में अवैध साहूकारी की जानकारी है तो वह इसकी शिकायत संबंधित विभाग से कर सकता है। सब रजिस्ट्रार माणिक लटपटे ने कहा कि शिकायत करने वाले व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं होगी।

रायपुर
शनिवार 3 अक्टूबर 2026
आश्विन कृष्ण पक्ष सप्तमी
वर्ष : 25, अंक : 74
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 34.0
न्यून. 25.2

हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

बुजुर्ग के शव को ले जाने एंबुलेंस नहीं आया, पॉलीथिन में लपेटकर कंधे पर डाला



अलग खबर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

- बदहाल सिस्टम की पोल खुली
- 5 दिन पहले घर से लापता बुजुर्ग का शव पेड़ पर लटका मिला

गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र में मैनपुर से महज 6 किमी दूर बरदुला के जंगल से शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाने फिर घर तक छोड़ने के लिए एंबुलेंस नहीं मिला। लिहाजा परिजन बांस बल्ली के सहारे शव को बांधकर अंतिम संस्कार के लिए ले गए। यहां एक विशेष पिछड़ी कमार जनजाति के ⏭शेष पेज 7 पर

किरंदुल में निकलने वाले खनिज कचरे का खेती में इस्तेमाल पर प्रयोग

कच्चा माल, पक्का इलाज...लौह अयस्कों का कचरा भी फूंकेगा धान-गेहूं और सब्जी की फसल में जान

खदानों से निकलने वाले लौह अयस्क की प्रोसेसिंग के बाद निकलने वाला खनिज कचरा भी क्या धान, गेंहू या सब्जी की खेती के लिए किसी काम का हो सकता है। पहले शायद कभी ये सोचा नहीं गया होगा, लेकिन अब सोच से आगे की बात ये है कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद ने इस पर शोध किया और उत्साहजनक नतीजे सामने आने के बाद बकायदा इस पर प्रयोग भी शुरू कर दिया। छत्तीसगढ़ के लिहाज से ये खास बात है कि यह प्रयोग राज्य के दंतेवाड़ा जिले के किरंदुल में किया जा रहा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद यानी आईसीएआर के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली और आर्सेलर मित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया ने इस दिशा में एक समझौता किया है। दोनों संस्थान अब लौह अयस्क अवशेषों यानी के कृषि उपयोग पर लंबे समय तक वैज्ञानिक अध्ययन करेंगे। इसके शुरुआती प्रयोगों में से कुछ किरंदुल स्थित आर्सेलर मित्तल की खनिज परिष्करण सुविधा के आसपास किए गए हैं। आईसीएआर के मुताबिक, इन शुरुआती प्रयोगों में धान, गेहूं और ⏭शेष पेज 7 पर

धान में क्या मिला?

आईसीएआर ने कहा है कि किरंदुल के पास किए गए शुरुआती प्रयोगों में धान, गेहूं और सब्जियों में संभावित उपयोगिता के उत्साहजनक संकेत मिले हैं। लेकिन संस्थान ने अभी कोई ऐसा आंकड़ा जारी नहीं किया है, जिससे यह कहा जा सके कि इससे धान का उत्पादन कितने प्रतिशत बढ़ा या किसान की आय कितनी बढ़ सकती है। इसलिए फिलहाल यह कहना ज्यादा सही होगा कि "शुरुआती प्रयोगों में संभावनाएं दिखाई दी हैं, अब उनका वैज्ञानिक सत्यापन होगा।"

लौह अयस्क अवशेष हैं क्या?

लौह अयस्क को खदान से निकालने के बाद उसमें से उपयोगी लौह तत्व अलग करने के लिए बेनिफिएशन यानी खनिज परिष्करण की प्रक्रिया अपनाई जाती है। इस प्रक्रिया के बाद बारीक खनिज सामग्री का एक हिस्सा बचता है, जिसे आयरन ओर टैलिंग्स कहा जाता है। किरंदुल जैसे बड़े लौह अयस्क क्षेत्र में इस तरह के अवशेषों का प्रबंधन अपने आप में एक बड़ी चुनौती है। अब पहली बार इसी तरह के अवशेषों के कृषि उपयोग की संभावना को व्यवस्थित वैज्ञानिक अध्ययन के दायरे में लाया जा रहा है।

Dinh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA sky चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

खबर संक्षेप

गृहमंत्री शाह आज से रहेंगे 4 राज्यों के दौरे पर



नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 3 से 5 अक्टूबर के बीच मध्य प्रदेश, तेलंगाना, मेघालय और मिजोरम के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वह अलग-अलग सरकारी कार्यक्रमों में शामिल होकर कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे।

अमरावती : ट्रक-पिकअप वैन की टक्कर, 7 मौतें

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती जिले में समृद्धि हाईवे पर शुक्रवार को भीषण सड़क हादसा हुआ। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से पिकअप वैन को टक्कर मार दी। हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जानकारी के मुताबिक, पिकअप में श्रद्धालु देवी दुर्गा की प्रतिमा लेकर जा रहे थे। पिकअप की रफ्तार कम थी और उसके पीछे ट्रॉली लगी हुई थी।

दिवाली से पहले आएगी पीएम किसान की 24वीं किस्त!

नई दिल्ली। देश के करोड़ों अन्नदाताओं (किसानों) के लिए इस बार की दिवाली बेहद खास और खुशियों भरी होने वाली है! केंद्र सरकार प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की 24वीं किस्त दिवाली के त्योहारी सीजन से पहले यानी इसी अक्टूबर 2026 के महीने में ही जारी करने की तैयारी कर रही है।

बीजेपी राज्यसभा सांसद को हाईकोर्ट का समन

अहमदाबाद। गुजरात हाईकोर्ट ने शुक्रवार को बीजेपी के राज्यसभा सांसद राजेश शुक्ल को समन जारी किया है। दरअसल, कांग्रेस नेता तुषार चौधरी ने आपराधिक मामलों की जानकारी छिपाने के आरोप में शुक्ला के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। अदालत में याचिकाकर्ता की ओर से एआईसीसी के राष्ट्रीय प्रवक्ता और सीनियर एडवोकेट शक्तिसिंह गोहिल और उनके सहयोगी चिंतनभाई चंपानेरी ने इस मामले की जोरदार पैरवी की।

हिंदुस्तान खरीदेगा 114 और राफेल

नई दिल्ली। भारत की 114 राफेल लड़ाकू विमान खरीदने की योजना आगे बढ़ रही है। डिफेंस सेक्रेटरी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि इस प्रोजेक्ट पर इस वित्त वर्ष के अंत तक फैसला हो सकता है। अभी कंपनियों से मिले प्रस्तावों की जांच की जा रही है।



30 सितंबर को दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाइट के कॉकपिट में हुई थी चाकूबाजी

◆ भारतीय पायलट ने जांबाजी से प्लेन हाईजैक होने से बचाया था

फ्लाइट हाईजैक को यूएई ने बताया 'टेरर एक्ट' हमारे स्मित की बहादुरी को किया सलाम

एजेंसी ⏭ दुबई

यूएई के राष्ट्रपति के वरिष्ठ सलाहकार अनवर गर्गश ने फ्लाईदुबई विमान को हाईजैक करने की कोशिश को आतंकवाद की घटना बताया है। यह पहली बार है जब अमीरात की ओर से इस घटना को आतंकवाद के तौर पर बताया गया है। अनवर गर्गश ने फ्लाईदुबई की तेल अवीव जा रही फ्लाइट को हाईजैक करने की कोशिश के दौरान भारतीय पायलट स्मित मच्छार की बहादुरी की सराहना की।

यूएई के राष्ट्रपति के वरिष्ठ सलाहकार गर्गश ने कहा कि फ्लाईदुबई के भारतीय पायलट स्मित मछार हर तरह की सराहना के हकदार हैं, क्योंकि उन्होंने आतंकवादी घटना और संभावित दुर्घटना के सामने साहस और जिम्मेदारी का परिचय दिया। गर्गाश ने कहा कि सबसे कठिन परिस्थितियों में उनकी प्रोफेशनलिज्म और नैतिक समझ उन्हें एक सच्चा हीरो बनाती है। उन्होंने कहा कि जो हुआ, उसे आसान तरीके से कम करके आंकने या साजिश के सिद्धांतों को अपनाने और बढ़ावा देने के बजाय, चरमपंथ और आतंकवाद के खतरों से निपटने के लिए सतर्कता और सावधानी जरूरी है।

अनवर गर्गश ने लिखा पोस्ट

अनवर गर्गश ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा, 'फ्लाईदुबई के भारतीय पायलट स्मित माथुर हर तरह की तारीफ के ⏭शेष पेज 7 पर

यूएई ने दिए जांच के आदेश

दुबई से तेल अवीव जा रही फ्लाईदुबई की फ्लाइट के कॉकपिट में हुई घटना को लेकर यूएई ने जांच शुरू की है। यूएई के अटॉर्नी जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्सी ने पूरे मामले की जांच के आदेश दिए थे। मामले की जांच के लिए एक स्पेशलाइज्ड पब्लिक प्रॉसिक्यूशन टीम बनाई गई है।

यह है मामला

बता दें कि दुबई से तेल अवीव की उड़ान के दौरान 30 सितंबर की घटना में मच्छर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कॉकपिट में हुई बहस के बाद फ्लाइट का रास्ता बदलकर सऊदी अरब के तबुक की ओर कर दिया गया; विमान के सुरक्षित उतरने से पहले यात्रियों और क्रू ने बीच-बचाव किया। इस उड़ान में 174 यात्री और क्रू के आठ सदस्य सवार थे।



'हनुमान चालीसा पढ़ते हुए कॉकपिट का दरवाजा खोला'

फ्लाईदुबई की दुबई-तेल अवीव फ्लाइट में को-पायलट के हमले में घायल भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वीडियो कॉल पर बात की। इस दौरान पीएम मोदी ने उनकी हिम्मत, सूझबूझ और मुश्किल वक्त में संयम बनाए रखने की तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि पूरा देश उनके लिए प्रार्थना कर रहा है। बातचीत के दौरान कैप्टन स्मित ने बताया, फ्लाइट में उस डरावने वक्त के दौरान भी वह हनुमान चालीसा पढ़ रहे थे। उन्होंने कहा कि उनके मन में बस यही था कि वह किसी को मरने नहीं दे सकते। उन्होंने कहा कि उन्हें काफी चोटें लगी थीं, लेकिन उन्होंने खुद से कहा कि उन्हें उठकर कुछ करना होगा। उस वक्त वह अपनी जिंदगी के लिए लड़ रहे थे। स्मित ने बताया कि वह गिर गए थे, लेकिन उन्हें एहसास था कि अगर वह नहीं उठे तो उनकी मौत हो जाएगी।

जवान की गोली लगने से मौत आत्महत्या या कुछ और? जांच पर अड़े परिजन, शव के साथ प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजनगर

- निष्पक्ष जांच की मांग
- बीजापुर में ड्यूटी के दौरान गोली लगने से हुई थी मौत
- विभाग ने बताया आत्महत्या, परिजन ने जताई हत्या की आशंका

क्षेत्र के ग्राम देवनगर निवासी एसएफ जवान बिजेंद्र ठाकुर की बीजापुर में ड्यूटी के दौरान गोली लगने से हुई मौत के बाद मामला तूल पकड़ता नजर आया। जवान का शव गृह ग्राम पहुंचने पर परिजन सहित स्थानीय लोगों ने सड़क पर शव रखकर प्रदर्शन किया तथा मौत की वास्तविक वजह सामने लाने के लिए निष्पक्ष एवं उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

जानकारी के अनुसार जवान बिजेंद्र ठाकुर रायगढ़ में पदस्थ था और ड्यूटी के दौरान बीजापुर में गोली लगने से उनकी मौत हुई। विभागीय स्तर पर घटना को आत्महत्या बताया जा रहा है, लेकिन परिजन इस निष्कर्ष से संतुष्ट नहीं हैं। परिजन ने जवान की मौत को लेकर हत्या की आशंका जताते हुए घटनाक्रम की निष्पक्ष एवं गहन जांच की मांग की है। प्रदर्शन के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों ने परिजन की मांग और उनकी शंकाओं से कलेक्टर को अवगत कराया। अधिकारियों के अनुसार कलेक्टर ने शासन को पत्र लिखकर मामले की जानकारी से अवगत कराने तथा परिजन को हरसंभव मदद का ⏭शेष पेज 7 पर

प्रशासन और पुलिस अधिकारी रहे मौजूद

अंतिम संस्कार के अवसर पर नरेश राजवाड़े, पंकज तिवारी, दीपक गुप्ता सहित विभिन्न दलों के नेता एवं स्थानीय लोग उपस्थित रहे। प्रशासन की ओर से एसडीएम अजय मोडियम, तहसीलदार मनहरण राठिया तथा पुलिस विभाग की ओर से एसडीओपी बेनार्ड कुजूर सहित रामानुजनगर एवं सूरजपुर पुलिस के जवान मौजूद रहे।

बेकाबू एआई, सुरक्षा घेरा तोड़कर सौ से ज्यादा संस्थानों में लगाई सेंध

चैटजीपीटी बनाने वाली ओपनएआई का 'डरावना' खुलासा



सैन फ्रांसिस्को। इंसानों की मदद के लिए बनाया गया एआई अब उसके ही नियंत्रण से बाहर जाने लगा है। चैटजीपीटी बनाने वाली कंपनी ओपनएआई ने खुलासा किया है कि उसके एआई एजेंट्स ने 100 से ज्यादा संस्थानों के सिस्टम में जबरन घुसपैठ की कोशिश की। ओपनएआई ने एक ब्लॉग पोस्ट में खुद इसकी जानकारी दी है। कंपनी ने 100 से ज्यादा संगठनों को इन गतिविधियों को लेकर अलर्ट भी भेजा है। कंपनी के मुताबिक, कुछ मामलों में उसके एआई मॉडल ने नियंत्रण से बाहर जाकर गलत तरीकों से इंटरनेट का इस्तेमाल किया।

सुरक्षा पाबंदियों को किया दरकिनार

एआई मॉडलों को इंटरनेट और वेबसाइटों से जुड़ने की सुविधा दी गई थी। कुछ मामलों में इसने तय दायरे से बाहर जाकर डाटा तक पहुंच बनाने की कोशिश की। पर्याप्त सुरक्षा पाबंदियां नहीं होने पर बाहरी सिस्टम का इस्तेमाल ऐसे किया जिनकी उम्मीद नहीं थी।

एआई गतिविधियों का विश्लेषण

हालांकि, कंपनी का दावा है कि अलर्ट भेजे जाने का मतलब यह नहीं है कि एआई ने किसी निजी जानकारी तक पहुंच बनाई या सिस्टम से छेड़छाड़ की। यह जानकारी बाहरी संस्थानों को इसलिए दी गई ताकि वे तकनीकी समस्याओं की जांच कर सकें और उन पर कार्रवाई कर सकें। ओपनएआई ने बताया कि वह पिछले कुछ महीनों से ऐसी समस्याओं को दोबारा होने से रोकने या उन्हें पहले ही पकड़ने के लिए नई तकनीक लागू कर रही है।

डाटा पढ़ने में इंसान को लगेंगे 6.6 करोड़ साल

ओपनएआई अपने एआई मॉडलों की गतिविधियों को समझने के लिए करीब 50 पेटाबाइट डाटा की समीक्षा कर रही है। कंपनी नए एक उदाहरण देते हुए कहा कि यह पूरा डाटा अगर सामान्य अंग्रेजी टेक्स्ट होता तो एक व्यक्ति को इसे पढ़ने में करीब 6.6 करोड़ साल लग जाते। इतने बड़े डेटा की जांच के लिए कंपनी करीब 7,000 एडवांस्ड जीपीयू का इस्तेमाल कर रही है। इस काम को भी एआई मॉडल से ही कराया जा रहा है।

दशगात्र कार्यक्रम से लौटते समय ग्राम साँवारावा के पास हादसा

पिकअप-ऑटो में भिड़ंत तीन महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले के पटना थाना क्षेत्र के ग्राम साँवारावा के पास शुक्रवार को देर रात पिकअप और ऑटो के बीच हुई जोरदार भिड़ंत में तीन महिलाओं की मौत हो गई, जबकि छह महिलाएं घायल हो गईं। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए पटना सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। पटना थाना क्षेत्र के करहीपारा छिंदिया गांव की महिलाएं ग्राम बिलारो में आयोजित दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गई थीं।



पिकअप चालक की तलाश में जुटी पुलिस

हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। सूचना पर पटना थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस फरार पिकअप वाहन और उसके चालक की पतासाजी में जुटी हुई है।

तमिलनाडु में हाईवे साइन बोर्ड पर हिंदी लिखने पर 2 अधिकारी सस्पेंड

एजेंसी ⏭ चेन्नई

तमिलनाडु सरकार ने शुक्रवार को कहा कि राज्य के अधीन आने वाले राजमार्ग के एक साइनबोर्ड पर हिंदी शब्दों का इस्तेमाल करने के कारण दो अधिकारियों को निलंबित कर दिया गया है, जो तमिल और अंग्रेजी वाली आधिकारिक दो-भाषा नीति का उल्लंघन था। जानकारी के अनुसार, हाईवे के डायरेक्टर-जनरल के आदेशों के अनुसार, थूथुकुडी जिले में नेशनल हाईवे सब-डिविजन ⏭शेष पेज 7 पर



विपक्ष ने साधा निशाना

डीएमके अध्यक्ष एम.के. स्टालिन ने टीवीके सरकार को राज्य की दो-भाषा नीति में दखल न देने की चेतावनी दी। उन्होंने इस नीति को 'तमिलनाडु की जीवन-रेखा' बताया। उन्होंने कहा, तमिलनाडु ने पहले केंद्र सरकार के हिंदी थोपे जाने का सामना किया था।

कब शुरू हुआ ये मामला

यह मामला तब विवाद का विषय बन गया जब तमिलनाडु में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) की देखरेख वाली सड़कों पर लगे साइनबोर्ड और माइलस्टोन पर सिर्फ तमिल और अंग्रेजी भाषाएं ही दिखाई दीं. 2017 में एनएचएआई ने साइनबोर्ड पर हिंदी भाषा को भी शामिल करने की कोशिश की थी, जिसके कारण पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। इसके बाद एजेंसी ने वापस तमिल और अंग्रेजी भाषाओं का ही इस्तेमाल करना शुरू कर दिया।

गया में यूक्रेन, रूस-इटली-जर्मनी से पहुंचे लोग

विदेशी श्रद्धालुओं ने पितरों के लिए किया पिंडदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ गया

बिहार में गया की फल्गु नदी के किनारे देवघाट पर इन दिनों एक ऐसा नजारा देखने को मिल रहा है, जो लोगों का ध्यान खींच रहा है। यहां सिर्फ देश के अलग-अलग हिस्सों से आए लोग ही अपने पितरों के लिए पिंडदान नहीं कर रहे, बल्कि रूस, यूक्रेन, इटली और जर्मनी समेत कई देशों से आए विदेशी श्रद्धालु भी सनातन परंपरा के अनुसार ⏭शेष पेज 7 पर

- सनातन परंपरा ने किया प्रभावित

यह कहा विदेशी श्रद्धालुओं ने

यूक्रेन से आई एलिस जंडरा ने बताया कि वह सनातन धर्म से प्रभावित हैं और अपने पितरों की मोक्ष की कामना लेकर गया आई हैं। उनके साथ कई दूसरे देशों के श्रद्धालु भी यहां पहुंचे हैं और सभी अपने पूर्वजों के लिए पिंडदान कर रहे हैं। एलिस के मुताबिक, गयाजी आकर पितरों के लिए यह अनुष्ठान करना उनके लिए खास अनुभव है।



भारतीय परंपराओं से प्रभावित: विदेशी श्रद्धालुओं को पिंडदान कराने वाले पुरोहित लोकनाथ गौड़ ने बताया कि अलग-अलग देशों से श्रद्धालु यहां पहुंचे हैं। उनके मुताबिक, इनमें कुछ ऐसे लोग भी हैं, जो सनातन धर्म से प्रभावित होकर इसकी परंपराओं को समझना चाहते हैं।

एक ही धार्मिक परंपरा का हिस्सा

विदेशी श्रद्धालुओं की मौजूदगी को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से भी देवघाट पर सुरक्षा के इंतजाम किए गए हैं। गया के देवघाट की तस्वीर इस वजह से भी खास रही कि यहां अलग-अलग देशों से आए लोग एक ही धार्मिक परंपरा का हिस्सा बने दिखाई दिए। विदेशी श्रद्धालुओं ने स्थानीय पुरोहितों के मार्गदर्शन में पिंडदान और तर्पण किया। गयाजी में पितृपक्ष के दौरान होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों में अब विदेश से आने वाले श्रद्धालु भी शामिल हो रहे हैं।

हाथियों का दल धान और मक्का की फसलों को पहुंचा रहा नुकसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

गरियाबंद वनमंडल के वन परिक्षेत्र मैनपुर अंतर्गत ग्राम डडईपानी, खोलापारा, बुड़ार, जिड़ार, सिंहार, छिन्दौला, धोबीपारा, रामपारा, गिरहोला, चलकीपारा, लुठापारा, कोयलीबेड़ा, फरसरा, दबनई एवं बोड़ापाला ग्रामो के आसपास फिर एक बार जंगली हाथियो के धमक से किसानों और ग्रामीणो मे भारी दहशत देखने को मिल रही है। किसान अपने खेतों में फसल की रखवाली के लिए भी नहीं जा पा रहे है। और तो और शाम होते ही हाथियो का दल सीधे गांव की तरफ रूख कर रहा है। धान, दलहन तिलहन, मक्का की फसलों को चौपट कर रहा है। पिछले चार दिनों से मैनपुर के जंगलों और रिहाइशी इलाकों में जंगली हाथियों के एक दल ने डेरा डाल रखा है। हाथियों के इस दल द्वारा लगातार एक दर्जन से अधिक गांवों में जमकर उत्पात मचाया जा रहा है, जिससे समूचे क्षेत्र के ग्रामीणों में भारी दहशत का माहौल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, हाथियों का यह दल रात होते ही खेतों और गांव के करीब पहुंच जाता है पिछले चार दिनों में हाथियों ने किसानों की कई एकड़ में फैली धान, मक्का, दलहन और तिलहन की फसलों को रौंदकर पूरी तरह बर्बाद कर दिया है।

अलग खबर

खदेड़ने का प्रयास जारी : वन अधिकारी

वन अधिकारी का कहना है कि हाथियों को सुरक्षित तरीके से जनहानि वाले इलाकों से दूर जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास जारी हैं इसके साथ ही प्रभावित किसानों के फसलों के नुकसान का आकलन कर मुआवजा दिलाने की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी। हाथियों पर निगरानी रखने के लिए वन विभाग के डिप्टी रेंजर अघन सोरी, हाथी मित्र दल के सदस्य नवीन पटेल, सशवंत ठाकुर, मुकेश यादव, हरक नेताम, जानलाल एवं वन विभाग का अमला लगातार जंगल मे डटे हुए है।



रसोकी में हाथी का उत्पात, ग्रामीणों में दहशत

बिहारपुर। सूरजपुर जिले के चांदनी बिहारपुर क्षेत्र के ग्राम पंचायत रसोंकी में बीती रात अकेले घूम रहे दंतैल ने दो किसानों की धान की खड़ी फसल को रौंदकर चौपट कर दिया। हाथी के गांव में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।जानकारी के अनुसार दंतैल ने राममिलन सिंह और मंगल सिंह की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया। ग्रामीणों के मुताबिक ग्राम रसोंकी सूरजपुर-कोरिया सीमा से लगा है और समीप में ही गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान का जंगल है। रात में जंगल से हाथी गांव पहुंचा और फसल को नुकसान पहुंचाने के बाद सुबह कोरिया की ओर निकल गया। ग्रामीणों का कहना है कि हाथी के गांव में पहुंचने के बाद भी उसे खदेड़ने तथा ग्रामीणों को सतर्क करने के लिए विभाग द्वारा अब तक कोई प्रभावी पहल नहीं की गई है। ग्रामीण दंतैल के दोबारा गांव में पहुंचने पर दुर्घटना होने की संभावना से काफी भयभीत है। किसी व्यक्ति से उसका सामना हो गया तो गंभीर घटना हो सकती है। ग्रामीणों ने बताया कि गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान के अधिकारियों द्वारा लोगों को हाथी से बचाव के उपायों की जानकारी देने और ग्रामीणों को जागरूक करने पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने विभाग से तत्काल क्षेत्र में निगरानी बढ़ाने, हाथी की गतिविधियों पर नजर रखने और ग्रामीणों को सतर्क करने की मांग की है।

खबर संक्षेप

करंट से युवक की मौत जांच के बाद मामला दर्ज

महासमुंद। ग्राम कन्हारपुरी में करंट की चपेट में आने से युवक की मौत के मामले की जांच के बाद खल्लारी थाने में आरोपी के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि थाना खल्लारी के मर्ग धारा 194 बीएनएसएस के मृतक जोहन भुंजिया पिता दउलु भुंजिया (23 वर्ष) निवासी ग्राम पाली थाना खल्लारी का मर्ग जांच किया गया। मर्ग जांच दौरान पुलिस ने घटना स्थल निरीक्षण, मृतक के परिजन पिता दऊलू भुंजिया, माता कुमारी बाई, गवाह रमेश ढीढी, नंदकुमार ध्रुव एवं कनिष्ठ यंत्री छग स्टेट पावर डिस्ट्री कं लिमि. खल्लारी से जानकारी प्राप्त जानकारी के आधार पर विजय बंजारे पिता हीरालाल बंजारे (45 वर्ष) निवासी ग्राम कन्हारपुरी थाना खल्लारी द्वारा खेत में बोर कनेक्शन के लिए खींची गई थ्री फेस वायर के जगह-जगह से कटे व छिले होने से 09/07/2026 के दोपहर 12 बजे मृतक जोहन भुंजिया बोर पैनल के पास लगे लोहे के बाक्स के संपर्क में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई।

मोबाइल चोरी के बाद खाते से उड़ा लिए 5.23 लाख

कांकेर। साप्ताहिक बाजार में मोबाइल चोरी होने के बाद उसके जरिए बैंक खाते की जानकारी हासिल कर लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने का मामला सामने आया है। अज्ञात आरोपी ने पीड़ित के बैंक खाते से 13 अलग-अलग लेनदेन के माध्यम से कुल 5 लाख 23 हजार 989 रुपये 36 पैसे विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर दिए। पुलिस के अनुसार ग्राम ठेलकाबोड़ विश्रामनगर निवासी 49 वर्षीय डिजेश कुमार सिन्हा कांकेर के साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गए थे। शाम करीब 4 बजे उन्हें पता चला कि उनका मोबाइल फोन गायब है। मोबाइल में जियो कंपनी का सिम लगा था। पीड़ित ने मोबाइल चोरी होने के बाद संबंधित सिम बंद कराया और उसी नंबर का नया सिम लेकर नया मोबाइल खरीदा। पीड़ित के मुताबिक चोरी हुए मोबाइल में उनके आधार कार्ड तथा सेंट्रल बैंक खाते से संबंधित जानकारी भी मौजूद थी। उनके बैंक खाते से लगातार 13 बार में 5,23,989.36 रकम दूसरे बैंक खातों में ट्रांसफर कर दी।

भैंसापसरा में गांजा जब्त एक आरोपी गिरफ्तार

बलौदाबाजार। जिले में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री एवं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी कोतवाली पुलिस ने ग्राम भैंसापसरा में कार्रवाई करते हुए घर में गांजा रखकर बिक्री करने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 732 ग्राम गांजा बरामद किया है, जिसकी अनुमानित कीमत 8 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के अनुसार 2 अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम भैंसापसरा निवासी रामाधार पटेल अपने घर में अवैध रूप से गांजा रखकर उसकी बिक्री कर रहा है। पुलिस ने मकान के दरवाजे के पास मौजूद रामाधार पटेल को हिरासत में लेकर तलाशी कार्रवाई की।तलाशी के दौरान मकान के सामने परछी में टीन के टसले के नीचे रखे हल्के पीले रंग के कपड़े के कैरीबैग से गांजा बरामद हुआ। तौल कराने पर गांजे का वजन 732 ग्राम पाया गया।

प्रदेशवासियों को बेहतर, तेज और सुरक्षित आवागमन की मिलेगी सुविधा : साय

बारिश से उजड़ी सड़कें और पुल बनाने के लिए 672 करोड़ के दो दर्जन कार्यों के ठेके

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ में भारी बारिश से उजड़ी सड़कों और पुल-पुलिया बनाने का काम अब तेज होगा। राज्य शासन ने इसके लिए तैयारियां पूरी करते हुए 672 करोड़ 22 लाख 30 हजार रुपए के 24 महत्वपूर्ण कार्यों की निविदाओं को मंजूरी दे दी है। इनमें नई सड़कों और पुलों के निर्माण के साथ मौजूदा सड़कों के उन्नयन, चौड़ीकरण, मजबूतीकरण, विद्युतीकरण और सौंदर्यीकरण के कार्य शामिल हैं। लोक निर्माण विभाग ने संबंधित अधिकारियों को चयनित ठेकेदारों एवं निर्माण एजेंसियों को यथाशीघ्र कार्यादेश जारी कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि प्रदेश में मजबूत सड़क एवं पुल अधोसंरचना का निर्माण राज्य सरकार की विकास प्राथमिकताओं में शामिल है। बेहतर सड़कें गांवों और शहरों के बीच कनेक्टिविटी मजबूत करने के साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य आवश्यक सेवाओं तक लोगों की पहुंच को सुगम बनाती हैं। इन परियोजनाओं के पूरा होने से आवागमन बेहतर होगा और व्यापार, पर्यटन सहित स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी गति मिलेगी।

खास खबर

उप मुख्यमंत्री एवं लोक निर्माण मंत्री अरुण साव ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़क और पुल अधोसंरचना के विस्तार के लिए योजनाबद्ध ढंग से काम कर रही है। लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रदेशभर में 24 महत्वपूर्ण कार्यों की निविदाओं को मंजूरी दी गई है। अधिकारियों को कार्यादेश जारी कर बरसात के बाद निर्माण कार्यों को तत्काल गति देने के निर्देश दिए गए हैं।

धमतरी में कई महत्वपूर्ण मार्गों का चौड़ीकरण

धमतरी जिले में मेघा रोड तिराहा-स्टेशन रोड-चरमुड़िया राष्ट्रीय राजमार्ग-30 में 3.75 किलोमीटर चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 14 करोड़ 45 लाख 12 हजार रुपए, पचपेड़ी-तर्रागोंदी-भेलवाकूदा-टिपानी-सेमरा (बी) मार्ग में पांच किलोमीटर चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण के लिए 13 करोड़ 32 लाख 82 हजार रुपए, नौ किलोमीटर छाती-गागरा-कंडेल-देवपुर मार्ग के लिए 23 करोड़ 12 लाख 46 हजार रुपए तथा 10 किलोमीटर अर्जुनी-भानपुरी-तरसींवा-कुर्रा-अमलीडीह-हसदा सड़क के लिए 19 करोड़ 42 लाख 22 हजार रुपए की निविदा मंजूर की गई है। राजनांदगांव-गुंडरदेही-धमतरी-नगरी सिहावा-बोराई राज्य मार्ग में 23 किलोमीटर लंबाई के मजबूतीकरण एवं डामरीकरण के लिए 11 करोड़ 70 लाख 83 हजार रुपए की निविदा को भी मंजूरी दी गई है।



अरपा और खारुन पर बनेंगे उच्च स्तरीय पुल

राज्य शासन ने बिलासपुर जिले में लोधीपारा (सरकंडा)-कोनी मार्ग में अरपा नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 17 करोड़ 63 लाख 32 हजार रुपए तथा चोरहादेवरी-परसदा मार्ग में खारुन नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 7 करोड़ 68 लाख 16 हजार रुपए की निविदा को स्वीकृति दी है। इन पुलों के निर्माण से संबंधित क्षेत्रों में आवागमन सुगम होगा और स्थानीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

तीन महत्वपूर्ण सड़कों का होगा उन्नयन

लोक निर्माण विभाग ने सड़क उन्नयन के तीन कार्यों के लिए कुल 78 करोड़ 96 लाख 74 हजार रुपए की निविदाओं को मंजूरी दी है। इनमें बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में 37 करोड़ 37 लाख 96 हजार रुपए लागत का पुल-पुलिया सहित 18 किलोमीटर परसवार-चलगली मार्ग, रायपुर में 17 करोड़ 32 लाख 31 हजार रुपए लागत से अमनपुर के पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग-30 के 2.60 किलोमीटर हिस्से का फोरलेन उन्नयन तथा रायगढ़ में 24 करोड़ 26 लाख 47 हजार रुपए लागत का 12.30 किलोमीटर कोड़ातराई-पुसौर-सूरजगढ़ सड़क का उन्नयन शामिल है।

इन जिलों में बनेंगी नई सड़कें

लोक निर्माण विभाग ने दुर्ग जिले में पुलगांव पुल मुख्य मार्ग से अंजोरा-रसमड़ा राज्य मार्ग में पुल-पुलिया सहित 5.28 किलोमीटर फोरलेन सड़क के निर्माण के लिए 28 करोड़ 2 लाख 70 हजार रुपए की निविदा को मंजूरी दी है। धमतरी जिले में राजनांदगांव-गुंडरदेही-धमतरी-नगरी सिहावा-बोराई राज्य मार्ग के आमदी नगर पंचायत में 3.50 किलोमीटर फोरलेन गौरव पथ के निर्माण एवं सौंदर्यीकरण के लिए 19 करोड़ 26 लाख 10 हजार रुपए की निविदा स्वीकृत की गई है। राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में पुल-पुलियों सहित आठ किलोमीटर फोरलेन परिक्रमा पथ के लिए 46 करोड़ 22 लाख 8 हजार रुपए, बिलासपुर जिले में 17.61 किलोमीटर झाल से नगपुरा मार्ग के लिए 29 करोड़ 91 लाख 92 हजार रुपए, महासमुंद जिले में पुल-पुलियों सहित 6.50 किलोमीटर सल्डीह-बहादुरपुर मुख्य जिला मार्ग के लिए 11 करोड़ 27 लाख 98 हजार रुपए, बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में 7.60 किलोमीटर सिविलदाग-नीलकंठपुर सड़क के लिए 14 करोड़ 13 हजार रुपए तथा रायगढ़ जिले में 3.40 किलोमीटर उर्दना-कृष्णापुर-खैरपुर मार्ग के लिए 13 करोड़ 74 लाख 29 हजार रुपए की निविदा को मंजूरी दी गई है।

कार्य में लापरवाही पर उप अभियंता निलंबित ठेकेदार ब्लेक लिस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर निगम के पं. रविशंकर शुक्ल नगर जोन उप अभियंता के द्वारा वार्ड क्र. 29 अंतर्गत मुड़ापार दशहरा मैदान के पास मंच निर्माण कार्य संपादित कराया जा रहा था। आरोप हैं कि ठेकेदार द्वारा निर्धारित तकनीकी मापदण्डों एवं सुरक्षित निर्माण प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया तथा कार्य स्थल पर छत ढलाई के पूर्व शेटरिंग, ब्रेसिंग, सपोर्ट एवं अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का समुचित परीक्षण एवं सत्यापन नहीं किया गया। उक्त कार्य के दौरान मंच का छज्जा ढलाई करते समय गिर गया, इस संबंध में उनसे स्पष्टीकरण चाही गयी थी, किन्तु उप अभियंता द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण का संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया तथा उनके विरूद्ध कर्तव्यों का निर्वहन निष्ठापूर्वक नहीं किया जाना छ. ग. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 1 एवं 3 (क) का स्पष्ट उल्लंघन पाया गया।

कार्य शुरु नहीं हुआ

कार्यादेश अनुसार कार्य पूर्ण करने की अवधि 20 अगस्त तक निर्धारित थी, किन्तु ठेकेदार द्वारा वर्तमान स्थिति तक कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। कार्य पूर्णता तिथि से लगभग 1 माह व्यतीत होने के उपरांत भी ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ कर पूर्ण नहीं किया गया तथा कार्य यथा स्थिति बंद हैं। 25 सितंबर के तहत ठेकेदार को अंतिम नोटिस जारी कर 3 दिवस के भीतर जवाब मांगा गया था, परन्तु ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ नहीं किये जाने के संबंध में संतोषप्रद जवाब नहीं दिया गया। उक्त कृत्य कार्य के प्रति अनिच्छा को परिलक्षित करता है, यह नियमों का स्पष्ट उल्लंघन है।

अमानत राशि जब्त की गई

निगम द्वारा निजी ठेकेदार को अधोसंरचना मद के अंतर्गत वार्ड क्र. 29 अंतर्गत मुड़ापार बायपास रोड में आर.सी.सी. नाली एवं कलवर्ट का निर्माण तथा डी.एम.एफ. मद अंतर्गत वार्ड क्र. 29 मुड़ापार दशहरा मैदान के पास मंच निर्माण कार्य कराया जा रहा था। कार्यादेश 21 मई कार्यावधि 3 माह के तहत कार्यादेश जारी किया गया। कार्यादेश को निरस्त करते हुए निविदा के दौरान जमा अमानत राशि एवं अंतर राशि को मय ब्याज राशि सहित राजसात की जाती है।

नारायणपुर में सामान्य से 40 फीसदी ज्यादा बारिश कांकेर में 13 फीसदी कम



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

मानसून बस्तर संभाग पर मेहरबान रहा, लेकिन सितंबर अंत के भारी बारिश ने दो एक-दो जिलों में तबाही मचा दी। संभाग के सात जिलों में से छह जिलों में बारिश सामान्य रही। जबकि नारायणपुर में सामान्य से अधिक बारिश दर्ज की गई। वहीं कांकेर में सामान्य से कम बारिश के बावजूद वर्षा के मापदंडों के मुकाबले सामान्य ही रहा। 2026 का मानसून इस बार बारिश के लिहाज से काफी सक्रिय रहा। संभाग के सातों जिलों में जून से सितंबर 2026 तक हुई संचयी वर्षा के आंकड़ों में व्यापक अंतर सामने आया है। नारायणपुर जिला करीब 1,715 मिलीमीटर बारिश के साथ संभाग में सबसे अधिक वर्षा वाला जिला रहा। यहां सामान्य से 40 फीसदी ज्यादा बारिश रिकॉर्ड की गई। जबकि कांकेर सामान्य से 13 फीसदी कम 1150 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। सितंबर के अंतिम सप्ताह में हुई मूसलाधार बारिश ने संभाग के कई जिलों में वर्षा के आंकड़ों को तेजी से बढ़ाया और कई स्थानों पर बाढ़ एवं जलभराव की स्थिति निर्मित हुई। प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नारायणपुर 1,715 मिमी बारिश के साथ पहले स्थान पर है। इसके बाद बीजापुर में 1519 मिमी, बस्तर जिले में 1,367 मिमी, दंतेवाड़ा में 1450 मिमी, उत्तर बस्तर कांकेर में 1,150.7 मिमी, सुकमा में 1224 मिमी और कोंडागांव में 1284 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

एक दिन में भी हुई भारी बारिश

25 सितंबर तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार बस्तर जिले में एक दिन में 188.2 मिमी, कोंडागांव में 161.8 मिमी और नारायणपुर में 151.9 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। इस भारी बारिश ने कई इलाकों में सामान्य जनजीवन को प्रभावित किया। मानसून की अंतिम अवधि में हुई इस तेज बारिश का असर केवल शहरों तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों, कृषि भूमि, सड़कों और नदी-नालों के आसपास बसे गांवों पर भी पड़ा। बाढ़ और जलभराव के बाद अब प्रशासन के सामने प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान के आकलन, जल निकासी और सामान्य जनजीवन बहाल करने की चुनौती है।

एसईसीएल दीपका में हादसा

वोल्वो की चपेट में आने से ठेका श्रमिक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल की दीपका खदान में कोयला परिवहन में लगे वाल्वो वाहन की चपेट में आने से श्रमिक आनंद सिंह उम्र 45 वर्ष की मौत हो गई। हादसा खदान के व्यू प्वाइंट के पास हुआ। गंभीर रूप से घायल आनंद के दोनों पैर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। अत्यधिक रक्तस्राव होने पर उसे न्यू कोरबा अस्पताल में भर्ती कराया गया था। गुरुवार की अलसुबह लगभग 5 बजे उसकी मौत हो गई।

जांच की जाएगी

खदान क्षेत्र में भारी वाहनों और मशीनों की लगातार आवाजाही के बीच श्रमिकों की सुरक्षा के लिए अपनाए जा रहे उपायों की भी जांच की जाएगी। हादसे की सूचना के बाद खान सुरक्षा महानिदेशालय (डीडीएमएस) की टीम शुक्रवार को बिलासपुर से दीपका पहुंचेगी। टीम घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे के कारणों और सुरक्षा मानकों के पालन की जांच की जाएगी।

पहली बारिश भी नहीं झेल पाया लाखों की लागत से बना चेकडेम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ क्षेत्र में बनाया गया चेकडेम महज छह महीने में ही टूटकर धराशायी हो गया। इस चेक डैम का निरमा 20 लाख रुपए की लागत से कराया गया था लेकिन निर्माण के दौरान बरती गई लापरवाही और गुणवत्ताहीन सामग्री के कारण चेकडेम पहली बारिश भी नहीं झेल पाया और टुकड़ों में टूटकर अलग हो गया। चेकडेम के टूटने के बाद ग्रामीणों में रोष का माहौल है और ग्रामीणों ने मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इधर जिला प्रशासन ने भी मामला सामने आने के बाद जांच और कार्रवाई के निर्देश दे दिए है और जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कही जा रही है। बता दें कि बलरामपुर जिले के शंकरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत सिलफिली में शासन द्वारा गर्मी के मौसम में बहते पानी को रोकने और जल संरक्षण के उद्देश्य से चेक डेम के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई थी। इस चेकडेम के बनने से जल संग्रहण होता और आस पास के लोगों को सुविधाएं मिलती। इस चेकडेम के निर्माण हेतु शासन से द्वारा 20 लाख रूपए की राशि जारी की गई थी। शासन के नरेगा के तहत पंचायत द्वारा इस चेकडेम का निर्माण कराया गया। लाखों रुपए की लागत से बना चेकडेम पहली बारिश भी नहीं झेल पाया।



ग्रामीणों में रोष कार्रवाई की मांग

चेकडेम के टूटकर बिखरने के बाद ग्रामीणों में रोष का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि शासन द्वारा दी गई राशि का दुरूपयोग पंचायत में किया गया। इस दौरान अधिकारियों द्वारा भी सही तरीके से निर्माण की निगरानी नहीं की गई। मनमाने तरीके से निर्माण के दौरान गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग करने के साथ ही मानकों का ध्यान नहीं रखा गया। इसी वजह से चेकडेम धराशायी हुआ। ग्रामीणों ने पूरे निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराने और दोषी पाए जाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है। जिपं सीईओ द्वारा भी जांच टीम का गठन कर दिया गया है।

रॉबर्टसन स्टेशन पर की यार्ड रीमॉडलिंग सहित अन्य कार्यों की समीक्षा

रेलवे जीएम ने धीमे निर्माण कार्यों पर जताई नाराजगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने चांपा-बाराद्वार-रायगढ़ रेलखंड का विस्तृत निरीक्षण किया। करीब पूरे रेलखंड में किए गए निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्टेशनों, रेलवे यार्ड, पुल, लेवल क्रॉसिंग, ट्रैक, रनिंग रूम, क्रू लॉबी और निर्माणाधीन यात्री सुविधाओं का जायजा लिया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने रायगढ़ रेलवे स्टेशन पर चल रहे निर्माण कार्यों तेजी लाने के भी निर्देश दिए। महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने चांपा स्टेशन से निरीक्षण की शुरुआत की। उन्होंने



सक्ती से झाराडीह के बीच रेलखंड पर स्पीड ट्रायल किया गया। इस दौरान निर्धारित गति पर रेल परिचालन और संरक्षा मानकों की जांच की गई। झाराडीह स्टेशन यार्ड में महाप्रबंधक ने विभिन्न पॉइंट्स की स्थिति और संचालन व्यवस्था का बारीकी से निरीक्षण किया। रायगढ़ पहुंचने के बाद उन्होंने रेलवे स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन के तहत चल रहे निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए, वहीं दूसरी ओर उन्होंने कार्य की धीमी गति को लेकर नाराजगी भी जाहिर की।

रेल सुविधाओं को लेकर 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा

रेल सुविधाओं के विस्तार और लंबित मांगों को लेकर रायगढ़ बचाओ-लड़ेंगे रायगढ़ के नेतृत्व में नागरिकों ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जीएम को 8 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें प्रस्तावित रेलवे टर्मिनल का शीघ्र निर्माण, रायगढ़ से कटनी-दिल्ली के लिए सप्ताह में 4 दिन ट्रेन चलाने तथा प्रयागराज, वाराणसी और अयोध्या के लिए सीधी रेल सेवा, बिलासपुर-इंदौर ट्रेन को रायगढ़ से चलाने, दक्षिण भारत के लिए सीधी ट्रेन शुरू करने की मांग की ।

हावड़ा के लिए वंदे भारत प्रयागराज तक मांगी ट्रेन

रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के विस्तार और रेल कनेक्टिविटी बेहतर बनाने को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ शहर ने निरीक्षण करने पहुंचे महाप्रबंधक तरूण प्रकाश 6 सूत्रीय मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा है। जिसमें रेलवे स्टेशन के नवनिर्मित अतिरिक्त परिसर में पर्याप्त बिजली, स्वच्छ पेयजल और मेडिकल स्टोर की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की है। कांग्रेस ने स्टेशन परिसर में 24 घंटे सुरक्षा व्यवस्था, पर्याप्त पुलिस बल और रेलवे सुरक्षा बल की नियमित गश्त सुनिश्चित करने की मांग की है।



हनुमान अंश के बाद टीवी पर आएगी नीम करोरी बाबा की कहानी

नई दिल्ली। शोभिनव सत्या स्टारर फिल्म हनुमान अंश साल 2026 में बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सरप्राइज बनकर उभरी। डिवोशनल ड्रामा फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 300 करोड़ और वर्ल्डवाइड 400 करोड़ से ज्यादा की कमाई की। नीम करोरी बाबा की जिंदगी पर बनी फिल्म ने लाखों लोगों के दिलों को छुआ। अब बड़े पर्दे के बाद छोटे परदे पर भी फैंस को नीम करोरी बाबा के चमत्कार देखने को मिलेंगे, क्योंकि अब महान संत की जिंदगी पर एक चैनल सीरियल लेकर आ रहा है। विशाल चतुर्वेदी के बाद नीम करोरी बाबा की जिंदगी, उनके कार्य और उनके चमत्कार की कहानी को विस्तार से दिखाने की जिम्मेदारी जिस चैनल ने अपने कंधे पर उठाई है, वह कोई और नहीं, बल्कि सोनी टेलीविजन है। महान संत नीम करोरी बाबा पर बन रहे सीरियल की एक छोटी सी झलक सोनी टीवी ने अपने यूट्यूब चैनल पर भी शेयर की है।

लाइफ Style

आशा

मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का जीता खिताब

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

लखनऊ में मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026 का फिनाले आयोजित किया गया था। इसमें आशा दीपिका अट्टालुरी ने खिताब अपने नाम किया। यह खिताब जीतने के बाद वह हैदराबाद के शमशाबाद एयरपोर्ट पहुंचीं और वहां उन्होंने अपनी खुशी जाहिर की।

आशा दीपिका ने कहा, 'भारत ने यूनिटी पेजेंट जीता है, जिसका मतलब है कि मैं जीती, पूरा देश जीता। अब मैं मिसेज वर्ल्ड हूं और मैं पूरे देश, पूरी दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं। मुझे तेलंगाना पर बहुत गर्व है, क्योंकि मैं तेलंगाना में ही पली-बढ़ी हूं। मैं एक तेलुगु लड़की हूं, इसलिए मैं बहुत खुश हूं कि मैं यह लाल ताज वापस ला पाई।' आशा दीपिका ने आगे कहा, 'इस ताज को बनाने में छह महीने लगे, यह रूस में बना है और हाथ से बनाया गया ताज है। मैं अभी गर्व के साथ भारत और दुनिया का प्रतिनिधित्व कर रही हूं।' आशा दीपिका का उनके परिवार वालों और प्रशंसकों ने स्वागत किया। इससे पहले अपनी पोस्ट में आशा दीपिका ने खिताब जीतने का जश्न मनाते हुए लिखा, 'हां दुनिया, हमने इतिहास रच दिया। ताज का सपना देखने से लेकर आखिरकार उसे पहनने तक... यह पल एक खूबसूरत याद दिलाता है कि देर रात तक जागना, हर रिहर्सल, हर चुनौती और हर छोटे कदम की मेहनत रंग लाई। सपनों, मकसद, कड़ी मेहनत और अनगिनत यादों से भरा यह सफर आखिरकार इस यादगार पल तक पहुंचा है- मिसेज यूनिटी वर्ल्ड 2026।' 38 साल की आशा एक विजनरी, उद्यमी, टेक्नोलॉजिस्ट और समाजसेवी हैं। उनका जन्म आंध्र प्रदेश में हुआ और उनकी परवरिश हैदराबाद, तेलंगाना में हुई। फिलहाल वह अमेरिका के सैन फ्रांसिस्को में रहती हैं।



लिटिल थॉमस का ट्रेलर रिलीज, हास्य से भरपूर ड्रामा की दिखी झलक

मुंबई। रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया की फिल्म 'लिटिल थॉमस' का ट्रेलर गुरुवार को रिलीज कर दिया गया है। यह फिल्म 1990 के दशक के गोवा के बैकग्राउंड पर आधारित एक वार्म, फनी और नॉस्टैल्जिक कहानी है। यह फिल्म 90 के दशक के गोवा की बैकग्राउंड पर बनी एक पारिवारिक और हास्य से भरपूर ड्रामा फिल्म है। फिल्म में सात साल के बच्चे थॉमस (हृदांश पारेख) की एक मासूम इच्छा दिखाई गई है, जो एक छोटा भाई पाना चाहता है। इस चक्कर में वह अपने माता-पिता (रसिका दुग्गल और गुलशन देवैया) को करीब लाने के लिए अजीब और मजेदार हरकतें करता है, जिससे घर में हास्यप्रद स्थितियां पैदा होती हैं। फिल्म का निर्देशन कौशल ओझा ने किया है और इसे अनुराग कश्यप द्वारा निर्मित किया गया है। फिल्म का पहला गाना 'दो गुना जिंदगी' पहले ही रिलीज किया जा चुका है जिसे दर्शकों द्वारा काफी पसंद किया जा रहा है।



'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है'

उन्होंने कहा, 'बच्चों के साथ काम करना कई बार मुश्किल हो जाता है, क्योंकि उनका माहौल बहुत शोर-शराबे वाला होता है। बच्चे धूल-मिट्टी में रहते हैं और उनमें से कई को प्रोफेशनल होने का मतलब समझ नहीं आता, इसलिए यह काफी चुनौतीपूर्ण हो सकता है। मैंने छोटे बच्चों के साथ भी काम किया है। उनके मिजाज के हिसाब से हमें एडजस्ट करना पड़ता है। कई बार आप पूरी तरह तैयार होते हैं, शॉट रेडी होता है और आप जल्दी से काम खत्म करना चाहते हैं, लेकिन उनके लिए इंतजार करना पड़ता है।'



रूपा का पोस्टर जारी, रोमांटिक अंदाज में दिखीं कोमल

मुंबई। अभिनेता गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार आगामी फिल्म 'रूपा' में साथ नजर आएंगे। फिल्म से इतर दोनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर भी लगातार चर्चा में हैं। एक-दूसरे के साथ इनका नाम जोड़ा जा रहा है और डेटिंग की रूमर्स चल रही हैं। इस बीच इनकी आगामी फिल्म का पोस्टर सामने आया है। दोनों रोमांटिक अंदाज में नजर आ रहे हैं। गोविंदा और कोमल रानी स्वर्णकार की फिल्म 'रूपा' का पोस्टर जारी किया गया है। कोमल रानी ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से फिल्म की झलक शेयर की है। इसमें गोविंदा और कोमल एक-दूजे की बाहों में खोए नजर आ रहे हैं। पोस्ट के साथ कोमल ने कैप्शन लिखा है, 'रूपा'। इस फिल्म को लिखा गोविंदा ने, साथ ही निर्देशन की कमान भी उन्होंने ही संभाली है। लीड रोल में वे और कोमल हैं। इसके अलावा कोमल रानी ने एक और फोटो भी साझा की है। इसमें वे और गोविंदा रोमांटिक लुक में दिख रहे हैं।



ऑपरेशन गंगा में मोहनलाल के साथ शेयर करेंगे स्क्रीन

मुंबई। अभिनेता अर्जुन रामपाल अब साउथ सुपरस्टार मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। मोहनलाल अभिनीत फिल्म फिल्म 'ऑपरेशन गंगा' का निर्देशन विष्णु मोहन ने किया है। फिल्म में मोहनलाल के अलावा बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल, आदिल हुसैन और भाग्यश्री भोरसे नजर आएंगी। अभी इसकी रिलीज डेट सामने नहीं आई है। अर्जुन रामपाल ने हाल ही में मोहनलाल के साथ अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। इसके बाद फैंस की ओर से काफी मजेदार रिएक्शन सामने आए हैं। अर्जुन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में दोनों कलाकार काफी खुश नजर आ रहे हैं। अर्जुन ने कैप्शन में लिखा कि मोहनलाल के साथ स्क्रीन शेयर करना उनके लिए बेहद सम्मान की बात है। उन्होंने मोहनलाल को बेहद प्रतिभाशाली और प्रेरणादायक कलाकार बताया। अर्जुन ने यह भी बताया कि दोनों फिल्म की शूटिंग के लिए जॉर्जिया के त्बिलिसी में हैं।

एशियन एकेडमी अवॉर्ड्स में 'सूबेदार' का जलवा

मुंबई। अनिल कपूर स्टारर फिल्म 'सूबेदार' इसी साल मार्च में रिलीज हुई थी। अब इस फिल्म का एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में जलवा देखने को मिला है। सुरेश त्रिवेणी के निर्देशन में बनी फिल्म 'सूबेदार' 5 मार्च, 2026 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। फिल्म को क्रिटिक्स और दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। अब इस फिल्म ने एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में भारत के लिए बेस्ट फीचर फिल्म का अवॉर्ड जीता। सिर्फ इतना ही नहीं, फिल्म में अपनी भूमिका के लिए अभिनेता अनिल कपूर को बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल कैटेगरी में नॉमिनेट भी किया गया है। बता दें कि एक्शन-ड्रामा फिल्म में अनिल कपूर ने रिटायर्ड सैनिक 'सूबेदार' अर्जुन मौर्य का किरदार निभाया था। इस सम्मान पर प्रतिक्रिया देते हुए अभिनेता ने सोशल मीडिया पर अवॉर्ड्स की ऑफिशियल ब्रॉडकास्ट की एक तस्वीर शेयर की और इसे अपने करियर का एक खास पल बताया। पोस्ट शेयर करते हुए अभिनेता ने लिखा, 'मेरी जर्नी का एक बहुत खास पल। 'सुबेदार' के लिए एशियन एकेडमी क्रिएटिव अवॉर्ड्स में बेस्ट एक्टर इन ए लीडिंग रोल के लिए नॉमिनेट होना मेरे लिए सम्मान की बात है। भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए मुझे खुशी हो रही है। पूरी टीम और फिल्म को सपोर्ट करने वाले सभी लोगों का आभारी हूं।' इसके साथ ही पोस्ट में अभिनेता ने डायरेक्टर को बधाई देते हुए लिखा, 'सुरेश यह मेरे लिए और भी अधिक मायने रखता है, क्योंकि हमने इसे बनाते समय एक साथ सफर तय किया है।'



ऑस्कर में भेजी गई गोंधल की 6 शहरों में होगी स्पेशल स्क्रीनिंग



एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

मराठी फिल्म 'गोंधल' को ऑस्कर के लिए चुना गया है। अब फिल्म की 6 शहरों में स्क्रीनिंग का ऐलान हुआ है, जिसके बाद इसे 6 भाषाओं में दुनियाभर में रिलीज किया जाएगा। मराठी साइकोलॉजिकल थ्रिलर 'गोंधल' को 99वें एकेडमी अवॉर्ड्स के लिए भारत की आधिकारिक एंट्री के तौर पर चुना गया है। अब फिल्म के मेकर्स ने इसके एक्सक्लूसिव प्रीव्यू स्क्रीनिंग का ऐलान किया है। फिल्म की स्क्रीनिंग 9 अक्टूबर से छह शहरों में होगी। इसके बाद फिल्म को दुनियाभर में छह भाषाओं में रिलीज किया जाएगा। संतोष दावखर के निर्देशन में बनी 'गोंधल'की प्रीव्यू स्क्रीनिंग मुंबई, पुणे, दिल्ली, चेन्नई, हैदराबाद और बेंगलुरु में होगी। 9 अक्टूबर से मुंबई और पुणे के चार-चार थिएटर्स में स्क्रीनिंग शुरू होगी, जिसके बाद बाकी शहरों में भी फिल्म दिखाई जाएगी।

इन प्रीव्यू स्क्रीनिंग में फिल्म को मराठी और हिंदी भाषा में दिखाया जाएगा। ऑस्कर में भेजी गई फिल्म गोंधल को 6 भाषाओं में रिलीज किया जाएगा. प्रीव्यू के बाद फिल्म भारत और विदेशों में मराठी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ भाषाओं में रिलीज होगी. हालांकि, फिल्म की दुनियाभर में रिलीज की तारीख का अभी ऐलान नहीं किया गया है।

दर्शकों को गोंधल से दोबारा जोड़ने का मौका

निर्देशक संतोष दावखर ने कहा कि उनके लिए ये प्रीव्यू सिर्फ फिल्म की शुरुआती स्क्रीनिंग नहीं हैं, बल्कि दर्शकों को 'गोंधल'से दोबारा जोड़ने का मौका हैं। उन्होंने कहा कि फिल्म महाराष्ट्र की सांस्कृतिक मिट्टी से निकली कहानी है और इसकी आवाज, माहौल और विजुअल दुनिया को थिएटर में सामूहिक रूप से अनुभव करना जरूरी है। भारत की ओर से ऑस्कर में प्रतिनिधित्व करने के बाद दर्शकों के सामने फिल्म लाना उनके लिए खास मायने रखता है।

क्या है गोंधल की कहानी?

फिल्म की कहानी महाराष्ट्र की ग्रामीण संस्कृति में होने वाले पारंपरिक गोंधल अनुष्ठान की पर आधारित है। इस रस्म में संगीत, नृत्य और पौराणिक कथाओं का खास महत्व होता है। फिल्म की कहानी एक नवविवाहित जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है। आधिकारिक कहानी के मुताबिक, फिल्म में सुमन नाम की एक नई-नई शादी हुई दुल्हन की कहानी दिखाई गई है, जो घुटन भरी जिंदगी से परेशान है। वह गोंधल अनुष्ठान को लेकर अपने प्रेमी सरजेराव के जुनून का फायदा उठाती है और इस पवित्र परंपरा को एक खतरनाक खेल में बदल देती है। फिल्म में इशिता देशमुख, किशोर कदम और योगेश सोहोनी अहम भूमिकाओं में हैं।

बिग बी की 'मृत्युदाता' को कंटेस्टेंट ने बताया बोर

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन इन दिनों कौन बनेगा करोड़पति शो को होस्ट कर रहे हैं। शो में बिग बी को काफी पसंद किया जाता है। इतना ही नहीं, इस शो के दौरान बिग बी कंटेस्टेंट्स से और खुद अपनी पर्सनल लाइफ के किस्से भी शेयर करते हैं। अब हाल ही में एक ऐसा कंटेस्टेंट आया जिसने बिग बी के सामने बोल दिया कि वह उनकी फिल्म मृत्युदाता को देखकर सो गए थे। दरअसल, एक कंटेस्टेंट आईं जयपुर से जिसका नाम है अलमस खान। वह बिग बी से अपने बचपन की यादें शेयर करते हैं।

असली केंदवा मलहम
घमंडी दर्द का दुश्मन 25 दर्द की एक दवा
सिर दर्द, कमर दर्द, पसली दर्द या किसी भी अंग के आकस्मिक दर्द पर, दांत-दाढ़ के दर्द पर, चोट, मोच, सूजन पर, सर्दी- जुकाम पर, खांसी व श्वास (दमा) पर, न्यूमोनिया पर, गांठ (मांस की गांठ पड़ जाने पर), गिल्सी पर, टांसिल बढ़ने पर, कुलंग वात (सायटिका) पर, गठिया वात पर, चिकनगुनिया के दर्द पर, पेट फूलने पर, पेट दर्द व गैस पर, ताजे घाव का खुन बंद करने के लिए, पके घाव के चारो और सूजन पर, खाज-खुजली पर, उठती हुई फुड़िया, बिस्कुटी आदि पर, खुर्रा पर, बिवाई फटने पर, बर्र काटने पर, बिच्छू काटने पर, थकावट पर असरकारक है।
दाद, खाज, खुजली, केंदवा के लिये। HMS देखकर खरीदें
ढक्कन पर केंदवा मलहम लिखा देखें। रजि.नं. 573034बी देखकर खरीदें। ओरिजनल का होलोग्राम (हरि) देखकर खरीदें।
94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

अहलूवालिया हॉस्पिटल
8103128515, 0771-4050006
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, स्टेशन रोड रायपुर
• कान, नाक, गला रोग • Hearing Aids • दंत रोग • मुख के कैंसर/प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर, खर्राटे

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों एवं महिलाओं का अस्पताल
• प्रसूति • नवजात • शिशु रोग • सभी प्रकार के ऑपरेशन • सोनोग्राफी • आयुष्मान कार्ड • बच्चो के ऑपरेशन • अनुभवी डॉक्टर्स प्रतिदिन
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.), 9826182221 9301744425

डायबिटिज मधुमेह का सर्वोत्तम इलाज - अब दिल्ली, मुंबई, चेन्नई क्यू जाना
मधुमीत डायबिटिज हॉस्पिटल
डॉ राका शिवहरे MBBS, MD FNIC FIPA
भर्ती सुविधा उपलब्ध
Ecg, Echo, Tmt, Doppler, Carotid, Doppler, Insulin, Pump, Cgms, Homa IR
शिव मंदिर चौक, अवंति विहार, रायपुर, मो. 8269885003, मो. 7389485756

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
सुविधाएं : पी.एफ.टी., ब्रांकोस्कोपी, स्लीप स्टडी
स्पेशलिस्ट : खांसी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
समय दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड़, रायपुर मो. 7999450384, 7042974029

AB आई हॉस्पिटल
लेज़र मोतियाबिंद ऑपरेशन किफायती दरों में
आयुष्मान कार्ड एवं इंश्योरेंस सुविधा उपलब्ध
पता : - 119/A सेक्टर - 3, गीतांजली नगर, रायपुर | मो.: 8815096478

डायबिटिज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) (ISO 9001-2000 Certified)
फोनः 0771-4044551 समयः सुबह 9.30 से 4.30 तक

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Cente
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 Email:bsinghania111@yahoo.co.in
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411 www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी • जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स • जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी • ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल) • गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल
(मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोनः +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी
स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330 मो. 0771-4347172

विज्ञापन हेतु संपर्क करें:-
7987119756, 9303508130

चिंतन

देश के भविष्य में निवेश है खेल पर हो रहा खर्च



मुद्दा
राजकुमार सिंह

एशियाई खेलों में भारत के खिलाड़ियों का प्रदर्शन देश के लिए गर्व का विषय है, लेकिन पदकों की चमक के साथ एक बड़ा सवाल भी खड़ा होता है। क्या भारत को खेलों पर सरकारी खर्च और बढ़ाना चाहिए? इसका उत्तर केवल पदक तालिका में नहीं है। असल सवाल यह है कि क्या भारत उस खेल संस्कृति का निर्माण कर रहा है, जो आने वाले वर्षों में देश को विश्व की बड़ी खेल शक्तियों के बीच खड़ा कर सके। एशियाई खेल 2026 अभी जारी हैं। 2 अक्टूबर तक भारत ने 16 स्वर्ण समेत 76 पदक हासिल किए हैं। यह प्रदर्शन बताता है कि भारतीय खेल जगत में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। लेकिन तुलना करें तो 2022 के हांगझोउ एशियाई खेलों में भारत ने 28 स्वर्ण सहित 106 पदक जीते थे। इसलिए मौजूदा प्रदर्शन का मूल्यांकन केवल पदकों की संख्या से करना उचित नहीं होगा। असली उपलब्धि उस व्यवस्था की है, जिसने पिछले कुछ वर्षों में भारतीय खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी के लिए पहले से कहीं बेहतर संसाधन उपलब्ध कराए हैं। सरकार का खेल बजट भी इसी बदलाव का संकेत देता है। वित्त वर्ष 2026-27 में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के लिए 4,479.88 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। यह पिछले वित्त वर्ष के संशोधित अनुमान 3,346 करोड़ से काफी अधिक है। 'खेलो इंडिया' और राष्ट्रीय खेल महासंघों की सहायता के लिए भी अगले पांच वर्षों के लिए बड़ा वित्तीय प्रावधान किया गया है। एशियाई खेलों की तैयारी में खिलाड़ियों के प्रशिक्षण और प्रतियोगिताओं के लिए लगभग 800 करोड़ से अधिक खर्च किया गया। इससे पता चलता है कि भारत अब खिलाड़ियों को केवल प्रतियोगिता से पहले प्रशिक्षण देने की सोच से आगे बढ़कर दीर्घकालिक तैयारी की ओर बढ़ रहा है। फिर भी सवाल है कि क्या इतना पर्याप्त है? भारत की आबादी और युवा शक्ति को देखते हुए शायद यह पर्याप्त नहीं है। देश में करोड़ों बच्चे और युवा हैं, लेकिन उनमें से कितनों को गुणवत्तापूर्ण खेल मैदान, प्रशिक्षित कोच, आधुनिक उपकरण और नियमित प्रतियोगिताओं की सुविधा मिलती है? यही वह अंतर है जिसे भरना होगा। हर जिले में अच्छे खेल मैदान हों। स्कूलों में खेल शिक्षक और प्रशिक्षक हों। प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान के लिए नियमित प्रतियोगिताएं हों। यदि भारत वास्तव में खेल महाशक्ति बनना चाहता है तो यह पूरा पारिस्थितिकी तंत्र तैयार करना होगा। इसके आर्थिक लाभ भी हैं। खेल उपकरणों का निर्माण, फिटनेस उद्योग, स्पोर्ट्स मेडिसिन, कोचिंग, खेल आयोजन, प्रसारण और खेल पर्यटन जैसे क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ सकते हैं। यदि भारत खेल उपकरणों का बड़ा विनिर्माता बनता है तो यह खेल बजट को एक व्यापक आर्थिक निवेश में बदल सकता है। भारत को ओलंपिक और उसके आगे की तैयारी अभी से करनी होगी। इसके लिए केवल कुछ स्टार खिलाड़ियों पर निर्भर रहने की रणनीति पर्याप्त नहीं होगी। हमें ऐसी व्यवस्था चाहिए जिसमें हर वर्ष हजारों प्रतिभाएं खोजी जाएं, उनमें से सैकड़ों को वैज्ञानिक प्रशिक्षण मिले और उनमें से सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को लंबे समय तक अंतरराष्ट्रीय स्तर की तैयारी का अवसर मिले। इसलिए सवाल यह नहीं होना चाहिए कि खेलों पर इतना पैसा क्यों खर्च किया जा रहा है। सवाल यह होना चाहिए कि इस निवेश को और प्रभावी कैसे बनाया जाए। भारत के लिए खेल अब केवल पदक जीतने का माध्यम नहीं हैं। यह स्वस्थ भारत, युवा भारत, रोजगार के नए अवसरों और दुनिया में भारत की बढ़ती पहचान से जुड़ा क्षेत्र है। इसलिए खेल बजट में वृद्धि को खर्च नहीं, भविष्य में निवेश के रूप में देखना होगा।

विपक्ष के निशाने पर ज्ञानेश कुमार

विपक्ष के सवालों के घेरे में तो चुनाव आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद से ही रहा है, लेकिन दो चुनाव आयुक्तों द्वारा 10 महीने में 14 बार आपत्तियों के मीडिया में खुलासे के बाद निशाने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं। तीन दिन की मशक्कत के बाद ज्ञानेश को दोनों चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ बैठक की तस्वीर और 'आयोग में सब कुछ ठीक' होने का दावा करने वाली प्रेस रिलीज जारी करने में तो सफलता मिल गई, लेकिन 'सुधारात्मक कदमों' से सवालों और संदेहों की पुष्टि भी हो गई। यही कारण है कि कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) से लेकर विपक्ष तक ने मुख्य चुनाव आयुक्त के इस्तीफे, एसआईआर से पहले की मतदाता सूची बहाल करने और ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से ही चुनाव करवाने की मांग को लेकर सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया है।

विपक्ष के सवालों के घेरे में तो चुनाव आयोग महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद से ही रहा है, लेकिन दो चुनाव आयुक्तों द्वारा 10 महीने में 14 बार आपत्तियों के मीडिया में खुलासे के बाद निशाने पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार हैं। तीन दिन की मशक्कत के बाद ज्ञानेश को दोनों चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ बैठक की तस्वीर और 'आयोग में सब कुछ ठीक' होने का दावा करने वाली प्रेस रिलीज जारी करने में तो सफलता मिल गई, लेकिन 'सुधारात्मक कदमों' से सवालों और संदेहों की पुष्टि भी हो गई। यही कारण है कि सीजेपी से लेकर विपक्ष तक ने मांगों को लेकर सड़क पर उतरने का ऐलान कर दिया है।

सीजेपी ने मुंबई के शिवाजी पार्क से देशव्यापी आंदोलन की शुरुआत की है तो 'इंडिया' गठबंधन के बैनर तले 20 विपक्षी दलों ने भी दो अक्तूबर से व्यापक आंदोलन शुरू कर दिया है। भाजपा की 'बी टीम' बताई जाती रही बसपा की सुप्रीमो मायावती ने भी ईवीएम के बजाय बैलेट पेपर से चुनाव करवाने की मांग की है। दो चुनाव आयुक्तों की आपत्तियों की बाबत एक अंग्रेजी अखबार द्वारा खुलासे से उत्साहित 'इंडिया' गठबंधन अपने आरोपों को लेकर राष्ट्रपति के पास भी जाएगा और संसद में मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार गुप्ता के विरुद्ध महाभियोग भी लायेगा। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून की वैधता के साथ ही चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली से जुड़ी याचिकाओं पर सर्वोच्च न्यायालय में सुनवाई में भी इस बीच किसी फैसले की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन सत्तापक्ष और विपक्ष की निगाहें जन साधारण की प्रतिक्रियाओं पर ज्यादा रहेंगी। पेपर लीक मामले में सीजेपी के बैनर तले जंतर मंतर पर 'जेन जी' आंदोलन के चलते नरेंद्र मोदी सरकार 12 साल में पहली बार, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के रूप में, अपने किसी मंत्री का इस्तीफा दिलवाने को मजबूर हुई। फिर भी संसद का मानसून सत्र, दिल्ली पुलिस द्वारा जंतर-मंतर आंदोलनकारियों पर अत्यधिक बल प्रयोग और कथित पैलेट गन के इस्तेमाल की जिम्मेदारी के सवाल सत्तापक्ष और विपक्ष में तनातनी में बह गया। दो चुनाव आयुक्तों को बताये बिना ही मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा फैसले लेने के मीडिया में खुलासे से संसद के शीतकालीन सत्र से पहले ही विपक्ष को उससे भी बड़ा मुद्दा हाथ लग गया है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनावों के बाद से ही चुनाव आयोग पर 'वोट चोरी' के आरोप लगाते रहे हैं, जो पश्चिम बंगाल के बाद 'सरकार चोरी' में बदल गये। चुनाव आयोग और सत्तारूढ़ दल भाजपा उन आरोपों को खारिज करते हुए इसी बीच कुछ विधानसभा चुनावों में विपक्ष की जीत को लेकर सवाल पूछते रहे, लेकिन दो चुनाव आयुक्तों द्वारा फॉर्म- 6 समेत एसआईआर प्रक्रिया तथा चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर आपत्ति के खुलासे से विपक्ष के तेवर ज्यादा आक्रामक हो गये हैं। भाजपा का तर्क है, क्योंकि चुनावों की निष्पक्षता पर सवाल उठा कर विपक्ष उसकी सरकारों की वैधानिकता पर संदेह का माहौल बना रहा है, इसलिए उसे जवाब देना ही पड़ेगा।



तर्क पूरी तरह निराधार भी नहीं, लेकिन अपनी कार्य प्रणाली पर अंदर से उठे सवालों पर पूर्ण चुनाव आयोग या मुख्य चुनाव आयुक्त द्वारा प्रेस कान्फ्रेंस से परहेज भी संदेह और सवालों को बल प्रदान कर रहा है। दरअसल चुनाव आयुक्त नियुक्ति कानून और खासकर ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति के चलते चुनाव आयोग की स्वतंत्रता और निष्पक्षता पहले से ही संदेह और सवालों के घेरे में है। सर्वोच्च न्यायालय दो बार टिप्पणी कर चुका है कि चुनाव आयोग को स्वतंत्र होना ही नहीं चाहिए, दिखना भी चाहिए। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायालय की टिप्पणियां और सवाल चुनाव आयोग के साथ ही केंद्र सरकार को भी कठघरे में खड़ा करते हैं। पिछली बार सर्वोच्च न्यायालय ने सवाल किया: 'जब चयन समिति में प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष का नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केबिनेट मंत्री शामिल हैं, तब क्या यह व्यवस्था वास्तव में 'स्वतंत्र' है या सिर्फ स्वतंत्रता का दिखावा भर है?... 'इस संरचना में कार्यपालिका का वर्चस्व स्पष्ट दिखाई पड़ता है। 'न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सवाल किया कि जब सीबीआई निदेशक की नियुक्ति समिति में सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश शामिल होते हैं तो चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति समिति में किसी स्वतंत्र सदस्य को जगह क्यों नहीं दी गई? पीठ ने टिप्पणी की: 'लोकतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के लिए स्वतंत्रता उतनी ही जरूरी है, जितनी कानून व्यवस्था के लिए। 'सर्वोच्च न्यायालय के इस सवाल पर अटार्नी जनरल वेंकटरमणी निरुत्तर हो गये थे कि अगर प्रधानमंत्री एक नाम चुनें और विपक्ष का नेता दूसरा, तो तीसरा सदस्य यानि प्रधानमंत्री द्वारा नामित केबिनेट मंत्री किसके पक्ष में जाएगा? पीठ ने टिप्पणी की: 'जब हर निर्णय 2-1 के बहुमत से सरकार के पक्ष में ही जाने की संभावना है, तो फिर विपक्ष के नेता को समिति में रखने का औचित्य ही क्या है? यदि केबिनेट मंत्री, प्रधानमंत्री के विरुद्ध नहीं जायेंगे तो विपक्ष के नेता की भूमिका मात्र 'सजावटी' बन कर रह जाती है। 'सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव संविधान की मूल संरचना का हिस्सा है, पर वह तभी संभव है, जब चुनाव आयोग न सिर्फ स्वतंत्र हो, बल्कि जनता को स्वतंत्र दिखाई भी दे। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने हाल ही में यही टिप्पणी फिर दोहरायी, पर विभाजित फैसले में याचिका की सुनवाई बड़ी पीठ द्वारा किए जाने का विकल्प खुला छोड़ दिया। ध्यान रहे कि दशकों तक चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति बिना किसी कानून के की जाती रही। चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी कानून के अभाव में केंद्र सरकार की मनमर्जी रोकने के लिए पारदर्शी प्रक्रिया की मांग करते हुए सर्वोच्च न्यायालय में याचिकाएं दायर की गई थीं। उन्हीं याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए दो मार्च, 2023 को संविधान पीठ ने फैसला दिया कि इस बाबत संसद द्वारा कानून बनाये जाने तक मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति देश के मुख्य न्यायाधीश, प्रधानमंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता की समिति की सिफारिश पर होगी। उसी साल 28 दिसंबर को संसद ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्त अधिनियम, 2023 पारित कर कानून बना दिया, जिसमें तीन सदस्यीय चयन समिति में मुख्य न्यायाधीश के बजाय प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक केबिनेट मंत्री को जगह दी गई। बेशक सर्वोच्च न्यायालय ने नहीं कहा था कि मुख्य न्यायाधीश को नियुक्ति समिति में रखा ही जाना चाहिए, लेकिन उन्हें बाहर कर केबिनेट मंत्री को शामिल करने से संदेश गया कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति में सरकार अपना वर्चस्व चाहती है। विपक्ष के तमाम संदेह और सवाल इसी संदेश से उपजे, जिन्हें आयोग के अंदरूनी विवाद से बल भी मिल गया है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

विमान हादसा
प्रो. (डॉ.) मनोज दयाल



कैप्टन स्मित की दिलेरी को सलाम...

जब हौसला बना 174 जिंदगियों का कवच...! जब सूझबूझ ने बनाया महामानव ...! आज की दुनिया में जब हम सुपरहीरो की कहानियां पर्दे पर देखते हैं, तो असली हीरो की पहचान भूल जाते हैं। 30 सितंबर की रात 34,000 फीट की ऊंचाई पर एक भारतीय कैप्टन ने साबित कर दिया कि असली हीरो कैप नहीं पहनते, वर्दी पहनते हैं। उनका नाम है - कैप्टन स्मित मच्छार। यह कोई फिल्मी कहानी नहीं। यह फ्लाईदुबई की फ्लाइट एफजेड1073 की सच्ची दास्तान है, जो दुबई से तेल अवीव जा रही थी। वो 90 सेकंड जब मौत सामने थी...! फ्लाइट जॉर्डन के हवाई क्षेत्र से गुजर रही थी। कॉकपिट में अचानक कयामत टूट पड़ी। रिपोर्ट्स,एजेंसी व एआई के मुताबिक, ओमानी मूल के सह-पायलट ने क्रैश एक्स और चाकू से कैप्टन स्मित पर जानलेवा हमला कर दिया। उसका मकसद विमान को क्रैश कराना था। हमले में कैप्टन स्मित गंभीर रूप से घायल हो गए।शरीर से खून बह रहा था। इसी बीच विमान ने 90 सेकंड में 34,000 फीट से 16,600 फीट तक गोता लगा दिया। लगभग 14,000 फीट की सीधी गिरावट। यात्रियों में चीख-पुकार...! केबिन में अफरा-तफरी...! आम तौर पर ऐसी स्थिति में पायलट होश खो देता है। पर गुजरात के सावरकुंडला के इस प्रतिभा पुत्र ने अदम्य साहस दिखाया। लहूलुहान होने के बावजूद अटूट संकल्प...! भारी खतरे का सामना करते हुए गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद उन्होंने हार नहीं मानी। उन्होंने तीन काम किए जो एविएशन इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में लिखे जाएंगे। पहला, उन्होंने ट्रांसपोंडर कोड 7700 सेट किया। यानी



इमरजेंसी सिग्नल, और दूसरा कोड जो गैर-कानूनी हस्तक्षेप को दर्शाता है। दूसरा, अपनी आखिरी ऊर्जा बटोरकर, फर्श पर लहूलुहान पड़े-पड़े उन्होंने कॉकपिट के दरवाजे का लॉक खोला। तीसरा, दर्द को भूलकर उन्होंने विमान को स्थिर करने की कोशिश जारी रखी। विमान में मौजूद फ्लाईदुबई के दो अन्य पायलटों ने मोर्चा संभाला और विमान को सऊदी अरब के तबूक एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंड करा दिया। उस विमान में 174 यात्री थे, जिनमें ज्यादातर इजरायली नागरिक थे। आज वे सभी अपने परिवार के साथ हैं, तो सिर्फ कैप्टन स्मित की वजह से। कैप्टन स्मित मच्छार मूल रूप से मुंबई के हैं। उन्होंने 2011 में स्पाइसजेट से अपना करियर शुरू किया। 11 साल तक लाइन-ट्रेनिंग कैप्टन और सीनियर कमांडर रहे। जून 2022 में वे फ्लाईदुबई में डायरेक्ट-एंट्री कैप्टन बने। उनके पास बोइंग 737 पर 9750 घंटे से ज्यादा का अनुभव है। कभी परिवार के टेक्सटाइल बिजनेस के लिए मैनेजमेंट पढ़ने वाले स्मित ने एक एविएशन सेमिनार में अपना जुनून पहचाना और आज वे दुनिया के लिए मिसाल बन गए। भारत से लेकर इजरायल तक सलाम...! इस दिलेरी ने दो देशों के प्रधानमंत्रियों को एक मंच पर ला दिया। भारतीय पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि -भारत को कैप्टन मच्छार पर गर्व है। वहीं इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने उन्हें 'सच्चा हीरो' बताया। उन्होंने 174 लोगों की जान बचाई। वे एक सच्चे हीरो हैं। इजरायल के विदेश मंत्रालय ने भी कहा - 'इंडियन, इजरायली, एमिराती - अलग-अलग राष्ट्रीयता, पर एक असाधारण साहस का कार्य। क्रिकेट के भगवान सचिन तेंदुलकर ने कहा -ए ट्रू रियल लाइफ हीरो, तो सुरेश रैना ने उन्हें 'गुजरात का भूमिपुत्र' कहकर गर्व जताया। गुजरात सरकार ने उन्हें 'गुजरात गौरव पुरस्कार' देने की घोषणा की है। आज कैप्टन स्मित अबू धाबी के अस्पताल में भर्ती हैं। भारतीय दूतावास के अनुसार वे खतरे से बाहर हैं। तेजी से स्वस्थ हो रहे हैं। यह कहानी हमें सिखाती है कि वर्दी सिर्फ नौकरी नहीं, जिम्मेदारी है। कैप्टन स्मित ने जब कॉकपिट का दरवाजा खोला, तो उन्होंने सिर्फ दरवाजा नहीं, 174 परिवारों के लिए जिंदगी का दरवाजा खोल दिया। यही सबसे बड़ी बात है, जिसे दुनिया अब समझ रही है। कैप्टन स्मित मच्छार ने 9/11 जैसी त्रासदी रोक दी ...! इजरायली पीएम नेतन्याहू ने इसीलिए कहा - उन्होंने एक भयावह हवाई त्रासदी को ताल दी ।" फर्क सिर्फ इतना है, 9/11 में हमले के बाद हीरो बने, यहां कैप्टन स्मित ने हमले को ही हीरोइज्म में बदल दिया। इसीलिए आज भारत ही नहीं, तेल अवीव की सड़कों पर भी लिखा है –"थैंक यू ,कैप्टन स्मित –यू आर रियल आयरन डोम इन द स्काइ" सचमुच, कैप्टन स्मित की दिलेरी को सलाम... !

(लेखक कुशाभाऊ ठाकरे पत्रकारिता एवं जनसंचार विवि के कुलपति हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

हर अपराधी में होता है सहायता के लिए पुकारता एक इंसान



संकलित
दर्शन

विश्वास और संवाद का टूटना ही सभी संघर्षों को जन्म देता हैं। लेकिन जब किसी को यह महसूस होता है कि उसे समझा जा रहा है, तो वह सुनना शुरू करता है और सबसे कठोर हृदय भी धीरे-धीरे पिघलने लगता है। गहरी समझ यह है कि हर अपराधी के भीतर एक पीड़ित छिपा होता है, जो सहायता के लिए पुकार रहा होता है, एक ऐसी चोट जो देखभाल चाहती है। यदि आप उन्हें ठीक होने में सहायता करें और यह अनुभव दें कि उनकी बात को सुना जा रहा है तो अपराधी स्वतः ही विलीन हो जाता है। करुणा, प्रज्ञा और वैराग्य का अंतर्संबंध यदि आप मेरी दृष्टि से देखें, तो वे सभी सुंदर हैं। यह सब समझने, सुनने और करुणामय होने की बात है। करुणा कोई ऐसी चीज नहीं है जिसे हम मांगें या जिसके लिए किसी के कहने का इंतजार करें।

करुणा हमारा स्वभाव है, हमारी मूल प्रकृति। करुणा को सशक्त बनाए रखने के लिए उसके साथ दो और गुणों का होना आवश्यक है-प्रज्ञा और वैराग्य। यदि इनमें से कोई एक भी अनुपस्थित हो, तो करुणा अपनी शक्ति खो देती है। प्रश्न उठता है कि कोई व्यक्ति करुणामय होते हुए भी विरक्त कैसे रह सकता है।

जरूरतमंदों की मदद ही सबसे बड़ी सेवा



संकलित
प्रेरणा

एक वैद्य गुरु गोविंद सिंह के दर्शन के लिए आनन्दपुर गया। वहाँ गुरुजी से मिलने पर उन्होंने कहा कि जाओ और जरूरतमंदों को सेवा करो। वापस आकर वह रोगियों की सेवा में जुट गया। शीघ्र ही वह पूरे शहर में प्रसिद्ध हो गया। एक बार गुरु गोविंद सिंह स्वयं उसके घर पर आए। वह बहुत प्रसन्न हुआ, लेकिन गुरुजी ने कहा कि वे कुछ देर ही ठहरेंगे। तभी एक व्यक्ति भागता हुआ आया और बोला- वैद्य जी, मेरी पत्नी की तबियत बहुत खराब है। जल्दी चलिए अन्यथा बहुत देर हो जाएगी। वैद्य जी असमंजस में पड़ गए। एक ओर गुरु थे, जो पहली बार उनके घर आए थे। दूसरी ओर एक जरूरतमंद रोगी था। अंततः वैद्यजी ने कर्म को प्रधानता दी और इलाज के लिए चले गए। लगभग दो घण्टे के इलाज और देखभाल के बाद रोगी की हालत में सुधार हुआ। तब वे वहाँ से चले, उदास मन से उन्होंने सोचा कि गुरुजी के पास समय नहीं था। अबतक तो वे चले गए होंगे फिरभी वैद्यजी भागते हुए वापस घर पहुँचे। घर पहुँचकर उन्हें घोर आश्चर्य हुआ। गुरुजी बैठे उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। वैद्यजी उनके चरणों पर गिर पड़े। गुरु गोविंद सिंह जी ने उन्हें गले से लगा लिया और कहा- तुम मेरे सच्चे शिष्य हो। सबसे बड़ी सेवा जरूरतमंदों की मदद करना है।

अंतर्मन



आज की पाती

खादी से स्वदेशी और स्वरोजगार की राह

महात्मा गांधी ने देश को आजाद कराने के लिए स्वदेशी अपनाओ पर भी जोर दिया था। उन्होंने देश में स्वदेशी को बढ़ावा देने के लिए ऊन, रेशम और सूत के धागों को कात कर खादी को बढ़ावा देने के लिए काम किया था। पहले तो खादी को हाथ से चरखा कात कर तैयार किया जाता था, हालांकि अब इसके लिए मशीनें भी आ गई है। महात्मा गांधी ने उस समय खादी के निर्माण को रोजगार का भी बहुत अच्छा साधन माना था। महात्मा गांधी ने खादी के लिए कहा था कि 'मैं स्वराज का विक्रेता हूं और मैं खादी का भक्त हूं। मेरा लोगों को हर ईमानदारी से खादी पहनने के लिए प्रेरित करना प्रथम कर्तव्य है।' – **मोहन विश्वकर्मा**, धमतरी

ट्रेंड

परवीन को बधाई



एशियन गेम्स 2026 में महिलाओं के 65 किलो बॉक्सिंग इवेंट में गोल्ड मेडल जीतने पर परवीन को बधाई। आपकी कड़ी मेहनत और लगन से मिली यह जीत इतिहास में दर्ज हो गई है और हर भारतीय को आप पर गर्व है। -**अमित शाह**, केंद्रीय गृहमंत्री

गर्व की बात



हर भारतीय के लिए यह गर्व की बात है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने वैश्विक शांति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों की सराहना की है। आज दुनिया भारत की ताकत देख रही है, भारत की आवाज सुन रही है और शांति के लिए भारत के प्रयासों को स्वीकार कर रही है।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

बापू का संदेश



सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए, बापू ने देश को आजादी का रास्ता दिखाया। आज, जब समाज में बंटवारे की कोशिशें दिखाई दे रही है, तब बापू का सत्य, अहिंसा, निर्भयता, सद्भाव और सर्व-कल्याण का संदेश हमें और भी मज़बूत बनाता है।
- **हेमंत सोरेन**, सीएम, झारखंड

चुनाव आयोग



देश के युवा अपने वोट और संविधान की रक्षा के लिए सड़कों पर हैं। वोटर लिस्ट और चुनाव प्रक्रिया पर उठ रहे गंभीर सवालों के बीच चुनाव आयोग अपनी जवाबदेही से बच नहीं सकता। वोट की चोरी अब और बर्दाश्त नहीं की जाएगी; मुख्य चुनाव आयुक्त को इस्तीफा देना ही होगा।
- **कुमारी सैलजा**, सांसद, कांग्रेस

करंट अफेयर

हेगसेथ ने पेंटागन में धार्मिक मामलों का कार्यालय बनाया



अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने पेंटागन में धार्मिक मामलों का एक नया कार्यालय शुरू किया है, जो सीधे उन्हें रिपोर्ट करेगा। यह उनके कार्यकाल में धर्म से जुड़ा नवीनतम सुधार है। हेगसेथ ने बुधवार को एक भाषण में कहा कि यह कार्यालय ' 'उच्चस्तरीय धार्मिक सहायता'' उपलब्ध कराने में मदद करेगा। उन्होंने कहा, ' 'जब हम भौतिक युद्ध लड़ रहे हैं, तो हम सभी जानते हैं कि असली लड़ाई आध्यात्मिक है।'' पेंटागन के अनुसार, धार्मिक मामलों का कार्यालय (ओआरए) सैन्य पादरियों और धार्मिक सहायता के लिए रक्षा विभाग के उच्चतम स्तर पर काम करेगा। हालांकि, यह किसी को धार्मिक गतिविधियों में शामिल होने के लिए बाध्य नहीं करेगा, किसी एक धर्म को प्राथमिकता नहीं देगा और किसी भी धर्म को मानने या न मानने वाले सैन्यकर्मियों के अधिकारों को कम नहीं करेगा। इस पहल की आलोचना भी हुई है। चर्च और राज्य को अलग-अलग रखने के लिए काम करने वाले संगठन 'अमेरिकन्स यूनाइटेड फॉर सेपरेशन ऑफ चर्च' की प्रमुख रेचल लेजर ने कहा कि रक्षा विभाग का दायित्व सैन्यकर्मियों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह पहल अमेरिकी सैन्य नीति में ईसाई धर्म की भूमिका बढ़ाती है।

ऑफ बीट

क्या वाकई में 'राइट-ब्रेन' वाले लोग ज्यादा रचनात्मक होते हैं?



क्या आप तार्किक हैं, बारीकियों पर ध्यान देते हैं या गणित में अच्छे हैं? तो संभव है कि आपको 'लेफ्ट-ब्रेन' वाला कहा जाए। वहीं, रचनात्मक, कलात्मक और सहज-बोध वाले लोगों को अक्सर 'राइट-ब्रेन' वाला माना जाता है। हालांकि वैज्ञानिक शोध इस लोकप्रिय धारणा का समर्थन नहीं करता कि किसी व्यक्ति का व्यक्तित्व या रचनात्मकता मुख्य रूप से मस्तिष्क के एक हिस्से पर निर्भर करती है, लेकिन इस पर बहस भी नहीं थमती। यह विचार लंबे समय से रहा है कि कुछ लोगों के मस्तिष्क का बायां हिस्सा अधिक प्रभावी होता है, जबकि कुछ लोगों का दायां हिस्सा। माना जाता है कि यही अंतर उनकी सोचने की शैली और व्यक्तित्व को तय करता है। लेकिन इस धारणा की शुरुआत मस्तिष्क के दोनों हिस्सों के वास्तविक अंतर से हुई थी। 1860 के दशक में फ्रांसीसी चिकित्सक पॉल ब्रॉका ने पाया कि बोलने की क्षमता मुख्य रूप से मस्तिष्क के बाएं हिस्से से जुड़ी है। इससे पहली बार यह संकेत मिला कि मस्तिष्क के दोनों हिस्सों की अलग-अलग भूमिकाएं हो सकती हैं। अध्ययनों से पता चला कि बायां हिस्सा भाषा जैसे कार्यों में अधिक विशेषज्ञ है, जबकि दायां हिस्सा भावनात्मक और गैर-मौखिक सूचनाओं के प्रसंस्करण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। मस्तिष्क के कार्यों का इस तरह अलग-अलग हिस्सों में केंद्रित होना केवल इंसानों तक सीमित नहीं है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से aapkepatra.haribhoomi@gmail.com पर भेज सकते हैं।

खबर संक्षेप



बीमा कंपनी ने खारिज किया क्लेम अब चुकाने होंगे 1 करोड़ रुपए

कोलकाता। अगर किसी व्यक्ति ने लाइफ इंश्योरेंस करवाया हो और पॉलिसीधारक की मौत हो जाए, फिर इंश्योरेंस कंपनी क्लेम खारिज कर दें तो ऐसी स्थिति में परिवार क्या करेगा? कुछ ऐसा ही एक मामला कोलकाता से सामने आया है, जहां पर जिला उपभोक्ता आयोग ने लाइफ इंश्योरेंस कंपनी को पॉलिसीधारक के बेटे को 1 करोड़ रुपए का भुगतान करने का निर्देश दिया है। आयोग ने कंपनी को 99.41 लाख के साथ 50 हजार रुपए मुआवजा और 10 हजार रुपए कानूनी खर्च का देने को कहा। मामले पर आयोग का कहना है कि क्लेम को बिना किसी सबूत के खारिज करना कंपनी की सेवा में कमी है।

पूर्वी चंपारण में 4 बच्चियों की डूबने से मौत

मोतिहारी। बिहार के पूर्वी चंपारण जिले में शुक्रवार सुबह तालाब में नहाने के दौरान चार बच्चियों की डूबने से मौत हो गई। यह घटना जिले के पहाड़पुर थाना क्षेत्र के इनरवाभार पंचायत के बांकट गांव में साढ़े नौ बजे हुई। मृतकों की पहचान बांकट गांव निवासी सोनावती कुमारी, उसकी बहन फूलवती , सोनाली और प्रतिभा के रूप में हुई है।

आत्मसम्मान से मरूं कांग्रेस से इस्तीफा

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत सरकार में कैबिनेट मंत्री रहे विश्वेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया। यह फैसला उन्होंने प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा पर आरोप लगाने और भरतपुर-डीग की पार्टी इकाइयों पर निकाय चुनाव में असल पार्टी कार्यकर्ताओं को नजरअंदाज करने का आरोप लगाने के बाद लिया।

शिप्रा एक्स.में किन्नरों ने यात्री को पीटा, नीचे फेंका

प्रयागराज। उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत स्टेशन शंकरगढ़ पर शुक्रवार को किन्नरों ने यात्री युवक की पिटाई करके ट्रेन से नीचे फेंक दिया। इससे उसका पैर टूट गया और गंभीर चोट आई। चिकित्सक ने हालत गंभीर देख यात्री को प्रयागराज रेफर किया। शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के आगे तालापार गांव के पास घायल यात्री की सूचना ड्यूटी कर रही महिला ने दी।

राम मंदिर के हर कर्मचारी के बैकग्राउंड की भी की जाएगी जांच

एजेंसी ▶▶| अयोध्या

उत्तर प्रदेश के अयोध्या में राम मंदिर की सुरक्षा को लेकर बड़ा फैसला लिया गया है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने मंदिर में काम करने वाले सभी कर्मचारियों का 100 फीसदी वेरिफिकेशन कराने का फैसला किया है। इसमें पुलिस वेरिफिकेशन भी शामिल है।

कर्मचारियों को पुलिस की ओर से जारी कैरेक्टर सर्टिफिकेट भी देना होगा। ट्रस्ट ने कर्मचारियों से जुड़ी पूरी जानकारी मांगी है। इसमें उनके परिवार के सदस्यों और रिश्तेदारों की जानकारी भी शामिल है। अब मंदिर में काम करने वाले कर्मचारियों के बैकग्राउंड की भी जांच की जाएगी इसके लिए पुलिस वेरिफिकेशन और चरित्र प्रमाण पत्र जरूरी होगा।

चढ़ावा चोरी के बाद कई स्तर पर बदलाव

दरअसल, जून में मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मामला सामने आया था। इस मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था. सभी आरोपी फिलहाल जेल में हैं। पिछले हफ्ते इस मामले में 70 हजार पन्नों की चार्जशीट भी दाखिल की गई थी। इसके बाद मंदिर प्रशासन में सुरक्षा और निगरानी को लेकर कई स्तर पर बदलाव किए जा रहे हैं।

100 प्रतिशत पुलिस वेरिफिकेशन कैरेक्टर सर्टिफिकेट, फैमिली डिटेल देना अनिवार्य

कर्मियों की पूरी जानकारी जुटाएगा ट्रस्ट

ट्रस्ट की ओर से कर्मचारियों के परिवार और रिश्तेदारों की जानकारी भी मांगी गई है। इसके जरिए कर्मचारियों की पृष्ठभूमि को बेहतर तरीके से समझने की कोशिश होगी। मंदिर प्रशासन सुरक्षा से जुड़े इंतजामों को और मजबूत कर रहा है। यह फैसला मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मामला सामने आने के बाद लिया गया है।



नए सीईओ मिश्रा के नेतृत्व में संपूर्ण प्रक्रिया

कर्मचारियों के वेरिफिकेशन की प्रक्रिया मंदिर के नए मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिटायर्ड एयर मार्शल जितेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में हो रही है। उन्होंने पिछले महीने ही पद संभाला है। मंदिर प्रशासन में बड़े स्तर पर बदलाव भी किए गए हैं। ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय और ट्रस्ट के सदस्य अनिल मिश्रा और गोपाल राव को उनकी जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया गया है। ट्रस्ट के सदस्य दिनेंद्र दास ने कहा कि ट्रस्ट की ओर से लिए गए फैसले सभी को स्वीकार होंगे।

बदलाव का मकसद व्यवस्थाओं को मजबूत करना : दिनेंद्र दास

ट्रस्ट के सदस्य दिनेंद्र दास ने कहा मंदिर में पूजा-पाठ की व्यवस्था सुचारू रूप से चल रही है। दान की व्यवस्था भी ठीक तरीके से चल रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंच रहे हैं। मंदिर प्रशासन अब कर्मचारियों की निगरानी बढ़ाने के साथ श्रद्धालुओं की सुविधाओं पर भी ध्यान दे रहा है। ट्रस्ट की ओर से मंदिर प्रशासन में किए जा रहे बदलावों का मकसद सुरक्षा और व्यवस्थाओं को मजबूत करना बताया गया है।

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को अवैध ढांचों,अतिक्रमण को हटाने को कहा

आखिरी बार 8 सप्ताह का समय दे रहे वरना करेंगे अब अवमानना की कार्रवाई

बिहार सरकार को फटकार लगाई और कहा अब समय नहीं देंगे

कोर्ट ने कहा कि अगर निर्देशों का पालन नहीं हुआ, तो हमें बिहार के मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को तलब करेंगे और अवमानना की कार्रवाई हो सकती है।

नौजर घाट से नूरपुर घाट के बीच गंगा के बाढ़ क्षेत्र में कार्रवाई करें



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने बिहार सरकार को पटना में नौजर घाट से नूरपुर घाट के बीच गंगा के बाढ़ क्षेत्र में बने सभी अवैध ढांचों और अतिक्रमण को हटाने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि 21 जुलाई को शीर्ष अदालत ने राज्य को 6 सप्ताह का समय दिया था, ताकि नौजर घाट से नूरपुर घाट के बीच गंगा के बाढ़ क्षेत्र में मौजूद अवैध निर्माण और अतिक्रमण को हटाया जा सके। 28 सितंबर को बिहार के महाधिवक्ता एसडी संजय ने पीठ को बताया कि शीर्ष अदालत के निर्देशों का आंशिक पालन हुआ है।

हालांकि उन्होंने कहा कि नेपाल में आई हालिया प्राकृतिक आपदा के कारण गंगा नदी का जलस्तर बढ़ गया, जिससे यह पूरा इलाका जलमग्न हो गया और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई आगे बढ़ाना मुश्किल हो गया। इस पर पीठ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि हम अंतिम बार 8 सप्ताह का समय देते हैं। अगर निर्देशों का पालन नहीं हुआ, तो हमें बिहार के मुख्य सचिव और अन्य अधिकारियों को तलब करेंगे और अवमानना की कार्रवाई हो सकती है।

हस्तक्षेप करने पर देने होंगे स्वामित्व के दस्तावेज

अदालत ने साफ किया कि अगर कोई हस्तक्षेपकर्ता अभ्यावेदन देता है, तो उसे भूमि के स्वामित्व से जुड़े सभी दस्तावेज, निर्माण की स्वीकृति और अन्य आवश्यक अनुमतियां संलग्न करनी होंगी। कोर्ट ने अवैध निर्माण को गंभीर चिंता का विषय बताया था और 6 सप्ताह में नौजर से नूरपुर घाट तक के बीच सभी अतिक्रमण हटाने का निर्देश दिया था।

एनजीटी के आदेश के खिलाफ याचिका दी

पीठ ने कहा कि अगली सुनवाई पर हम अतिक्रमण हटाने को लेकर पूर्ण अनुपालन रिपोर्ट चाहते हैं। इसके बाद कोई और समय नहीं दिया जाएगा। शीर्ष अदालत राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) के जून 2020 के उस आदेश को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील बाढ़ क्षेत्र में अवैध निर्माण और स्थायी अतिक्रमण के खिलाफ दायर याचिका खारिज कर दी गई थी। 28 सितंबर के आदेश में पीठ ने यह भी कहा कि मामले में कुछ हस्तक्षेप याचिकाएं दाखिल की गई हैं, जिनमें दावा किया गया है कि निर्माण उनकी निजी जमीन पर है और वह बाढ़ क्षेत्र में नहीं आता। पीठ ने कहा कि ऐसे हस्तक्षेपकर्ता सक्षम प्राधिकारी के समक्ष आवेदन दे सकते हैं।



सिब्बल ने यह दलील दी

राज्य सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने दलील दी कि सीआईडी पहले से ही मामले की जांच कर रहा है और जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच कर रहे सीआईडी अधिकारियों के खिलाफ कोई विशिष्ट आरोप नहीं हैं, जिससे नए सिरे से जांच की जरूरत हो। उन्होंने उच्च न्यायालय द्वारा राज्य सरकार के सुझाव लिए बिना एसआईटी के सदस्यों का चयन किए जाने पर भी आपत्ति जताई। उन्होंने एसआईटी में कारागार महानिदेशक एवं महानिरीक्षक आलोक कुमार को शामिल किए जाने का भी उल्लेख किया।

हाईकोर्ट ने एसआईटी गठन का दिया था आदेश

उच्च न्यायालय ने पशु चिकित्सकों की भर्ती में केपीएससी की जांच के लिए एसआईटी गठित करने का आदेश दिया था। कोर्ट ने कुमार की अध्यक्षता में एसआईटी गठित करने और सीआईडी तथा संबंधित क्षेत्र के पुलिस थाने के पास मौजूद साक्ष्य एसआईटी को सौंपने का निर्देश दिया था। केपीएससी तब जांच के दायरे में आया था, जब राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने उसके अध्यक्ष शिवशंकरप्पा एस. साहूकार को निलंबित कर दिया था।

न्यायालय ने कर्नाटक के केपीएससी भर्ती अनियमितता पर कहा

एसआईटी के गठन, नए सिरे से जांच पर रोक लगाई, 12 अक्टूबर तक जवाब दें



उच्चतम न्यायालय ने कर्नाटक लोक सेवा आयोग (केपीएससी) की पशु चिकित्सा अधिकारी भर्ती में कथित अनियमितताओं की नए सिरे से जांच करने और एसआईटी गठित करने के कर्नाटक उच्च न्यायालय के निर्देश पर रोक लगा दी है। न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा और न्यायमूर्ति विजय बिश्नोई की पीठ ने नोटिस जारी किया है। सरकार ने उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती दी है। कोर्ट ने 12 अक्टूबर तक राज्य सरकार से जवाब मांगा है।

एसआईटी में आपत्ति हो तो हलफनामा दाखिल करें

राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह एसआईटी में नियुक्त अधिकारियों पर यदि कोई आपत्ति हो तो उसका उल्लेख करते हुए अतिरिक्त हलफनामा सीलबंद लिफाफे में दाखिल करे। राज्य सरकार जांच टीम के लिए वैकल्पिक नाम भी सुझा सकती है। उसने स्पष्ट किया कि अंतरिम रोक उच्च न्यायालय के फैसले के कुछ पैराग्राफ पर लागू होगी।

यूपी में कांग्रेस मांग रही 150 सीट, सपा ने सिर्फ 55 देने का दिया ऑफर

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर सभी दल अपनी-अपनी तैयारियों में लगे हुए हैं। इंडिया गठबंधन और एनडीए में सीट शेयरिंग अभी तय नहीं है लेकिन गठबंधन के सहयोगी ज्यादा से ज्यादा सीट लेने के लिए दबाव बनाना शुरू कर दिए हैं। कांग्रेस के नेता कह रहे हैं कि उनकी पार्टी कम से कम 150 सीट पर चुनाव लड़ना चाह रही है। हालांकि समाजवादी पार्टी ज्यादा सीट देने के मूड में नजर नहीं आ रही है। सपा सांसद एसपी सिंह पटेल ने कहा है कि कांग्रेस को 150 सीट देना अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने के बराबर है।

सपा 350 सीटों में उम्मीदवार उतारेगी

यूपी में कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद कई बार सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं कि उनकी पार्टी कम से कम 150 सीटों पर चुनाव लड़ना चाह रही है। वहीं सपा गठबंधन के तहत कांग्रेस को 53 से 55 सीट देने का ऑफर कर रही है और सपा खुद 350 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारने की तैयारी कर रही है। सपा का कहना है कि जहां पर वह मजबूत है, वहां अपने उम्मीदवार उतारेगी।



■ अखिलेश यादव के इस रुख से कांग्रेस में चिंता की लकीरें

सपा से 150 सीट मांग रही है कांग्रेस

यूपी में कांग्रेस के प्रभारी राजेंद्र पाल गौतम और सहारनपुर से सांसद इमरान मसूद कई बार सार्वजनिक तौर पर कह चुके हैं कि उनकी पार्टी कम से कम 150 सीटों पर चुनाव लड़ना चाह रही है। वहीं सपा सांसद एसपी सिंह पटेल ने कहा है कि कांग्रेस को 150 सीट देना अपने पैर पर कुल्हाड़ी मारने के बराबर है।

पिछले चुनाव से सपा ने लिया सबक

सूत्रों ने बताया कि साल 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की 6 सीट पर जीत हुई थी। इसमें 30 विधानसभा सीट आती है और 11 सीट कांग्रेस हारी थी, जिसमें कांग्रेस की लड़ी सीटों पर विधानसभा वार मिली जीत के आधार पर सपा कांग्रेस को 53 से 55 सीट ऑफर कर रही है। 2024 में सपा को 37 सीट पर मिली जीत और हारी लोकसभा सीट सब जोड़कर मिली बढ़त के आधार पर सपा की 350 सीट पर लड़ने की तैयारी कर रही है।

अमरावती में भीषण टक्कर, 7 की मौत

अमरावती। महाराष्ट्र के अमरावती में समृद्धि हाईवे पर गुरुवार को एक ट्रक और टेंपो पिकअप के बीच टक्कर हो गई। इसमें 7 लोगों की मौत हो गई और 19 दूसरे घायल हो गए। यह हादसा धामनगांव रेलवे स्टेशन के पास हुआ। टेंपो में श्रद्धालु सवार थे जो राज्य के बुलढाणा में मौजूद मशहूर तीर्थस्थल शेगांव से दुर्गा प्रतिमा लेकर वर्धा जा रहे थे, तभी ट्रक से टक्कर हुई।

तरनतारन में 2 पाक घुसपैठिए ढेर, चेतावनी के बाद फायरिंग

एजेंसी ▶▶| तरनतारन



भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा पर खालड़ा क्षेत्र में गुरुवार देर रात घुसपैठ की बड़ी कोशिश को सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों ने नाकाम कर दिया। राजोके बीओपी के पास भारतीय क्षेत्र में दाखिल होने का प्रयास कर रहे दो घुसपैठियों को बीएसएफ जवानों ने मार गिराया।

दोनों की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। घटना के बाद शुक्रवार को सुरक्षा बलों ने पूरे इलाके में सघन तलाशी अभियान शुरू कर दिया। जानकारी के अनुसार, गुरुवार रात करीब 12:35 बजे राजोके बीओपी पर तैनात बीएसएफ जवानों को सीमा पार से संदिग्ध गतिविधि महसूस हुई। नाइट विजन कैमरों के माध्यम से निगरानी करने पर जवानों ने पाकिस्तान की तरफ से तीन से चार संदिग्ध व्यक्तियों को भारतीय क्षेत्र की ओर बढ़ते देखा। जवानों ने उन्हें रुकने की चेतावनी दी, लेकिन संदिग्ध आगे बढ़ते रहे। इसके बाद बीएसएफ जवानों ने फायरिंग की, जिसमें दो घुसपैठिए मारे गए।

भाजपा का 'पीसी' कार्यालय पर धरना

अवमानना पर सीएम डीके पर एफआईआर दर्ज हो, अरेस्ट करें

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

कर्नाटक में भाजपा ने बेंगलुरु पुलिस आयुक्त कार्यालय की सीढ़ियों पर धरना देकर सीएम डीके शिवकुमार और कैबिनेट के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की और आरोप लगाया कि उन्होंने मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर कोर्ट के आदेश का उल्लंघन किया है। प्रदेश अध्यक्ष बीवाई विजयेंद्र, विपक्ष के नेता आर अशोक भी थे।



हाईकोर्ट की अवमानना की

शिवकुमार ने सहयोगियों के साथ सीईओ कार्यालय के बाहर धरना दिया था। एसआईआर के दौरान फॉर्म-7 के कथित दुरुपयोग की जांच और इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की थी। भाजपा ने आरोप लगाया कि शिवकुमार ने अधिकारी के यहां प्रदर्शन कर कर्नाटक उच्च न्यायालय के आदेश का उल्लंघन किया।

फर्जी पीएमओ अधिकारी महिला, दिल्ली में गिरफ्तार, बंगाल सचिवालय में मंत्री से मिली थी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दिल्ली में स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय की एक उच्च पदस्थ अधिकारी बनकर पश्चिम बंगाल के अति सुरक्षित राज्य सचिवालय 'नबन्ना' में प्रवेश करने वाली महिला को गिरफ्तार कर लिया गया है। महिला की पहचान 30 वर्षीय अकांक्षा विद्यार्थी के तौर पर हुई है, जिसने बुधवार दोपहर को झूठे बहाने बनाकर नबन्ना में लोक निर्माण मंत्री अजय पोद्दार से मुलाकात की थी। विद्यार्थी सुरक्षा घेरा तोड़कर मंत्री के कार्यालय में घुसने में कामयाब रही थी, जो कड़ी सुरक्षा वाला परिसर है।

अचानक सचिवालय से गायब हो गई थी महिला

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बातचीत के दौरान, पोद्दार को उसके असंगत बयानों पर संदेह होने लगा और उसने उसकी योग्यता पर सवाल उठाना शुरू कर दिया। जब महिला को एहसास हुआ कि उसकी पहचान उजागर हो गई है, तो वह अचानक परिसर छोड़कर चली गई। मंत्री के कर्मचारियों ने तुरंत कानून प्रवर्तन अधिकारियों को सूचित किया, जिसके बाद शिबपुर पुलिस ने जांच शुरू की। हालांकि, तब तक विद्यार्थी पहले ही दिल्ली के लिए उड़ान भर चुकी थीं।

दिल्ली में अपने घर से गिरफ्तार हुई महिला

शिबपुर पुलिस ने 30 सितंबर को धोखाधड़ी, लोक सेवक का रूप धारण करने और जाली दस्तावेजों का प्रयोग करने समेत कई आरोपों में मामला दर्ज किया है। महिला को खोजने के लिए एक टीम बंगाल से दिल्ली आई थी, जिसने गुरुवार रात को मध्य दिल्ली में उसे घर से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस महिला को कोलकाता लाने के लिए ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर रही है। पुलिस जांच कर रही है कि क्या महिला कोलकाता में किसी से मिली थी।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना

(1) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-75-26-27 दिनांकः 30.09.2026
कार्य का नामः- 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिये रायपुर डिवीजन के ऐ.डी.ई. एन/भाटापारा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सफेदी, रंग रोदन, पेंटींग एवं पानी की आपूर्ति के लिये जोनल कार्यों का निस्पादन।
निविदा मूल्यः 1,21,85,596/-
ईएमडीः 2,43,700/-

(2) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-76-26-27 दिनांकः 30.09.2026
कार्य का नामः- 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिये रायपुर डिवीजन के ऐ.डी.ई. एन./भाटापारा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सिविल जोनल कार्यों का निस्पादन।
निविदा मूल्यः 1,97,09,068/-
ईएमडीः 3,94,200/-

(3) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-77-26-27 दिनांकः 30.09.2026
कार्य का नामः- 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिये रायपुर डिवीजन के सिनियर डी.ई.एन./I/ रायपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सर्विस रोड एवं कालोनी रोड के मरम्मत हेतु जोनल कार्यों का निस्पादन।
निविदा मूल्यः 1,38,12,563/-
ईएमडीः 2,76,300/-

(4) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-78-26-27 दिनांकः 30.09.2026
कार्य का नामः- 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिये रायपुर डिवीजन के ए.डी.ई. एन./I/ भिलाई के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सफेदी, रंग रोदन, पेंटींग एवं पानी की आपूर्तिके लिये जोनल कार्यों का निस्पादन।
निविदा मूल्यः 1,38,15,522/-
ईएमडीः 2,76,300/-

(5) निविदा सूचना संख्याः ई-आर-टी-79-26-27 दिनांकः 30.09.2026
कार्य का नामः- 30.06.2027 को समाप्त होने वाली अवधि के लिये रायपुर डिवीजन के ए.डी.ई. एन./I/ भिलाई के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सिविल कार्यों एवं जंगल सफाई के लिये जोनल कार्यों का निस्पादन। **निविदा मूल्यः 1,50,78,245/-, ईएमडीः 3,01,600/-, निविदा प्रस्तुत करनाः 11.00 बजे तक दिनांक 27.10.2026, निविदा खोलनाः 11.00 बजे दिनांक 27.10.2026.**
विस्तृत विवरण/निविदा दस्तावेज की खरीद, पात्रता मानदंड एवं उपरोक्त कार्य के पूर्ण विवरण हेतु कृपया वरिष्ठ मंडल इंजीनियर, समन्वय/ एसईसीआर रायपुर के कार्यालय से संपर्क करें अथवा हमारे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेजों का अवलोकन/ डाउनलोड करें। *वरिष्ठ मंडल अभियंता-I*
पीआर/आर/इंजी./एएन/222 द.पू.म.रे., रायपुर
South East Central Railway @secrail

फिर भड़क सकता है युद्ध...! अमेरिका ने तीसरा युद्धपोत पश्चिम एशिया भेजा, 6,000 लोग, 85 विमान हो सकते हैं तैनात

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिका और ईरान के बीच लंबे समय से जारी गतिरोध और भड़क सकता है। हाल ही में कुछ रिपोर्टें सामने आई थीं कि अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने के बाद राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ईरान पर नए सिरे से हमला करने की योजना बना रहे हैं। अब अमेरिका अपने युद्धपोत यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट को पश्चिम एशिया भेज रहा है। इस पर करीब 9,000 सैनिक भी हैं।

क्या है युद्धपोत की खासियत? : ये 2 परमाणु रिएक्टर से चलता है। इस वजह से लंबे समय तक समुद्र में रह सकता है। इसमें 65-85 फिक्स्ड-विंग और रोटरी एयरक्राफ्ट तैनात किए ज सकते हैं, जिनमें एफए-18 सुपर हॉर्नेट, ई-2डी हॉक आई और एमएच-60 हेलीकॉप्टर शामिल हैं। ये अधिकतम 56 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तैर सकता है। युद्धपोत में 6 अत्याधुनिक रडार लगे हुए हैं।इसमें सी स्पैरो और आरआईएम -116 रोलिंग एयरफ्रेम जैसी मिसाइल प्रणालियां भी हैं।



पश्चिम एशिया में होंगे 3 अमेरिकी युद्धपोत : यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट 7 सितंबर को कैलिफोर्निया के सैन डिएगो से रवाना हुआ है। इसके साथ कैरियर स्ट्राइक ग्रुप 9 भी तैनात किया गया है। इस समूह में विमानवाहक पोत के अलावा लड़ाकू विमान और दूसरे युद्धपोत शामिल हैं।

332 मीटर लंबा और 76.8 मीटर चौड़ा है युद्धपोत

यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट 332 मीटर लंबा और 76.8 मीटर चौड़ा है। पूरी तरह लोड होने पर इसका विस्थापन लगभग 1.04 लाख टन होता है। इसके फ्लाइट डेक का क्षेत्रफल करीब 4.50 एकड़ है, जिस पर एक साथ 65 से लेकर 85 लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर तैनात किए जा सकते हैं। इस पर चालक दल के 3,200 सदस्यों और वायु सेना के करीब 2,400 सदस्यों के रहने की क्षमता है।

क्या है अमेरिकी यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट

यूएसएस थियोडोर रूजवेल्ट निमित्ज श्रेणी का चौथा युद्धपोत है। ये परमाणु ऊर्जा से चलता है। अमेरिका के 26वें राष्ट्रपति थियोडोर रूजवेल्ट के सम्मान में इसका नाम रखा गया है। इसे 25 अक्टूबर 1986 को अमेरिकी नौसेना में शामिल किया गया था। इसने 1991 में खाड़ी युद्ध के दौरान पहली बार कार्रवाई में भाग लिया था। ये अरब सागर, फारस की खाड़ी, लाल सागर और भूमध्य सागर समेत कई जगहों पर अभियानों में हिस्सा ले चुका है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायगढ़ (छ.ग.)

क्रमांक/ 3063/लो.क.वि/न.पा.नि./ 2026 रायगढ़, दिनांक 01.10.2026

निविदा आमंत्रण सूचना

नगर पालिक निगम, रायगढ़ क्षेत्रांतर्गत निम्नलिखित कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा प्रपत्र "अ" में पी.डब्लू.डी. के भवन / सड़क एस.ओ.आर. (प्रभावशील दिनांक 01.01.2015) कार्य हेतु प्रचलित दर अनुसूची पर वेबसाईट www.nagarnigamraigarh.com/ uad.cg.gov.in से निविदा प्रपत्र डाउनलोड कर पूर्ण रूप से भरकर निविदा प्रपत्र के साथ निर्धारित प्रपत्र शुल्क डी.डी. के माध्यम से दिनांक 23/10/26 को अपरान्ह 04:00 बजे तक स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक से मुहरबंद निविदाएं त्रि-लिफाफा पद्धति से आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनाँक 23/10/26 को अपरान्ह 04:30 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	कार्य की लागत (लाख)	अमानत राशि एवं प्रपत्र शुल्क (रू. में)
1	(पार्षद मद से) वार्ड कं.31 में अभय गुप्ता घर से अभिषेक यादव घर तक सी.सी. सड़क, आर.सी.सी. नाली एवं स्लैब निर्माण कार्य।	06.33	5,000/ 750

नोटः- कार्य का अन्य विवरण एवं नियम शर्ते कार्यालय में कार्यालयीन अवधि में देखा जा सकता है।

कार्यपालन अभियंता
न.पा.नि. रायगढ़

खबर संक्षेप

फांसी लगाकर दे दी जान, कारण अज्ञात

कांकेर। थाना कांकेर अंतर्गत भण्डारीपारा कांकेर निवासी 16 वर्षीय रिद्विमा यादव पिता हेमंत यादव ने अज्ञात कारणों के चलते 1 अक्टूबर को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जिला अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया कि मृतिका का मौत फांसी लगाने से हुआ है। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने बताया है कि मामले की जांच सभी बातों को ध्यान में रखकर की जा रही है।

जहर खाकर युवक ने दी जान, जांच शुरु

कांकेर। पखांजुर थानांतर्गत पीवी 67 सत्यनगर निवासी 42 वर्षीय समीर राय पिता प्रफुल्ल राय ने जहर खा लिया, जिसके कारण उसकी 1 अक्टूबर को मौत हो गई। मृतक के परिजन ने पुलिस को बताया कि मृतक ने जहर खा लिया था। इलाज के लिए सिविल अस्पताल पखांजुर में ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

सड़क हादसे में घायल युवक की मौत

बालोद/निकुम। अंडा थाना क्षेत्र के निकुम रेस्ट हाउस के पास बीते 29 सितंबर की शाम सड़क हादसे में घायल हुए 26 वर्षीय युवक नरेंद्र धनकर की इलाज के दौरान मौत हो गई। अंडा पुलिस के अनुसार नरेंद्र धनकर बाइक से अपने घर निकुम लौट रहे थें, इसी दौरान रेस्ट हाउस निकुम के पास सड़क किनारे गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद घायल नरेंद्र को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र निकुम ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए शंकराचार्य अस्पताल भिलाई रेफर किया गया। अस्पताल में उपचार के दौरान बीती रात में दम तोड़ दिया। घटना के बाद शव का पोस्टमार्टम दुर्ग में कराया गया। अंडा पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

बिना पंजीयन के क्लिनिक संचालन, बेंच पर मरीजों को चढ़ाई जा रही ड्रिप

हरिभूमि न्यूज ⏭ कसडोल

कसडोल विकासखंड के आदिवासी बाहुल्य ग्राम पुटपूरा में सिरपुर स्टेट हाईवे के किनारे कथित रूप से बिना वैध चिकित्सकीय पंजीयन निजी क्लिनिक संचालित किए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों के अनुसार, दुकाननुमा छोटे से परिसर में पैथोलॉजी जांच के साथ मरीजों का उपचार भी किया जा रहा है।

यहां आने वाले मरीजों की जांच करने के बाद उन्हें बेंच पर बैठाकर ड्रिप चढ़ाए जाने की बात भी सामने आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित व्यक्ति के पास मरीजों का उपचार करने के लिए आवश्यक चिकित्सकीय योग्यता एवं वैध पंजीयन है या नहीं, इसकी जानकारी ग्रामीणों को नहीं है। इसके बावजूद ग्रामीण उसे डॉक्टर समझकर उपचार कराने पहुंच रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं और जागरूकता की कमी के बीच इस तरह के कथित क्लिनिक का संचालन गंभीर चिंता का विषय बताया जा रहा है।

आरोप पर बीएमओ ने कहा - टीम गठित कर मामले की जांच कराई जाएगी







दुकाननुमा परिसर में जांच और इलाज

बताया जा रहा है कि एक ही परिसर में पैथोलॉजी जांच केंद्र के साथ मरीजों का इलाज भी किया जा रहा है। मरीजों को बेंच पर बैठाकर ड्रिप लगाए जाने के आरोप के बाद स्वास्थ्य विभाग की निगरानी और जांच व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं। यदि बिना आवश्यक योग्यता या वैध पंजीयन के उपचार किए जाने की पुष्टि होती है तो यह मरीजों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर जोखिम बन सकता है।

जांच के बाद होगी कार्रवाई

मामले को लेकर कसडोल के प्रभारी बीएमओ डॉ. राकेश प्रधान ने कहा की आपके द्वारा पता चला है कि अवैध रूप से क्लिनिक का संचालन किया जा रहा है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

क्षेत्र की दर्जनभर समस्याओं को लेकर प्रदर्शन

चिखली में जनआक्रोश: वार्डवासियों ने चक्काजाम कर फूंका पार्षदों का पुतला

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के चिखली क्षेत्र में व्याप्त दर्जनभर से अधिक समस्याओं को लेकर वार्ड नंबर 4, 5 और 6 के लोगों ने शुक्रवार को चक्काजाम कर दिया। इस दौरान उन्होंने तीनों वार्ड के पार्षदों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और पार्षदों का पुतला जलाया।

लंबे समय से चिखली क्षेत्र में पानी, बिजली, सड़क, नाली, सफाई जैसी मूलभूत समस्याओं के साथ ही इस क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा, जुआ, सट्टा और बढ़ते आपराधिक गतिविधियों से क्षेत्र के लोग परेशान हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या स्टेशनपारा रेलवे क्रॉसिंग को बंद किए जाने के बाद उत्पन्न हुई है। ओवरब्रिज पर बढ़ते यातायात के दवाब और आए दिन ओवरब्रिज में जाम लगने से क्षेत्र के लोगों को आवागमन में समस्या हो रही है। वहीं एक साल के भीतर बनने वाले अंडरब्रिज का निर्माण साढ़े वर्षों में भी पूरा नहीं हुआ है। जिसको लेकर चिखली क्षेत्र के लोगों में आक्रोश है। आज कड़ी धूप में तीनों वार्ड के मतदाताओं ने चिखली देशमुख होटल चौक पर आक्रोश जताया और सड़क पर बैठकर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान आंदोलनकारी वार्डवासियों ने पार्षदों की वादा खिलाफी को लेकर जमकर नारेबाजी की। वहीं क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं के समाधान में नाकामी का आरोप लगाते पार्षदों का पुतला बनाया और बीच चौक में तीनों पार्षदों का पुतला जला दिया।



स्थानीय पार्षदों को दी चेतावनी

स्थानीय पार्षदों द्वारा वार्ड की मूलभूत समस्याओं को लेकर भी कार्य नहीं किए जाने के चलते वार्डवासियों में आक्रोश नजर आया। पार्षदों पर निष्क्रियता का आरोप लगाते वार्ड के लोगों ने अपने प्रदर्शन के दौरान पार्षदों से इस्तीफा देने मांग की। वार्ड के लोगों ने कहा कि अभी यह प्रदर्शन पार्षदों को चेतावनी है, अगर समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो पार्षदों का इस्तीफा लेकर ही आंदोलन समाप्त किया जाएगा।

जर्जर सड़क, लाइट की समस्या से परेशान

अपने प्रदर्शन के दौरान वार्ड के लोगों ने जर्जर सड़क, बंद स्ट्रीट लाईट, तीन साल से अधूरे अंडरब्रिज निमार्ण कार्य, ओवरब्रिज में आए दिन जाम की समस्या, ओवरब्रिज में क्षतिग्रस्त डिवाइडर, अवैध शराब, गांजा, चखना सेंटर, सड़क-नाली सफाई व्यवस्था, नाली निर्माण, वहनों की तेज रफ्तार पर लगाम, स्मार्ट मीटर हटाने, बढ़ी हुई बिजली बिल, मारपीट, हत्या की वारदात सहित दर्जनों समस्याएं रखी।

समाधान नहीं होने पर होगा उग्र आंदोलन

अपने आंदोलन को लेकर वार्डवासियों द्वारा शहर में मुनादी कराकर चक्काजाम में शामिल होने लोगों से अपील भी की गई थी। आज सुबह लगभग 10.30 बजे एकत्रित हुए वार्डवासियों द्वारा चक्काजाम किया गया। जिससे खैरागढ़-राजनांदगांव मार्ग बाधित हो गया। चक्काजाम की पूर्व सूचना के चलते पुलिस द्वारा इस रूट की वाहनों को अन्य रास्तों से भेजा गया। लगभग 12 बजे तक चले चक्काजाम प्रदर्शन को पुतला दहन के बाद समाप्त किया गया। वहीं जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आगे और उग्र आंदोलन किए जाने की चेतावनी भी वार्ड के लोगों द्वारा दी गई।

तेंदूकोना थाना का मामला

शुष्क दिवस पर बेचने के लिए डंप की गई शराब के साथ दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

गांधी जयंती के दिन बेचने के लिए शराब डंप करने वाले आरोपी सहित दो लोगों को तेंदूकोना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले में संलिप्त तीसरे आरोपी शराब दुकान सेल्समैन की खोजबीन की जा रही है। एक अक्टूबर को पुलिस को एक व्यक्ति के द्वारा मोटर सायकल स्प्लेण्डर प्लस क्रमांक सीजी 06 जीडब्लू 8994 में डिक्की के अंदर शराब रख कर बिक्री के लिए ले जाने की सूचना मिली थी। इस सूचना के बाद थाना के सामने आने जाने वाली गाड़ियों की चेकिंग की जा रही थी। उपरोक्त बाइक के आने पर उसे रोका गया। पूछताछ में बाइक चालक ने अपना नाम ढालन कुमार साहू बताया, तलाशी लेने पर बाइक से 20 नग सुपर 36 प्लेन देशी शराब कीमत 1600 रुपए मिला। पुलिस ने जब संदेही से देशी प्लेन शराब के बारे मे पूछताछ की तब उसने बताया कि वह ग्राम के सुमीत कुमार अग्रवाल के कहने पर उसके मोटर सायकल से



शासकीय मदिरा दुकान जाने के लिये निकला। उसे सुनील अग्रवाल ने बताया था कि उसने शासकीय शराब दुकान में चार साल तक सेल्समैन का काम किया है, उस दुकान के सेल्समैन सुनील बंजारे ग्राम डोकरपाली से जान पहचान है और उससे बात हो गई। ढालन कुमार साहू शासकीय शराब दुकान तेंदूकोना पंडरीखार रोड शराब दुकान गया। वहां सेल्समैन सुनील बंजारे ने उसे 20 नग सुपर 36 प्लेन शराब का पौवा दिया। आरोपी ने बताया ही आज ही पहली बार शराब दुकान से 20 पौवा सुपर 36 प्लेन देशी शराब को सुमीत अग्रवाल के पास उसके घर में छोड़ा था और जब दूसरी बार शराब लेने गया था तो पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

आरोपियों के विरूद्ध की गई कार्रवाई

इसके अलावा आरोपी ने पुलिस को बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर शराब दुकान बंद रहने के चलते आज सुमीत अग्रवाल ने कई बार शासकीय मदिरा दुकान सेल्समैन सुनील बंजारे के पास से सुपर 36 प्लेन देशी शराब लाकर अपने घर में प्लास्टिक बोरी में डंप करके रखा है, जिसे मैं, सुमीत अग्रवाल तथा सुनील बंजारे तीनों मिलकर सुनियोजित प्लान के मुताबिक कल गांधी जयंती के अवसर पर अवैध रूप से बिक्री करने वाले थे। पुलिस ने मामले में आरोपी सुमीत अग्रवाल, ढालन साहू को मौके से गिरफ्तार किया, वहीं प्रकरण में संलिप्त आरोपी शासकीय शराब दुकान के सेल्समैन सुनील बंजारे की खोजबीन की जा रही है। पकड़े गए आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2), 42 आबकारी एक्ट, 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

खेत में बबूल के पेड़ पर एक ही फंदे से लटके मिले प्रेमी जोड़े के शव



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा/कुण्डा

जिले में एक प्रेमी जोड़े की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। कुंडा थाना क्षेत्र के हथमुड़ी गांव में खेत के पास बबूल के पेड़ पर युवक और युवती के शव एक ही फंदे से लटके मिले। घटना की जानकारी मिलते ही गांव में हड़कंप फैल गई। बाद में इसका सूचना कुण्डा पुलिस को दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। मृतकों की पहचान छोटू चंद्रवंशी और ज्योति चंद्रवंशी के रूप में हुई है।

परिजनों में मातम जांच शुरू

घटना की खबर मिलते ही दोनों परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है। फिलहाल मौत की वास्तविक वजह स्पष्ट नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही पूरे मामले की स्थिति साफ हो सकेगी।

सोना चोरी और फर्जी सिम एक्टिवेट करने वाला एजेंट गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

सनौद थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में सफलता हासिल करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। ग्राम अरकार थाना सनौद निवासी प्रार्थिया ज्योति साहू ने 9 जून को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि किसी अज्ञात चोर ने उनके घर में घुसकर सोने का गुलबंद, झुमका और टाप्स कुल वजन 28 ग्राम चोरी कर लिया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और पतारसी के आधार पर पुलिस ने भिलाई के शारदा पारा वैकुंठ धाम कैंप 2 में दबिश देकर आरोपी रामअवतार सिंह 37 वर्ष, निवासी रुस्तमगढ़ उत्तर प्रदेश को हिरासत में लिया। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपी ने चोरी की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1 नग सोने का गुलबंद 13 ग्राम, 1 जोड़ी सोने का झुमका 10 ग्राम, 1 जोड़ी सोने का टाप्स 5 ग्राम कुल 28 ग्राम सोने के आभूषण बरामद कर आरोपी को जेल भेज दिया।



epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि
Email : response.haribhoomi@gmail.com
CLASSIFIED
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 6263818152
79871-19756

Appointment आवश्यकता

टीचर

Wanted- Required teachers for Physics, Chemistry, Biology, Commerce, History, Sociology, Political-Science and Economics. Candidate must be PG with B.Ed English Medium. Principal, Glorious School, Krishna Nagar Near Santoshi Nagar, Raipur. 8226078877, 7987357145.(आरे-213)

आवश्यकता है- प्रकाश पब्लिक स्कूल में MSC., BED.,(मैथ्स), प्राइमरी मे डीएड टीचर व आया महिला की आवश्यकता है। संपर्क विथ बायोडाटा। पता:- सेक्टर-11, जोन-1, खुर्सीपार भिलाई - 9399147944.(आरे-4175)

अकाउंट/कम्प्युटर

आवश्यकता है- हार्डवेयर दुकान और गोदाम में काम के लिए लड़के चाहिए। अकाउंट, कम्प्युटर और सेल्स वाले भी संपर्क करें। सैलरी 14,000 से शुरू। जगह नहरपारा बॉम्बे मार्केट, राज टॉकीज के सामने। कॉल करें- 9302702087. (आरे-4185)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

सेल्स कार्य

आवश्यकता है- रेडीमेड कपड़े की दुकान मे सेल्स काम करने हेतु अनुभवी लड़के व लड़कियो की आवश्यकता है, वेतन योग्यता अनुसार संपर्क करे:- कलर्स शाप कटोरा तालाब रायपुर Mob. 9827873174. (आरे-A)

सेल्समैन

आवश्यकता है- रायपुर में गैस सिलेंडर मार्केटिंग हेतु सेल्समैन की आवश्यकता है। मार्केट में जाकर नए ग्राहक बनाने एवं बिक्री बढ़ाने का कार्य करना होगा। उम्मीदवार रायपुर का स्थानीय निवासी होना चाहिए। स्वयं की बाइक अनिवार्य, वेतन- योग्यता, अनुभव अनुसार फिक्स+ आकर्षक इंसेंटिव, इच्छुक व्यक्ति सम्पर्क करें:- 9183313130, 9179829993. (आरे-765)

सफाई कर्मचारी

आवश्यकता है- सफाई कर्मचारी चाहिए पुराना पुल, पुलगांव नाका दुर्ग स्थित साईं मंदिर में साफ सफाई के लिए मेहनती, ईमानदार, सेवाभावी महिला/पुरुष कर्मचारी की आवश्यकता है। वेतन 6000-7000 रुपए तक मिलेगा। संपर्क- 6267041319. (आरे-341)

मार्केटिंग कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस में मार्केटिंग कार्य हेतु 12वी पास युवक की आवश्यकता है । स्वयं का वाहन आवश्यक। आकर्षक वेतन एवं पेट्रोल। बायोडाटा सहित संपर्क करे- 9300160001, 9300160003. (आरे-823)

हरिभूमि क्लासीफाईड

ड्रायवर/गार्ड

आवश्यकता है- भाटागांव, रायपुर मे ड्राइवर, गार्ड और अन्य काम हेतु 10वीं 25/30 वर्षीय युवक की । रहने / पकाने / खाने हेतु सुविधा । वेतन योग्यतानुसार । शराब के आदी क्षमा करें । संपर्क: 7415213236, 7974100341.(आरे-218)

डिलिवरी कार्य

आवश्यकता है- कोरियर बाइकर डिलिवरी हेतु पढे लिखे जिम्मेदार युवक चाहिए। श्रीमारुती कोरियर, कार्नर हाऊस, कालीमाता मंदिर के आगे, रिंगरोड 1, कुशालपुर रायपुर, काल-वाटशप 9399676408. (आरे-305)

हेल्पर/वेटर

आवश्यकता है- रेस्टोरेंट कैफे में काम करने के लिये हेल्पर एवं वेटर की आवश्यकता है. टेक ए ब्रेक कैफे, लोकेशन कुम्हारी . 8982228900.(आरे-398)

सेल्सेकर्मी

आवश्यकता है- सेल्स डोर टू डोर के लिए सेल्सकर्मी मेल और फीमेल की आवश्यकता वेतन + कमीशन + टीएडीए संपर्क मिलेः डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड LIG-64, बैंक ऑफ इंडिया के सामने अवन्ति विहार रायपुर 98272-45678. (आरे-948)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

ड्रायवर

आवश्यकता है- घर में कार चलाने हेतु ड्रायवर की आवश्यकता है, वेतन ड्रायवर 16000 संपर्क:- न्यू शांति नगर, रायपुर (छ.ग.) मों:- 7646843870.(आरे-217)

आवश्यकता है- एजेंसी में किराना समान की सप्लाई हेतु (टाटा एस) ड्राइवर की आवश्यकता है, लोकल रायपुर में पता:- अग्रवाल एजेंसी कांदुल रोड बोरियाखुर्द अनंतरा होम्स के सामने रायपुर Mob. 9826416557, 7974316614. (आरे-A)

आवश्यकता है- रायपुर शहर में गैस सिलेंडर डिलवरी हेतु ड्राइवर की आवश्यकता है। ड्राइवर को Bolero महेंद्रा पिकअप चलाने का अनुभव हो तथा हेवी व्हीकल ड्राइविंग लाइसेंस (Heavy Vehicle License) अनिवार्य है। रायपुर का स्थानीय निवासी होना। वेतन-18,000/- प्रतिमाह सम्पर्क:- 9183313130, 9179829993.(आरे-785)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- गोल बाजार में थोक रेडीमेड कपड़ा दुकान में काम करने हेतु लड़के की अनुभवी/ बगैर अनुभवी वेतन योग्यतानुसार बायोडाटा सहित मिले। महेश फैब्रिक अलका रेस्टोरेंट के सामने दुकान नं 8 जैन ज्योति काम्प्लेक्स, चिकनी मंदिर के पास गोल बाजार रायपुर (छ. ग.) मो. - 9752022866, 7415842111.(आरे-347)

हरिभूमि क्लासीफाईड

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- न्यू राजेंद्रनगर रायपुर घर के काम हेतु महिला की आवश्यकता,काम का समय सुबह 8 से 12, वेतन 6000/- संपर्क 8120289207, 9300201654.(आरे-219)

आवश्यकता है- बच्चा सँभालने हेतु 24 घंटे की बाई (लड़की) चाहिये। रहना एवं ख़ाना दिया जाएगा। स्थान तेलीबांधा , रायपुर सम्पर्क करे: 9575042814. (आरे-om)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- आफिस कार्य दुर्ग स्थित अधिवक्ता कार्यालय में कार्य करने हेतु लड़की की आवश्यकता है वेतन योग्यतानुसर कॉल / मेसेज 7999847673 समय 12 से 5 तक (आरे - 342)

Finance फायनेंस

फाईनेंस - वसुधा फाइनेंस कंपनी समस्त प्रकार के लोन कृषि, बिजनेस, समूह लोन पर्सनल, लेबरकार्ड , डेरीफार्म, होम लोन , आधारकार्ड पर 40 हजार से 50 लाख तक (2 %ब्याज), (30%छूट) समस्त लोन कराये - 9770833099. (आरे-4346)

Property प्रापर्टी

प्लॉट बेचना है - बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्व सुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100×50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268.(आरे-41750)

हरिभूमि क्लासीफाईड

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वाद-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवे व व्यक्तिगत से मिलकर लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वादों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।



Healthcare

छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।



18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं। नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक। घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

जैकेट के शेष

सीईसी ज्ञानेश के ....

जंतर-मंतर पर प्रदर्शन की इजाजत नहीं दी है। हिरासत में लिए गए लोगों को बसों में भरकर अलग-अलग पुलिस थानों ले जाया गया। जंतर-मंतर के पास हिरासत में लिए गए लोगो में दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री आतिशी मार्लेना, आम आदमी पार्टी (आप) के दिल्ली प्रमुख सौरभ भारद्वाज, कार्यकर्ता योगेंद्र यादव और ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (एआईएसए) की अध्यक्ष नेहा बोरा शामिल थीं। प्रदर्शन में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और एआईएसए के सदस्यों समेत कई लोग शामिल थे।

आदित्य ठाकरे ने किया समर्थनः शिवसेना (यूबीटी) नेता आदित्य ठाकरे ने मुंबई में सीजेपी के प्रदर्शन का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि मुंबई लोकतंत्र को वापस हासिल करने के लिए आगे आ रहा है और लोगों से सीजेपी के प्रदर्शन में शामिल होने की अपील की। आदित्य ठाकरे ने आरोप लगाया कि बीजेपी सरकार ने लोगों का वोट और आवाज छीन ली है और इन्हें वापस हासिल करने की जरूरत है।

दत्तक या सरोगेसी ....

क्षेत्र में भी जैविक से इतर दत्तक या सरोगेसी के माध्यम से मातृत्व सुख प्राप्त करने वाली महिलाओं को भी कुल 26 सप्ताह (6 महीने) का वेतन सहित अवकाश मिलना चाहिए। अभी उन्हें 12 सप्ताह (लगभग 3 महीने) का अवकाश मिलता है।

आज से मानसून ....

हुई है। पिछले शनिवार यानी सप्ताहभर से इसकी गतिविधि पर विराम लगा है, जिसे मानसून की वापसी का लक्षण माना गया है। मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, दक्षिण-पश्चिम मानसून शनिवार से छत्तीसगढ़ छोड़ने की तैयारी में है। अनुमान है कि कल राज्य के एक बड़े हिस्से से इसकी विदाई की अधिकृत घोषणा हो सकती है। मानसून भले ही देश के कई इलाकों में कम बरसे हो, मगर छत्तीसगढ़ में इसका असर अच्छा हुआ है। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक 1 जून से 30 सितंबर के दौरान राज्य में बारिश का आंकड़ा औसत से 5 प्रतिशत अधिक रहा है। मानसून के शुरुआती दौर यानी जून के महीने में तमाम सामान्य से कम बारिश दर्ज की गई, जबकि जुलाई और अगस्त में कुछ जिलों में इसका प्रभाव मूसलाधार जैसी स्थिति में रहा। सितंबर में प्रदेश के कई जिलों में बारिश औसत से कम दर्ज की गई। प्रदेश में जून से सितंबर तक कुल 1195.1 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो औसत 1142.1 मिमी से 53 मिमी यानी 5 प्रतिशत अधिक रही।

नारायणपुर में 40 फीसदी ज्यादा, सरगुजा में 41 प्रतिशत कम

इस सीजन में बारिश का असर जिलों में असामान्य तरीके से रहा। नारायणपुर में सर्वाधिक 1715.5 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो औसत से 40 प्रतिशत अधिक थी। वहीं सरगुजा में सबसे कम 687.6 मिमी वर्षा हुई, जो सामान्य से 41 प्रतिशत कम है। जशपुर और बेमेतरा में भी सामान्य से 36 प्रतिशत कम बारिश दर्ज की गई। दूसरी ओर बालोद, कोंडागांव और गरियाबंद, रायपुर जैसे जिलों में औसत से अधिक बारिश हुई।

सबसे ज्यादा और सबसे कम वर्षा

जिला	कुल वर्षा	औसत से अंतर प्रतिशत में
नारायणपुर	1715.5	+40
बलरामपुर	1553.5	+ 55
बीजापुर	1519.7	+11
दंतेवाड़ा	1450.9	+12
गरियाबंद	1436.6	+36
रायपुर	1322.9	+29
बेमेतरा	674.1	-36
जशपुर	873.5	-36
सरगुजा	687.6	-41
कोरिया	947.8	-14
रायगढ़	1027.7	-14

गांधी को सिर्फ ...

0 गांधी जी के संदर्भ में एक बड़ा वर्ग है जो आरोपों के कटघरे में उन्हें खड़ा करता है। और खासतौर पर उनके ऊपर आरोप है कि वह मुस्लिम परस्त थे। उन्होंने मुसलमानों को जरूरत से ज्यादा प्रश्रय देने की कोशिश की। दूसरा उनको दलितों के उद्धारक के तौर पर भी प्रस्तुत किया जाता है?

00 असल में क्या होता है कि जब भी कोई आदमी किसी दूसरे रास्ते पर जाने लगता है या हमारी अपनी स्केल से बड़ा होने लगता है, तो सामान्य वृत्ति है कि उसको खींचकर अपने धरातल पर ले आओ। संतोष हो जाता है कि नहीं-नहीं, हमारी तरह का है। गांधी जी के साथ ऐसी ही बात जिन्ना के संदर्भ में भी हुई और आंबेडकर के संदर्भ में भी हुई। इसीलिए जिन्ना और गांधी की जो वार्ता हुई है, आखिरी वार्ता विभाजन से पहले, विभाजन को टालने के संदर्भ में, उसमें आखिर में आकर के जिन्ना एक जगह कहते हैं कि, बड़ी दिक्कत यह हो रही है हम लोगों की बातचीत में कि मैं मुसलमानों का प्रतिनिधि बनकर आपसे बात कर रहा हूं और आप मुसलमानों के और हिंदुस्तान के प्रतिनिधि बनकर बात करते हैं। आप भी हिंदुओं के प्रतिनिधि बन जाइए, बहुत आसानी से रास्ता निकल जाएगा। गांधी ने कहा, यह तो जीवन में ही संभव नहीं है। मैं किसी एक का प्रतिनिधि नहीं हूँ। और उस दिन जो गांधी जी ने वार्ता बंद की जिन्ना से, फिर मरने तक उनसे कभी बातचीत नहीं की। यह जीवन मूल्य है। जिस जीवन मूल्य के टकराहट में अगर आप आते हो, तो तुमको शून्य के अलावा कुछ मिलेगा नहीं। इसीलिए जिन्ना को यह दिक्कत गांधी जी से होती रही और इतना नकारात्मक भाव उनमें पैदा हुआ कि यह आदमी हमारे लिए स्पेस ही नहीं छोड़ता है। यह कहता है, मैं भी मुसलमानों का प्रतिनिधि हूं। कहते हैं, तुम कैसे हो सकते हो? वह कहता है, मैं इसलिए हो सकता हूँ कि मैंने सेवा की है उनकी। मैंने सेवा के बल पर वह अधिकार अर्जित किया है कि मैं मुसलमानों की तरफ से बोल सकूँ।

0 इतिहास के पन्नों को पलटकर देखते हैं, तो जिस शख्स को राष्ट्रपिता कहकर संबोधित किया, वह स्वयं एक पिता के तौर पर सफल महसूस नहीं होता। इसके संदर्भ में कुमार प्रशांत की खोजी दृष्टि क्या देख पाई?

00 बहुत अच्छा सवाल है यह और इस सवाल का बहुत सीधा सा जवाब है जो हर पिता समझ सकता है। कि अगर तुम सिर्फ अपने बेटे के पिता हो, तब नजर दूसरी तरह से काम करती है और जब तुम बहुत लोगों के पिता बन जाते हो, तब नजर दूसरी तरह से काम करती है। तो गांधी अपने बच्चों के संदर्भ में और वह भी एक बच्चे के संदर्भ में ज्यादा विफल हुए। इसलिए कि उनके लिए सिर्फ वह बेटा ही नजर में नहीं था, और भी बहुत सारे थे जिसके बापू थे वह। तो क्या करें? कितने बेटों के बारे में उनकी निजी आकांक्षाओं की चिंता करें? तो कहते हैं कि किसी को तो अपनी निजी आकांक्षाएं छोड़नी पड़ेंगी, तो मेरे बेटे को सबसे पहले छोड़ देनी चाहिए क्योंकि बाकी बेटों के बारे में भी मुझको कहना है कुछ। इसलिए यह चीज दिखाई देती है।

0 लोग तो मूल्यांकन असहयोग आंदोलन के संदर्भ में भी करते हैं। देश तो तभी आजाद हो गया होता अगर गांधी जी ने चौरी-चौरा के बाद में आंदोलन को अचानक वापस न ले लिया होता।

00 हां ठीक है। यह कहने वाले कहते हैं। लेकिन तब भी यह कहना पड़ेगा शायद, किसी को कहना चाहिए जोर से, कि गांधी जिस रास्ते से आजादी की तरफ जाना चाह रहे हैं, उस रास्ते से भले वह 100% देश को न ले जा पाए हों, 75% ले जा पाए हों। लेकिन उसी कारण गांधी आज गांधी हैं। देश आज कुछ अलग नजर से दुनिया में आज भी इतने सारे पतन के बावजूद भी देखा जा रहा है। क्योंकि एक रास्ता था जिस रास्ते की कीमत असहयोग के समय में गांधी ने चुकाई, कि नहीं, इस रास्ते से आजादी मिलेगी तो मुझको नहीं चाहिए।

0 कुल मिलाकर भविष्य को लेकर क्या उम्मीद देखते हैं कुमार प्रशांत जी? जीवन के 75 साल आपके भी पूरे हो गए। गांधी को लेकर इस देश और दुनिया, दोनों के संदर्भ में क्या देख पाते हैं?

00 मैं बहुत उम्मीद से देखता हूं क्योंकि मैं बहुत सारे अंडर-करेंट्स देख रहा हूं। आज दुनिया में जितने दुनिया के देशों में जितने लोग सड़कों पर उतरे हुए हैं सत्ता के खिलाफ, उतने लोग इस शताब्दी में कभी उतरे हुए नहीं थे। यह क्यों उतरे हुए हैं? रूस में देखो, अमेरिका में देखो, जहां देखो हर जगह लोग सड़क पर हैं। यह कहने के लिए सड़क पर हैं कि हमारा शासक गलत है। यही बात तो गांधी कह रहे थे कि नहीं कहना सीखो। आज बहुत सारे लोग नहीं बोल रहे हैं। मैं बहुत खुश हूं इससे कि यह ताकत बढ़ेगी आगे। मैं देखता हूं कि भाई गांधी ने कहा था आजादी के बाद अब आप कैसे लड़ेंगे किसी ने पूछा। आजादी तो मिल गई, अब सत्याग्रह करेंगे, धरना देंगे, जुलूस देंगे।

संसद में महात्मा गांधी-शास्त्री को दी गई श्रद्धांजलि, स्कूली बच्चे हुए शामिल



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संसद के ऐतिहासिक संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में आज राष्ट्रपति महात्मा गांधी, देश के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी गई।

इस कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी समेत कई सांसद और मंत्रियों ने देश के महान नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

पीएम से मिलकर उत्साहित दिखे बच्चे

संसद भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में कई स्कूलों के बच्चों को भी आमंत्रित किया गया था। श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने बच्चों से भी मुलाकात की । इस मुलाकात के दौरान बच्चे प्रधानमंत्री से मिलकर बेहद खुश और उत्साहित दिखाई दिए। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और प्रियंका गांधी भी बच्चों से बात करते नजर आए।

राजघाट में भी श्रद्धांजलि की अर्पित

महात्मा गांधी की 157वीं जयंती पर प्रधानमंत्री मोदी ने राजघाट पर जाकर राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि अर्पित की। पीएम मोदी के अलावा दिल्ली की सीएम रेखा गुप्ता, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने भी राष्ट्रपिता को श्रद्धांजलि दी। आज देश के पूर्व पीएम लाल बहादुर शास्त्री की भी 122वीं जयंती है।

पेज एक के शेष

कच्चा माल, पक्का इलाज...

सब्जियों की फसलों में इन अवशेषों को खनिज पोषक तत्वों के संभावित स्रोत के रूप में इस्तेमाल करने के संकेत मिले हैं।

बुजुर्ग के शव को ...

आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों की सहमति से जवान का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मृतक जवान के दो पुत्र हैं। अंतिम संस्कार के दौरान उनके बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी मौजूद रहे। परिजन का कहना है कि जवान की मौत से जुड़े सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच होने के बाद ही घटना की वास्तविकता सामने आ सकेगी। फिलहाल जवान की मौत को लेकर परिजन की ओर से निष्पक्ष जांच की मांग जारी है।

फ्लाइट हाईजैक को ..

पात्र हैं, क्योंकि उन्होंने एक खतरनाक आतंकवादी घटना और संभावित आपदा के समय साहस और जिम्मेदारी की मिसाल पेश की है। बेहद मुश्किल हालात में भी उनकी पेशेवर सोच और नैतिक समझ उन्हें एक असली हीरो बनाती है।'आगे लिखा, 'जो हुआ उसे बहुत आसान समझकर देखने या साजिश की थ्योरी को मानने और बढ़ावा देने के बजाय, चरमपंथ और आतंकवाद के खतरों का सामना करने के लिए सतर्कता और सावधानी बरतना जरूरी है।'घटना के बाद यह पहली बार है जब यूएई के किसी बड़े अधिकारी ने फ्लाईदुबई की उड़ान को दुर्घटनाग्रस्त करने की कथित कोशिश को आतंकवादी हमला बताया है।

जवान की गोली लगने ...

आश्वासन दिया। इसके बाद परिजनों की सहमति से जवान का अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। मृतक जवान के दो पुत्र हैं। अंतिम संस्कार के दौरान उनके बड़े पुत्र ने मुखाग्नि दी। इस दौरान क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता भी मौजूद रहे। परिजन का कहना है कि जवान की मौत से जुड़े सभी पहलुओं की निष्पक्ष जांच होने के बाद ही घटना की वास्तविकता सामने आ सकेगी। फिलहाल जवान की मौत को लेकर परिजन की ओर से निष्पक्ष जांच की मांग जारी है।

तमिलनाडु में हाईवे ...

के असिस्टेंट डिविजनल इंजीनियर एन. भूमिनाथन और कलाकाडु में नेशनल हाईवे सेक्शन की असिस्टेंट इंजीनियर टी. मुथुलक्ष्मी को सस्पेंड किया गया है। टीवी न्यूज चैनलों पर साइनबोर्ड के वीडियो दिखाए जाने और उन पर लिखे हिंदी अक्षरों को काला किए जाने के बाद विभाग ने यह कार्रवाई की है। सरकार ने एक आधिकारिक विज्ञप्ति में तमिल और अंग्रेजी की दो-भाषा नीति का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी।

विदेशी श्रद्धालुओं ...

पिंडदान और तर्पण कर रहे हैं। शुक्रवार को भी यहां विष्णुपद मंदिर क्षेत्र के पास फल्गु नदी के तट पर स्थित देवघाट पर कई विदेशी श्रद्धालुओं ने अपने मृत पूर्वजों की आत्मशांति और मोक्ष की कामना को लेकर पूरे विधि-विधान से पिंडदान और तर्पण किया।

नौसेना के कमांडर सम्मेलन में परखी गई रणनीतिक तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राजधानी में बीते 29 सितंबर से जारी नौसेना का तीन दिवसीय कमांडर सम्मेलन समाप्त हो गया है। जिसमें बल ने घरेलू और वैश्विक स्तर पर दुनिया के कई भागों में जारी सैन्य संघर्षों के बीच अपनी रणनीतिक और लॉजिस्टिक तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की है। नौसेनाप्रमुख सहित देश में मौजूद समुद्री सेना की तीन अन्य कमांड (पश्चिमी, पूर्वी और दक्षिणी) के प्रमुखों और रक्षा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों की इस दौरान उपस्थिति रही। यहां बता दें कि कमांडर सम्मेलन नौसेना का एक द्विवार्षिक आयोजन है। जिसका इस वर्ष यह दूसरा संस्करण था।

सम्मेलन का शुभारंभ 29 को हुआ था

नौसेना ने शुक्रवार को बताया, यह सम्मेलन 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चला। जिसकी शुरुआत रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के संबोधन से हुई और उसके बाद प्रमुख रक्षा अध्यक्ष, सेनाप्रमुख, नौसेनाप्रमुख और केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स-आईटी राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने भी अपने विचार समुद्री सेना के शीर्ष कमांडरों के समक्ष रखे।

प्रशिक्षण, एचआर प्रबंधन में सुधार पर हुई चर्चा

सम्मेलन के दौरान नौसेना के कमांडरों ने न केवल रणनीतिक तैयारियों को जांचा-परखा। बल्कि लॉजिस्टिक, मरम्मत और प्रशिक्षण, एचआर प्रबंधन के मामले में सुधारों के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। इन तमाम मसलों पर आपसी संवाद करने का एकमात्र उद्देश्य वर्तमान समय में तेजी से उभरते वैश्विक सुरक्षा परिदृश्य के मध्य उन्नत तकनीक, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के समावेश और मानवरहित विमानों या ऐसे प्लेटफार्म की बढ़ती भूमिका का आकलन करना था।

दिल्ली में मकान गिरने से पिता की मौत, बेटा घायल

नई दिल्ली। बाहरी दिल्ली के ज्वालापुरी इलाके में एक मंजिला मकान ढहने से 50 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई जबकि उसका 20 वर्षीय बेटा जख्मी हो गया।दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) ने बताया कि घटना बृहस्पतिवार शाम 4.03 बजे उद्योग नगर मेट्रो स्टेशन के पास हुई। डीएफएस ने बताया कि लगभग 25 वर्ग गज में बना घर ढह गया, जिससे पिता और पुत्र मलबे में दब गए, जिन्हें मलबे से निकाला गया। एक अधिकारी ने बताया कि दोनों को कैट्स एम्बुलेंस के जरिए संजय गांधी अस्पताल ले जाया गया।

समुद्री तैनाती के बीच स्पेन पहुंचा नौसेना का युद्धपोत त्रिशूल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक स्तर पर बने हुए चिंताजनक सुरक्षा परिदृश्य के बीच भारतीय नौसेना का अग्रिम पंक्ति का युद्धपोत आईएनएस त्रिशूल अपनी मौजूदा तैनाती के तहत स्पेन के वेलेंसिया पहुंच गया है। जिसमें वह भारत के इस मित्र देश की नौसेना के साथ पहले से निर्धारित की गई संयुक्त गतिविधियों में भाग लेगा। नौसेना ने शुक्रवार को बताया कि त्रिशूल युद्धपोत वर्तमान में भूमध्य सागर, अटलांटिक और उसके आसपास के क्षेत्रों की अपनी नियमित समुद्री तैनाती पर है। जिसके तहत ही अब उसने स्पेन को अपने पड़ाव के रूप में चुना है।

भगवान शिव के त्रिशूल से मिला नाम

यहां बता दें कि त्रिशूल युद्धपोत नौसेना का तलवार श्रेणी का एक बेहद शक्तिशाली और गोपनीय ढंग से हमला करने वाला एक गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट है। जिसका नाम भगवान शिव के शक्तिशाली अस्त्र त्रिशूल के नाम पर पड़ा है। रूस में इसका निर्माण किया गया था और नौसेना में यह युद्धपोत 2003 में शामिल हुआ। समुद्री तैनाती के दौरान त्रिशूल युद्धपोत का मुख्य कार्य दुश्मन की पनडुब्बियों का पता लगाने, समुद्री मार्गों की सुरक्षा और सतह पर मौजूद लक्ष्यों पर सटीक वार उन्हें नष्ट करने का है।

छतरपुर में दिनदहाड़े चाकू से गोदकर महिला की हत्या

छतरपुर। मध्यप्रदेश के छतरपुर शहर के रिहायशी इलाके में शुक्रवार को मोटरसाइकिल पर सवार होकर आए दो युवकों में से एक ने एक महिला की दिन चाकू से गोदकर हत्या कर दी। अधिकारी ने बताया कि महिला की पहचान सिविल लाइन थाना अंतर्गत अमलतास कालोनी में किराए पर रहने वाली ज्योति चौरसिया (26) के रूप में हुई है जो मूल रूप से जिले के महाराजपुर की है। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें स्पष्ट रूप से देखा जा सकता सकता है कि आरोपी महिला पर लगातार चाकू से वार किए जा रहा है। वीडियो में यह भी देखा जा सकता है कि आसपास मौजूद लोग तमाशबीन बनकर वारदात को देख रहे हैं।

अमेरिकी एयरबेस पर हुई बड़ी सुरक्षा चूक

ब्रिटिश-ईरानी नागरिक गिरफ्तार 'आतंकवादी' साजिश का शक

एजेंसी ▶▶| लंदन

इंग्लैंड में अमेरिका द्वारा संचालित एक एयरबेस के पास हुई सुरक्षा घटना की जांच के सिलसिले में ब्रिटिश पुलिस ने ब्रिटेन और ईरान की दोहरी नागरिकता रखने वाले 27 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उस पर आतंकवादी हमले की साजिश रचने के संदेह में कार्रवाई की है। व्यक्ति को गुरुवार को लंदन में गिरफ्तार किया गया। इसके बाद ब्रिटेन की राजधानी में दो ठिकानों की तलाशी ली गई। यह मामला रॉयल एयर फोर्स यानी आरएएफ फेयरफोर्ड में सप्ताहांत के दौरान हुई सुरक्षा घटना से जुड़ा है। इस एयरबेस का इस्तेमाल अमेरिकी बमवर्षक विमानों ने ईरान पर हमले के लिए किया है। रविवार को आरएएफ फेयरफोर्ड के पास व्हेलफोर्ड गांव में पुलिस को सूचना मिलने के बाद 20 साल की उम्र के पांच ब्रिटिश नागरिकों को गिरफ्तार किया गया था। बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। आरएएफ फेयरफोर्ड में बड़ी संख्या में अमेरिकी वायुसेना के कर्मी और संचालन मौजूद हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने संदिग्धों को जमानत दिए जाने पर सवाल उठाया था। इस मामले में ब्रिटेन के पीएम एंडी बर्नहम ने बुधवार को कहा था कि ब्रिटेन का मानना है कि दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के एक गांव में आरएएफ एयरबेस के पास हुई घटना में ईरान की भूमिका रही है। इस मामले की जांच देश की आतंकवाद रोधी पुलिस कर रही है। ईरान पहले ही इस घटना में किसी भी तरह की भूमिका से स्पष्ट रूप से इनकार कर चुका है। लंदन स्थित ईरानी दूतावास ने इसे 'ईरानोफोबिया' करार दिया था। पांच संदिग्धों को जमानत दिए जाने के सवाल पर बर्नहम ने कहा कि लोगों को यह समझना चाहिए कि किसी व्यक्ति के रिहा होने का मतलब सामान्य तौर पर रिहा होना नहीं है। उन्होंने कहा कि संदिग्धों पर जमानत की बेहद सख्त शर्तें लागू हैं। अधिकारी इस मामले पर बेहद कड़ी निगरानी और निकट नियंत्रण रख रहे हैं और मैं आपको इसका भरोसा दिला सकता हूं।

Public Notice

Ford India Private Limited ("Ford") Registered Office: S.P. Koil Post, Chengalpattu, Kancheepuram, Tamil Nadu – 603204 CIN No. (U34103TN2000PTC045537) Ford wishes to inform its esteemed customer and public that "**GK Motorcorp Private Limited**" (with trade name **G K Ford – Raipur**) having its registered office at **Geekay House, G.E.Road Telibandha Raipur Raipur Chhattisgarh 492001 India** service facilities located at **National Highway 6, Ring Road No.1 Vill. Sarona Near Tatibandh Rly. Overbridge Raipur Chhattisgarh 492009** is no longer a **Ford** authorized service dealer with effect from **1st October 2026.**

Customers should not approach this dealer for any service, purchase or other related activity whatsoever in nature, pertaining to Ford products or services. **Ford** will not be liable or responsible for any dealings made by any person with **G K Ford – Raipur** for any reason whatsoever. **Ford**'s customers of the said dealer will continue to avail services from other Ford authorized service dealers and will continue to receive the assured quality and standard of services **Ford** is admired for. In case you have any concerns, please reach out to

Ford India Pvt Ltd: Customer Care No. 1800 419 2500, Customer Care Email:custmail@ford.com

Ford www.india.ford.com

श्रीनगर में 85 लाख कैश और करोड़ों का सोना बरामद, 1.07 करोड़ फ्रीज

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

जम्मू-कश्मीर की श्रीनगर पुलिस ने डाउनटाउन इलाके में चल रहे एक बड़े अंतर-राज्यीय नशीले पदार्थों और हथियारों के नेटवर्क का भंडाफोड़ करने का दावा किया है।

पुलिस ने इस मामले में अब तक आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाएं, हेरोइन जैसा पदार्थ, एक पिस्तौल, लाखों रुपये नकद और करीब एक किलोग्राम सोना समेत कई कीमती सामान बरामद किए गए हैं। श्रीनगर के



एसएसपी जी.वी. संदीप चक्रवर्ती के मुताबिक, पुलिस ने कई सुरागों के आधार पर इस नेटवर्क का पता लगाया। यह कोई छोटा स्थानीय मॉड्यूल नहीं, बल्कि ड्रग्स की सप्लाई और वितरण से जुड़ी एक व्यवस्थित चेन थी। जांच की शुरुआत वसीम जरगर से हुई, जिसके बाद पुलिस ने उसके संपर्कों और नेटवर्क की कड़ियों को खंगालते हुए अन्य आरोपियों तक पहुंच बनाई।

2.19 लाख से ज्यादा गोलियां और कोडीन बरामद

कार्रवाई में 2,19,425 दवा की गोलियां/ कैप्सूल और कंटेनर समेत 3.830 किलोग्राम कोडीन वाला लिक्विड बरामद किया गया है। करीब 40 ग्राम हेरोइन जैसा पदार्थ भी जब्त किया गया है। जांच एजेंसियां यह पता लगाने में जुटी हैं कि प्रतिबंधित दवाओं और अन्य नशीले पदार्थों की खरीद कहां से की गई और इन्हें श्रीनगर तक किस माध्यम से पहुंचाया गया।

राशिफल

मेष आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ सन्तोषजनक रहेगा।

वृष रहन-सहन अव्यवस्थित हो सकता है। किसी मित्र के सहयोग से आय में वृद्धि हो सकती है। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा। मानसिक शान्ति रहेगी।

मिथुन नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। यात्रा पर जाना पड़ सकता है। खर्चों से परेशान हो सकते हैं। परिश्रम की अधिकता रहेगी। मांगलिक कार्य होंगे।

कर्क कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। सेहत का ध्यान रखें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कुटुम्ब परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। परिश्रम अधिक होगा।

सिंह लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय के साधन बन सकते हैं। किसी राजनेता से भेंट हो सकती है। धार्मिक संगीत के प्रति रुचि हो सकती है।

कन्या मित्रों का सहयोग मिल सकता है। नौकरी में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

तुला पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

वृश्चिक जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। वस्त्रों आदि के प्रति रुझान बढ़ेगा। आय में वृद्धि होगी।

धनु किसी पुराने मित्र से पुनःसम्पर्क हो सकता हैं। मन में निराशा एवं असन्तोष के भाव रहेंगे। जीवनसाथी को स्वास्थ्य विकार रहेंगे। स्वास्थ्य विकार रहेंगे।

मकर नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती हैं।

कुंभ स्थान परिवर्तन भी सम्भव है। खर्च बढ़ेंगे। मानसिक शान्ति रहेगी, परन्तु अपनी भावनाओं को वश में रखें। क्रोध की तीव्रता में कमी आएगी।

मीन कारोबार में विस्तार के लिए निवेश कर सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। माता से भी धन प्राप्ति हो सकती है। धन की स्थिति में सुधार होगा। मान सम्मान बढ़ेगा।

शब्द पहेली - 6366



बाएँ से दाए

1. चिकित्सा,इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा,क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर,शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा,अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर,आकर्षक-5
22. अनासक्ति,निर्विकारता-5
25. पानी,नीर-2
26. सूखा,दुष्काल-3
27. कांटा,कंटक-2
28. शांति,ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण,तेजस्वी-3
31. लाख,गोंद-2
33. मधुक,महुआ-3
35. हृदयगति,स्पंदन-4
36. अनुक्रम,निरंतरता लयबद्ध-4

ऊपर से नीचे

2. पंख,पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक,देखरेख करने वाला,मुहाफिज-5
5. वियोग,जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता,अकेलापन-4
10. मरियल,निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म,गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम,नमस्कार-3
32. लड़ी,श्रृंखला-2
34. दोस्त,सखा-2

शब्द पहेली- 6365 का हल

	बि	ज	ली	घ	र		मा	न	सि	क
दि	ल		ड		ख	न	न		ना	रा
ल		धा	र	दा	र		क	ली		मा
दु	लारा				खा	स		ख	प	त
ख		धा		ना	ब		ग		र	
ना	म	र	ख	ना		च	म	क	दा	र
	यू		त		स	र		ट		वा
ह	र	म		शा	म			पी	स	ना
ड़		य	श		का	रा	वा	स		हो
ता	न		प	ग	ली		न		म	ना
ल	थ	प	थ		न	ग	र	व	धु	

सूडोकु नवताल - 6376 (कठिनतम)

				5	1	4		
			7				2	
		8						3
	1							8
5				4				9
7							6	
4						7		
	2				6			
		3	9	8				

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6375 का हल

4	7	6	3	5	2	9	1	8
5	9	8	6	7	1	4	3	2
2	3	1	8	9	4	7	6	5
6	8	5	7	3	9	2	4	1
3	2	4	5	1	6	8	7	9
7	1	9	4	2	8	3	5	6
8	4	3	2	6	5	1	9	7
1	5	2	9	4	7	6	8	3
9	6	7	1	8	3	5	2	4

खबर संक्षेप



यूपीआई लेनदेन की संख्या सितंबर में घटी

मुंबई। यूपीआई के जरिये लेनदेन सितंबर में मासिक आधार पर 1.8 प्रतिशत घटकर 2,407 करोड़ रहा। भारतीय रिजर्व बैंक के जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा संचालित यूपीआई (एकीकृत भुगतान इंटरफेस) के जरिये अगस्त में 2,450 करोड़ लेनदेन हुए थे। आंकड़ों के अनुसार, सितंबर में यूपीआई के जरिये लेनदेन का कुल मूल्य भी 1.50 प्रतिशत घटकर 29.37 लाख करोड़ रुपये रहा, जो अगस्त में 29.82 लाख करोड़ रुपये था।

सेबी ने एसएमसी ग्लोबल पर लगाया जुर्माना



नई दिल्ली। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने ग्राहकों के ऑर्डर देने से जुड़े रिकॉर्ड रखने और अधिकृत व्यक्ति की निगरानी के नियमों के पालन में चूक के मामले में दिल्ली स्थित एसएमसी ग्लोबल सिक्योरिटीज पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। यह आदेश जनवरी से सितंबर 2024 की अवधि के लिए 'शेयर ब्रोकर' की विशेष जांच के बाद आया। बाजार नियामक ने यह जांच बिना अनुमति के कारोबार किए जाने की शिकायतों और ग्राहकों के ऑर्डर देने की प्रक्रिया के संबंध में की।

हुंडई मोटर ने सितंबर में दर्ज की सर्वाधिक मासिक बिक्री



नई दिल्ली। हुंडई मोटर इंडिया की निर्यात सहित कुल मासिक बिक्री सितंबर में सालाना आधार पर 10.8 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक के उच्चतम स्तर 77,916 इकाई पर पहुंच गई। मोटर वाहन विनिर्माता कंपनी ने बताया कि सितंबर में घरेलू बिक्री 57,166 इकाई रही, जो सालाना आधार पर 10.9 प्रतिशत अधिक है। वहीं, निर्यात सालाना आधार पर 10.4 प्रतिशत बढ़कर 20,750 इकाई हो गया। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं तरुण गर्ग ने कहा, हमें खुशी है कि सितंबर 2026 में घरेलू बिक्री और निर्यात को मिलाकर कुल मासिक बिक्री 77,916 इकाई के अब तक के उच्चतम स्तर पर रही।

अमेजन नाउ अब 120 से अधिक शहरों में मौजूद



बेंगलुरु। अमेजन ने अपनी त्वरित आपूर्ति सेवा 'अमेजन नाउ' का विस्तार भारत के 120 से अधिक शहरों तक कर दिया है। ई-कॉमर्स कंपनी ने त्योहारों से पहले अपने डिलीवरी नेटवर्क को मजबूत करने के बीच दो सप्ताह में इसका विस्तार दोगुना किया है। अमेजन ने शुक्रवार को बयान में कहा कि यह सेवा अब अमृतसर, अबोहर, जालंधर, अंबाला, मंगलुरु, मणिपाल, विशाखापत्तनम, कोच्चि, चंगनाशेरी, भुवनेश्वर और कारवार समेत शहरों में उपलब्ध है।

नेपाल में सितंबर में पहुंचे सबसे अधिक पर्यटक



काठमांडू। नेपाल में सितंबर महीने में सबसे अधिक विदेशी पर्यटक पहुंचे। इस दौरान 17,425 भारतीय पर्यटक नेपाल आए जो सालाना आधार पर 12 प्रतिशत अधिक है। शुक्रवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। नेपाल पर्यटन बोर्ड (एनटीबी) के अनुसार, सितंबर में कुल 88,248 विदेशी पर्यटक नेपाल पहुंचे। अगस्त की तुलना में भी पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। अगस्त में हिमालयी देश में 85,444 विदेशी पर्यटक पहुंचे थे।

दुनिया पर महंगाई का खतरा, फ्यूल सब्सिडी हो सकती है 1 ट्रिलियन डॉलर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव का आपकी जेब पर भी होगा असर, कच्चे तेल की कीमतें करीब 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंची

मिडिल ईस्ट में जारी तनाव का असर अब सिर्फ तेल बाजार तक सीमित नहीं है, बल्कि दुनिया भर की सरकारों के बजट पर भी इसका दबाव बढ़ रहा है। कच्चे तेल की कीमतें करीब 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंचने के बीच कई देश पेट्रोल-डीजल और दूसरी जरूरी चीजों की कीमतों को काबू में रखने के लिए सब्सिडी, टैक्स में राहत और कीमतों पर सीमा जैसे कदम उठा रहे हैं। लेकिन लंबे समय तक ऐसा करना सरकारों के लिए आसान नहीं होगा। संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल दुनिया में फ्यूल सब्सिडी पर होने वाला खर्च 1 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 9,61,03,02,24,00,000 रुपए तक जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल से सितंबर के बीच महंगे फ्यूल और खाने-पीने की चीजों से लोगों को राहत देने वाले तरीके अपनाने वाले देशों की संख्या करीब दोगुनी हो गई। इन सरकारी कदमों का सीधा फायदा आम लोगों को मिला है। अनुमान है कि इस साल करीब 13 करोड़ लोग गरीबी रेखा से नीचे जाने से बच सके। लेकिन अब सरकारों के सामने दूसरी चुनौती खड़ी हो रही है।

महंगा तेल बढ़ा रहा परेशानी

पश्चिम एशिया का तनाव लंबा खिंचने से ऊर्जा बाजार पर दबाव बना हुआ है। तेल की कीमतों में बढ़ोतरी का असर पेट्रोल, डीजल, गैस और परिवहन लागत पर पड़ता है। इसका असर आगे चलकर खाने-पीने और रोजमर्रा की दूसरी चीजों की कीमतों पर भी दिखाई दे सकता है। इसी वजह से कई सरकारें लोगों पर तुरंत पड़ने वाले बोझ को कम करने के लिए अलग-अलग तरीके अपना रही हैं। कहीं फ्यूल पर सब्सिडी दी जा रही है, तो कहीं कीमतों की अधिकतम सीमा तय की गई है। कुछ देशों ने टैक्स में भी राहत दी है। लेकिन तेल महंगा रहने पर इन उपायों का खर्च लगातार बढ़ता जाएगा।



अल नीनो से खाने-पीने की चीजें हो सकती हैं महंगी

एनर्जी संकट के साथ मौसम भी चिंता बढ़ा रहा है। इस समय मजबूत अल नीनो की स्थिति बन रही है। इससे कई इलाकों में सामान्य से ज्यादा गर्मी, सूखा या बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो सकती है।

सरकारों के बजट पर बढ़ रहा दबाव

समस्या सिर्फ तेल की कीमतों तक सीमित नहीं है। दुनिया के कई देशों में कर्ज लेना पहले के मुकाबले महंगा हो गया है। ऐसे में सरकारों के लिए अतिरिक्त पैसा जुटाना मुश्किल हो रहा है। एक तरफ लोगों को महंगाई से बचाने की जरूरत है और दूसरी तरफ सरकारी खजाने पर बोझ बढ़ रहा है।

आम लोगों पर असर

महंगे ईंधन का असर सिर्फ पेट्रोल पंप तक नहीं रहता। ट्रक, बस और दूसरे वाहनों का खर्च बढ़ने पर सामान को एक जगह से दूसरी जगह पहुंचाना महंगा हो जाता है। इसका असर सब्जियों, अनाज और रोजमर्रा की दूसरी चीजों की कीमतों पर पड़ सकता है। भारत जैसे तेल आयात करने वाले देशों के लिए भी लंबे समय तक महंगा कच्चा तेल चुनौती बन सकता है। सरकारें कीमतों पर राहत देने के अलग तरीके भी निकाल सकती है, लेकिन इसका असर सरकारी वित्त पर पड़ सकता है। यूएनडीपी के मुताबिक, सितंबर में कम से कम 10 देशों में महंगी एनर्जी से जुड़ी सामाजिक अशांति और परफॉर्मेंस भी देखने को मिले।

साख निर्धारण एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल की रिपोर्ट

डेटा सेंटर नीति के मामले में तेलंगाना महाराष्ट्र व उप्र शीर्ष राज्यों में शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कंपनियों को तेलंगाना में बिजली और मजबूत समर्थन मिला

भारत में डेटा सेंटर के लिए तेलंगाना सबसे आकर्षक नीतिगत पैकेज देने वाला राज्य बनकर उभरा है। उसे बिजली और नियामकीय प्रोत्साहनों के मामले में मजबूत समर्थन मिला है।

तेलंगाना सबसे आकर्षक पैकेज देने वाला राज्य बना

वित्तीय शोध और साख निर्धारित करने वाली एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

रिपोर्ट के अनुसार, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश ने बिजली, बुनियादी ढांचे, पूंजी और नियामकीय व्यवस्था से जुड़े व्यापक प्रोत्साहनों के साथ संतुलित नीतियां तैयार की हैं। 'इंडिया फॉरवर्डः रीइमैजिनिंग ग्रोथ' शीर्षक वाली रिपोर्ट में कहा गया कि गुजरात ने बड़े स्तर के डेटा सेंटर संचालकों (हाइपरस्केलर्स) को आकर्षित करने के लिए बिजली और कारोबार सुगमता के मामले में सबसे लाभकारी प्रावधान किए हैं।

सूची में चार राज्यों को 50 अंक मिले

एसएंडपी ग्लोबल एनर्जी के 'डेटा सेंटर पॉलिसी अट्रैक्टिवनेस इंडिया' (डीसीपीएआई) सूचकांक में इन चारों प्रमुख राज्यों को करीब 50 अंक मिले हैं। इस सूचकांक में 11 राज्यों द्वारा 2016 से लागू की गई 19 नीतियों का मूल्यांकन किया गया। इनमें सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), आईटी आधारित सेवाएं (आईटीईएस), डेटा सेंटर और वैश्विक क्षमता केंद्र (जीसीसी) से संबंधित नीतियां शामिल हैं।



चार प्रमुख प्रोत्साहन श्रेणियां तय

नीतियों का मूल्यांकन चार प्रमुख प्रोत्साहन श्रेणियों (बिजली, जमीन और पूंजी, परिचालन एवं तकनीकी सहायता तथा नियामकीय व्यवस्था और कारोबार सुगमता) के आधार पर किया गया। दूसरे समूह में 42 से 45 अंक वाले ओडिशा, हरियाणा, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक शामिल हैं।

पूंजी से जुड़े प्रोत्साहन में आंध्रप्रदेश आगे

इस समूह में जमीन और पूंजी से जुड़े प्रोत्साहनों के मामले में आंध्र प्रदेश आगे है, जबकि कर्नाटक में कारोबार सुगमता से जुड़े उल्लेखनीय प्रावधान हैं। इनमें आवश्यक सेवाओं के रखरखाव से संबंधित कानून के तहत संरक्षण भी शामिल है। रिपोर्ट के अनुसार, ओडिशा और हरियाणा की नीतियां परियोजना के पूरे जीवन चक्र को ध्यान में रखते हुए व्यापक प्रोत्साहन देने पर केंद्रित हैं।

मौजूदा क्षमता करीब 1,5 गीगावाट की

रिपोर्ट के अनुसार, राज्यों के बीच यह प्रतिस्पर्धा डेटा सेंटर क्षेत्र में बड़े विस्तार के बीच हो रही है। भारत में उद्यमों के लिए साझा और समर्पित डेटा सेंटर सुविधाओं की मौजूदा क्षमता करीब 1.5 गीगावाट (जीडब्ल्यू) है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले एक दशक में पांच गीगावाट क्षमता के लिए प्रतिबद्धताएं पहले ही की जा चुकी हैं, जबकि छह से सात गीगावाट अतिरिक्त क्षमता की घोषणा हो चुकी है या उसकी योजना शुरुआती चरण में है।

डेटा सेंटर की बिजली मांग बढ़ने का अनुमान

रिपोर्ट के अनुसार, हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग तथा परिचालन संबंधी बिजली खपत समेत भारतीय डेटा सेंटर की कुल बिजली मांग 2025 से 2035 के बीच सालाना औसतन 18 प्रतिशत की चक्रवृद्धि दर से बढ़ने का अनुमान है।

नैटकॉन 2026 के लिए कोलकाता रवाना हुई क्रेडाई छत्तीसगढ़ की टीम



रायपुर। भारतीय रियल एस्टेट सेक्टर इन दिनों एक महत्वपूर्ण बदलाव के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में रायपुर में 'स्टेटकॉन 2026' के बेहद सफल आयोजन के बाद, क्रेडाई छत्तीसगढ़ की टीम क्रेडाई के 24वें नेशनल कॉन्फ्रेंस 'नैटकॉन 2026' में हिस्सा लेने के लिए शुक्रवार को कोलकाता रवाना हो गई है। यह तीन दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 2, 3 और 4 अक्टूबर 2026 को कोलकाता के आईटीसी रॉयल बंगाल में आयोजित हो रहा है, जो रियल एस्टेट सेक्टर के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा।

इस साल नैटकॉन की थीम 'द इंडियन रियल एस्टेट डायलॉग' रखी गई है। इस कार्यक्रम में पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री सहित देश भर के कई बड़े पॉलिसी मेकर्स और एक्सपर्ट्स रियल एस्टेट के भविष्य पर चर्चा करेंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और रियल एस्टेट में नवाचार (इनोवेशन) पर विशेष मंथन यह सम्मेलन देश भर के डेवलपर्स के लिए एक बेहद महत्वपूर्ण अवसर है। तीन दिनों तक चलने वाले इस आयोजन में अलग-अलग सत्र होंगे, जिनमें खास एक्सपर्ट्स अपनी बात रखेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार मुख्य रूप से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रियल एस्टेट में नवाचार, डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, अर्बन डेवलपमेंट, डिजाइन और मार्केटिंग जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी। साथ ही, घर खरीदारों की बढ़ती उम्मीदों और आर्थिक संभावनाओं पर भी मंथन किया जाएगा। सम्मेलन में इस बात पर भी विचार साझा किए जाएंगे कि केंद्र व राज्य सरकारों की नीतियों को किस प्रकार समावेशी बनाते हुए राष्ट्रीय स्तर पर लागू किया जा सकता है।

क्रेडाई छत्तीसगढ़ की टीम

इस टीम में क्रेडाई नेशनल के ईसी मेंबर आनंद सिंघानिया, क्रेडाई छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष पंकज लाहोटी, चेयरमैन मृणाल गोलछा, सचिव अभिषेक बच्छावत एवं सदस्य विजय नाथानी, राकेश पांडेय, रवि फतनानी, अशोक खूबचंदानी, संजय बघेल, प्रीतेश कटारिया, रमेश राव, संजय रहेजा, विजय अग्रवाल, गौरव अग्रवाल, अशोक मूंढड़ा, अक्षय पांडे, संजना बघेल और सत्येंद्र अग्रवाल शामिल हैं।

बिजनेस साइट

राठी'स बिल्ड मार्ट के 'फायदे के 20 दिन' अभियान का आज अंतिम दिन



रायपुर। राठी'स बिल्ड मार्ट का विशेष 'फायदे के 20 दिन' अभियान आज अपने अंतिम पड़ाव पर पहुंच गया है। बीते 20 दिनों के दौरान छत्तीसगढ़ के विभिन्न शहरों के साथ ओडिशा, मध्य प्रदेश और विदर्भ सहित महाराष्ट्र के अलग-अलग क्षेत्रों से भी ग्राहकों ने अभियान के तहत खरीदारी की। कंपनी के अनुसार, निर्माण और इंटीरियर से जुड़े उत्पादों की व्यापक रेंज तथा विभिन्न ब्रांड्स की उपलब्धता के कारण दूर-दराज के क्षेत्रों से भी ग्राहक यहां पहुंचे। अभियान के तहत निर्माण से लेकर इंटीरियर फिनिशिंग तक 100 से अधिक ब्रांड्स के उत्पाद उपलब्ध कराए गए। राठी'स बिल्ड मार्ट में टाइल्स, स्टोन्स, सैनिटरी, बाथ फिटिंग्स, वेलनेस प्रोडक्ट्स, प्लाईवुड, वेनियर, लैमिनेट, हार्डवेयर फिटिंग्स और एल्युमिनियम विंडोज सहित कई श्रेणियों के उत्पाद उपलब्ध हैं। ग्राहकों को एक ही स्थान पर किफायती विकल्पों से लेकर प्रीमियम और लग्जरी उत्पादों तक चयन का अवसर मिलता है। कंपनी के मुताबिक, अभियान में नए घर बनाने वाले परिवारों के अलावा रेनोवेशन और इंटीरियर कराने वाले ग्राहक, आर्किटेक्ट, इंटीरियर डिजाइनर, बिल्डर्स और कॉन्ट्रैक्टर्स भी जुड़े।

शुभम के मार्ट में दुर्गापूजा स्पेशल फैशन सेल व ग्रॉसरी पर भारी छूट

रायपुर। त्योहारों के मौसम में खरीदारी अब बचत भरी हो गई है। शहर के लोकप्रिय रिटेल स्टोर शुभम के मार्ट ने ग्राहकों के लिए आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। 'त्योहारों की करें तैयारी, बचत वाली होगी हर खरीदारी' के नारे के साथ स्टोर में मंथली ग्रॉसरी, डेली नीड्स, जनरल मर्चेंडाइज और फैशन आइटम्स पर 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। स्टोर प्रबंधन के अनुसार, फेस्टिव व कॉरपोरेट गिफ्ट्स तथा गिफ्ट वाउचर भी उपलब्ध हैं। भारतीय मिठाइयां और नमकीन के चयनित वेरिएंट पर विशेष छूट का प्रावधान है। मंथली ग्रॉसरी सेक्शन में शुभ आटा 5 किलो मात्र 189 रुपए, लूज काबुली चना 1 किलो 95 रुपए, लूज उड़द दाल राजभोग 1 किलो 130 रुपए सहित कई आवश्यक वस्तुओं पर आकर्षक कीमतें रखी गई हैं। डेली नीड्स में रेड लेबल, साबुन, डिटर्जेंट, टूथपेस्ट, स्नग एंड ड्राई प्रीमियम पैंट्स, ब्रिटानिया बॉर्बन, मसाले आदि पर बाय 1 गेट 1 फ्री और अन्य कॉम्बो ऑफर्स चल रहे हैं। जनरल मर्चेंडाइज में स्टील बोतल, ट्रॉली बैग, इलेक्ट्रिक केटल तथा बेडरूम आइटम्स जैसे तकिया, बेडशीट व डोर मैट पर भी भारी बचत का मौका है। दुर्गा पूजा फेस्टिवल सेल के तहत फैशन सेक्शन में 50 प्रतिशत तक की छूट दी जा रही है। स्टोर प्रबंधन ने बताया कि ये ऑफर्स सीमित अवधि के लिए हैं और स्टॉक उपलब्धता के आधार पर लागू होंगे। रायपुर में संतोषी नगर, पुरानी बस्ती, श्रीनगर, कोटा, सरोना, कमलविहार, देवेंद्र नगर, चंगोराभाटा, भाठागांव, अश्विनी नगर, बिरगांव, सड्डु-मेन रोड तथा अन्य कई इलाकों में शुभम के मार्ट की शाखाएं संचालित हैं। छत्तीसगढ़, राजस्थान, गुजरात, ओडिशा और महाराष्ट्र के अन्य शहरों में भी स्टोर उपलब्ध हैं।



महात्मा गांधी जयंती पर बाजार रहे बंद

मुंबई। महात्मा गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में शुक्रवार 2 अक्टूबर को शेयर बाजार, मुद्रा, जिंस और सराफा बाजार बंद रहे। शेयर बाजार में तीन और चार अक्टूबर को भी कामकाज नहीं हो पाएगा। शेयर बाजार में शनिवार और रविवार को ट्रेडिंग सेशन नहीं होते हैं। सराफा बाजार में कुछ स्थानों पर शनिवार को कारोबार हो सकता है।

रॉयल एनफील्ड की बिक्री सितंबर में 8 फीसदी बढ़ी

मुंबई। विदेशी मुद्रा प्रवासी (बैंक) जमा समेत सावधि जमा के एवज में बैंकों का कर्ज 31 अगस्त, 2026 तक सालाना आधार पर 43.2 प्रतिशत बढ़कर 2.04 लाख करोड़ रुपये हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। एक साल पहले 31 अगस्त तक यह कर्ज 1.43 लाख करोड़ रुपये था। वित्त वर्ष के आधार पर भी 31 मार्च, 2026 के 1.69 लाख करोड़ रुपये के मुकाबले इसमें 20.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सावधि जमा के एवज में कर्ज में यह तेज वृद्धि ऐसे समय हुई है जब कुल बैंक कर्ज भी 31 अगस्त, 2026 तक सालाना आधार पर 19.1 प्रतिशत बढ़कर 223.88 लाख करोड़ रुपये हो गया।

लाइसेंस उल्लंघन अपराध की श्रेणी से बाहर

पेट्रोलियम से जुड़े अपराधों के लिए कड़े दंड का प्रस्ताव

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सरकार ने पेट्रोलियम क्षेत्र में सार्वजनिक सुरक्षा, महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे और अनधिकृत परिचालन से जुड़े गंभीर अपराधों के लिए आपराधिक दंड को बरकरार रखने या सख्त करने का प्रस्ताव किया है। साथ ही पेट्रोलियम लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन जैसे विनियामक उल्लंघनों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और एक दीवानी जुर्माना व्यवस्था शुरू करने का प्रस्ताव भी किया गया है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 के मसौदा संशोधनों पर जनता और उद्योग जगत से टिप्पणियां मांगी हैं।

आपराधिक दंड को बरकरार रखने का प्रस्ताव

इसमें कानून के अपराध, दंड और प्रवर्तन से जुड़े प्रावधानों में बड़े बदलाव का प्रस्ताव किया गया है। पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 को पेट्रोलियम के आयात, परिवहन, भंडारण, उत्पादन, शोधन और सम्मिश्रण से संबंधित कानून को संशोधित करने के लिए लागू किया गया था।

मसौदा संशोधनों पर टिप्पणियां मांगते हुए मंत्रालय ने कहा, ''लाइसेंस की शर्तों के उल्लंघन जैसे विनियामक मुद्दों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और प्रशासनिक तंत्र के माध्यम से दीवानी जुर्माना लगाने की व्यवस्था करने के लिए पेट्रोलियम अधिनियम, 1934 में संशोधन का प्रस्ताव किया गया है।''

मंत्रालय के अनुसार, प्रस्तावित संशोधन पेट्रोलियम परिचालन के विभिन्न पहलुओं से संबंधित विशिष्ट अपराधों के खिलाफ पर्याप्त रोकथाम करते हैं। प्रस्तावित संशोधनों के तहत लाइसेंस शर्तों के उल्लंघन से आपराधिक मुकदमे के बजाय एक प्रशासनिक न्याय व्यवस्था के माध्यम से निपटा जाएगा।

पहले उल्लंघन के लिए 2.5 करोड़ का जुर्माना

अधिकारी पहले उल्लंघन के लिए 2.5 करोड़ रुपये तक और दूसरे या उसके बाद के उल्लंघन के लिए पांच करोड़ रुपये तक का दीवानी जुर्माना लगा सकता है। हालांकि, अगर लाइसेंस उल्लंघन से सार्वजनिक सुरक्षा खतरे में पड़ती है या गंभीर चोट या मृत्यु होती है, तो उनसे आपराधिक मामलों की तरह निपटा जाएगा।

जनता से सुझाव व टिप्पणियां आमंत्रित

मसौदे में कई गंभीर अपराधों के लिए कड़े दंड का भी प्रस्ताव किया गया है। मंत्रालय ने अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर आम जनता और उद्योग से जुड़े पक्षों से टिप्पणियां एवं सुझाव आमंत्रित किए हैं।

एफपीआई ने शेयर बाजार से निकाले 35,860 करोड़

नई दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) लगातार दो महीने की खरीदारी के बाद सितंबर में शुद्ध रूप से बिकवाल रहे। उन्होंने शेयर बाजार से 35,860 करोड़ रुपये निकाले। सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी निवेशकों की बिकवाली अक्टूबर में भी जारी रही और उन्होंने एक अक्टूबर को भारतीय शेयर बाजार से 9,232 करोड़ रुपये और निकाले। इससे पहले एफपीआई ने जुलाई में भारतीय शेयरों में 20,200 करोड़ रुपये और अगस्त में 29,630 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

ताजा बिकवाली के साथ एफपीआई 2026 में अब तक भारतीय शेयरों से करीब 2.7 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह पूरे 2025 में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से काफी अधिक है।

अल्फा एएमसी के कोष प्रबंधक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राजेश सिंगला ने कहा कि एफपीआई मुख्य रूप से बाहरी कारकों की वजह से भारतीय शेयरों से पैसा निकाल रहे हैं।

इंफो एज के प्रमुख ब्रांड नौकरी डॉट कॉम की रिपोर्ट

सितंबर में दफ्तरों की नौकरी में दो फीसदी की वृद्धि

एजेंसी ▶▶| मुंबई

एआई और वाहन क्षेत्र की मांग के चलते मामूली वृद्धि हुई

मुख्य रूप से कृत्रिम मेधा तथा मशीन लर्निंग (एआई/एमएल) भूमिकाओं और साथ ही वाहन क्षेत्र में मजबूत मांग के चलते सितंबर में दफ्तरों में काम करने को लेकर नियुक्तियों में सालाना आधार पर दो प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई। जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। इंफो एज के प्रमुख ब्रांड नौकरी डॉट कॉम की इस रिपोर्ट के अनुसार सितंबर में दफ्तरों की नियुक्तियां मोटे तौर पर स्थिर रहीं और इनमें सालाना आधार पर दो प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। इसके साथ ही 'नौकरी जॉबस्पीक इंडेक्स' पिछले वर्ष के इसी महीने के 3,002 की तुलना में बढ़कर 3,053 पर पहुंच गया।

मंच रुझानों की निगरानी करता है

'नौकरी जॉबस्पीक' एक मासिक सूचकांक है जो नौकरी डॉट कॉम के मंच पर नई नौकरियों की पोस्टिंग और नियोक्ताओं द्वारा की जाने वाली खोजों के आधार पर भारत के रोजगार बाजार और नियुक्ति गतिविधियों के रुझानों की निगरानी करता है।



एआई और मशीन लर्निंग में 20 फीसदी की तेजी

रिपोर्ट से पता चला कि कृत्रिम मेधा और मशीन लर्निंग से जुड़ी भूमिकाओं में जोरदार वृद्धि का दौर जारी रहा और सितंबर में यह 20 प्रतिशत बढ़ी, जबकि वाहन क्षेत्र में 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। समीक्षाधीन माह के दौरान बीपीओ/आईटीईएस और वैश्विक क्षमता केंद्रों (जीसीसी) में नियुक्तियों में चार-चार प्रतिशत की वृद्धि हुई।

बीमा, बैंकिंग व वित्तीय सेवाएं स्थिर रहे

अन्य प्रमुख क्षेत्रों में बीमा, खुदरा, बैंकिंग एवं वित्तीय सेवाएं तथा रियल एस्टेट मोटे तौर पर स्थिर रहे। वहीं आईटी/सॉफ्टवेयर सेवाओं में चार प्रतिशत, फार्मा/जैव प्रौद्योगिकी में चार प्रतिशत, रोजमर्रा के उपभोग की वस्तुओं (एफएमसीजी) में चार प्रतिशत और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में तीन प्रतिशत की गिरावट देखी गई।

हैदराबाद में नौ फीसदी की वृद्धि

महानगरों में हैदराबाद ने सालाना आधार पर नौ प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इसके बाद चेन्नई में छह प्रतिशत तथा बेंगलुरु और कोलकाता में चार-चार प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। पुणे का स्तर जहां स्थिर रहा, वहीं दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में छह-छह प्रतिशत की गिरावट आई।

भारत को एक मिनट में मिले 2 गोल्ड, बॉक्सर अंकुश और रेसलर सुजीत बने चैंपियन

एजेंसी ▶▶| नागोया

कुश्ती के 65 किलोग्राम फ्रीस्टाइल वर्ग में सुजीत कलकल ने शानदार मुकाबला जीतकर भारत को कुश्ती में गोल्ड दिलाया। सुजीत ने फाइनल में ताजिकिस्तान के अब्दुलमाजिद कुडिएव को हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह 2026 एशियन गेम्स में भारत का कुश्ती में पहला गोल्ड भी है।

इसके तुरंत बाद बॉक्सिंग में अंकुश पंघाल ने पुरुषों के 80 किलोग्राम वर्ग के फाइनल में दक्षिण कोरिया के किम मिनसियोंग को 4-0 से हराकर गोल्ड मेडल जीता। अंकुश ने पूरे मुकाबले में बढ़त बनाए रखी और शानदार प्रदर्शन के साथ एशियन गेम्स का खिताब अपने नाम किया।

'गोल्डन सिक्स' के साथ भारत टॉप 5 पर : महिला हॉकी टीम ने एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया जबकि मुक्केबाजों, तीरंदाजों और पहलवान सुजीत कलकल ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को 6 स्वर्ण पदकों के साथ भारत को पदक तालिका में शीर्ष पांच में पहुंचा दिया।



बॉक्सिंग में एक दिन तीन गोल्ड मेडल

भारतीय बॉक्सिंग टीम ने इस दिन तीन गोल्ड मेडल पूरे किए। इससे पहले लवलीना बोरगोहेन और परवीन हुड्डा भी अपने-अपने फाइनल जीतकर स्वर्ण पदक हासिल कर चुकी थीं। यानी एशियन गेम्स के इस दिन भारत के लिए बॉक्सिंग और कुश्ती से लगातार गोल्ड आने का सिलसिला देखने को मिला।



सेपकटकरा : भारत को मिला कांस्य

भारतीय टीम शुक्रवार को एशियाई खेलों की सेपकटकरा प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग के सेमीफाइनल में मेजबान जापान से 0-2 से हार गई और इस तरह से उसे कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। भारत सेमीफाइनल मैच 12-15, 13-15 से हार गया। भारतीय टीम ने दूसरे सेट में जापान को कड़ी चुनौती दी लेकिन आखिर में वह जीत हासिल करने में कामयाब नहीं हो पाई। इससे पहले भारत ने अपने सभी मैच जीतकर ग्रुप ए में शीर्ष स्थान हासिल किया था। उसने ग्रुप चरण में लाओस (2-0), वियतनाम (2-0) और म्यांमार (2-1) को हराया था। दूसरी ओर जापान ने ग्रुप बी में दूसरा स्थान हासिल किया था। उसकी शुरुआत इंडोनेशिया से 1-2 की हार से हुई थी। इसके बाद उसने सिंगापुर और कोरिया को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

क्रिकेट : आज टीम इंडिया के सामने पाकिस्तान की चुनौती



नागोया। विश्व चैंपियन भारत शनिवार को एशियाई खेलों के पुरुष क्रिकेट के स्वर्ण पदक मुकाबले में पाकिस्तान की युवा टीम के खिलाफ अपने अनुभवी सितारों से दमदार प्रदर्शन की उम्मीद करेगा। दोनों देशों के बीच यह मुकाबला एशियाई खेलों की पुरुष क्रिकेट प्रतियोगिता का अब तक का सबसे अधिक राजनीतिक तनाव वाला फाइनल होगा। मैदान पर दोनों टीमें जीत के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगी और मैदान के बाहर भी दोनों के बीच तनातनी बनी रहने की संभावना है। पिछले साल एशिया कप के दौरान शुरू हुई हाथ न मिलाने की परंपरा के कारण इस मुकाबले से पहले या बाद में भी खिलाड़ियों के एक-दूसरे से हाथ मिलाने की संभावना बेहद कम है।
लगातार बारिश के कारण दोनों टीमों को मैदान पर सीधे सेमीफाइनल मुकाबले में उतरना पड़ा। दोनों टीमों ने अपने-अपने सेमीफाइनल आसानी से जीतकर फाइनल में जगह बनाई। इस तरह दोनों को स्वर्ण पदक के लिए सिर्फ दो मुकाबले जीतने पड़े हैं। भारत के अंतरिम मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण और नये टी20 कप्तान श्रेयस अय्यर के लिए यह मुकाबला चुनौतीपूर्ण होगा।



पदक तालिका

स्थान	देश	स्वर्ण	रजत	कांस्य	कुल
1	चीन	162	81	73	316
2	जापान	72	83	85	240
3	द. कोरिया	33	39	62	134
4	उज्बेकिस्तान	20	23	22	65
5	भारत	16	25	35	76

महिला डिंगी सेलिंग : नेत्रा ने कांस्य पदक किया अपने नाम

गामागोरी सिटी। भारत की नेत्रा कुमानन ने शुक्रवार को एशियाई खेलों की महिला डिंगी सेलिंग स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर अपने चौथे एशियाई खेल अभियान में पहला पदक हासिल किया। चेन्नई की 29 वर्षीय नेत्रा ने कुल 14 अंक हासिल किए। दो बार की इस ओलंपियन ने फाइनल रेस में सात और क्वालीफिकेशन रेस में भी सात अंक जुटाए और तीसरे स्थान पर रहीं। थाईलैंड की सोफिया मॉन्टगोमरी ने पांच अंक के साथ स्वर्ण, जबकि सिंगापुर की जेनिया आंग ने 13 अंक के साथ रजत पदक जीता। नेत्रा ने अपने प्रदर्शन के बारे में कहा, 'मेरी भावनाएं मिली-जुली हैं। यह मेरे चौथे एशियाई खेल हैं और आखिरकार यहां से कोई पदक लेकर लौटना अच्छा लग रहा है। मैंने हालांकि कई गलतियां कीं और काफी अंक गंवाए।' सेलिंग में प्रत्येक रेस में हासिल किए गए स्थान के आधार पर अंक दिए जाते हैं। पहला स्थान हासिल करने वाले खिलाड़ी को एक अंक मिलता है और सबसे कम कुल अंक वाला खिलाड़ी विजेता बनता है। नेत्रा ने अपनी अंतिम दो रेस में से एक में जीत हासिल की, जबकि दूसरी रेस में वह छठे स्थान पर रहीं।

तीरंदाजी : महिला रिकर्व टीम ने जीता ऐतिहासिक स्वर्ण



नागोया। महिला रिकर्व टीम ने 10 बार की ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया को हराकर ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता, जबकि पुरुष रिकर्व और मिश्रित रिकर्व टीमों ने रजत पदक अपने नाम कर एशियाई खेलों की तीरंदाजी में शुक्रवार के दिन को भारत के लिए शानदार बना दिया। रिकर्व टीमों के इस शानदार प्रदर्शन से पहले भारतीय कंपाउंड तीरंदाज सभी टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदकों पर कब्जा कर चुके हैं। भारत ने तीरंदाजी में अब तक कुल सात पदक जीत लिए हैं, जिनमें चार स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य शामिल हैं। अंकिता भकत, कीर्ति शर्मा और 17 वर्षीय कुमकुम मोहोड़ की महिला रिकर्व टीम दिन का पहला पदक दिलाया। भारतीय तिकड़ी ने तेज हवा के कारण चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच धैर्य बनाए रखते हुए गत चैंपियन दक्षिण कोरिया को 5-3 (54-54, 56-56, 55-51, 54-54) से हराकर यादगार जीत दर्ज की।

पुरुष हॉकी : टीम की नजरें स्वर्ण पर, आज मलेशिया से खिताबी भिड़ंत

काकामिगाहारा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम को मलेशिया के खिलाफ एशियाई खेलों के फाइनल में शनिवार को अपना खिताब बरकरार रखने और लॉस एंजिलिस ओलंपिक 2028 का टिकट कटाने के लिए गलतियों से सबक लेकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय टीम ने कभी लगातार दो एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक नहीं जीता है और उसके पास शनिवार को यह कामयाबी हासिल करके भारतीय हॉकी का सुनहरा अध्याय लिखने का मौका है। दूसरी ओर मलेशिया ने दक्षिण कोरिया को 2-1 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया। पिछले तीन बार में मलेशिया दूसरी बार फाइनल में पहुंचा है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा मलेशिया ने अच्छा प्रदर्शन किया है और यह मुकाबला अच्छा रहेगा।

खबर संक्षेप



समापन समारोह में ध्वजवाहक होंगी नीरू

नागोया। ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा रविवार को एशियाई खेलों के समापन समारोह में भारत की महिला ध्वजवाहक होंगी।
नीरू ने एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक और एक टीम रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। यह 27 वर्षीय खिलाड़ी अपना तीसरा पदक जीतने के एक दिन बाद भारत लौट गई थी। अब वह समापन समारोह में भारतीय दल का नेतृत्व करने के लिए शनिवार सुबह नागोया वापस जाएंगी। भारत की उपमाशन प्रमुख अंजलि भागवत ने शुक्रवार को बताया, 'नीरू समापन समारोह में महिला ध्वजवाहक होगी।

ईरानी कप : जम्मू कश्मीर ने बनाई बढ़त, शेष एकादश 17 रन पीछे



श्रीनगर। मुकेश चौधरी ने शेष एकादश के लिए 78 रन पर 5 विकेट झटककर शानदार प्रदर्शन किया, जिससे टीम ने ईरानी कप मैच में जम्मू-कश्मीर को 278 रन पर रोकने के बाद दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट गंवाकर 24 रन बना लिए। शेष एकादश ने दूसरी पारी में शिखर मोहन (02) का विकेट जल्दी गंवा दिया, जिससे वह अब भी 17 रन से पीछे चल रही है। तेज गेंदबाजों के दबदबे वाले मुकाबले में जम्मू कश्मीर ने पहली पारी के आधार पर 41 रन की बढ़त हासिल की। पहले दिन शेष एकादश के 237 रन पर ऑल आउट होने के बाद घरेलू टीम के बल्लेबाजों को भी विपक्षी तेज गेंदबाजों के खिलाफ संघर्ष करना पड़ा। जम्मू-कश्मीर ने पहले दिन दिन स्टंप तक पहले सात ओवर में ही दो विकेट गंवा दिए थे।

गेंदबाजी की 'गुत्थी' सुलझाने उतरेगा भारत

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

भारत और वेस्टइंडीज के बीच आखिरी वनडे आज

पहले दो मैच में जीत हासिल कर चुकी भारतीय टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ शनिवार को होने वाले तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी गेंदबाजी की गुत्थी सुलझानी होगी, जिसमें अनुभवी रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर नजर रहेगी। भारत ने सीरीज में दबदबा बनाए रखा है, लेकिन उनके प्रदर्शन के बजाय चर्चा पिच के बल्लेबाजी के अनुकूल होने पर केंद्रित रही है, क्योंकि पिछले वनडे में 800 से अधिक रन बने थे। इन परिस्थितियों की आलोचना करने वालों में भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर भी शामिल हैं, जो बल्ले और गेंद के बीच संतुलन देखना चाहते हैं। सीरीज में पहले ही अजेय बढ़त ले चुकी भारतीय टीम अब अपने गेंदबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी।



युजवेंद्र चहल ने लाल गेंद क्रिकेट को कहा अलविदा

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारतीय टीम से बाहर चल रहे लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने पिछले महीने लॉर्ड्स के प्रतिष्ठित मैदान पर नॉर्थम्पटनशर की ओर से मिडलसेक्स के खिलाफ अपना आखिरी इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप मैच खेलने के बाद प्रथम श्रेणी क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है।

भारत के लिए 72 वनडे और 80 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके चहल लाल गेंद की क्रिकेट में अपेक्षित सफलता हासिल नहीं कर पाए। उन्होंने 49 प्रथम श्रेणी मैच खेले, जिनमें 6 बार पांच या इससे अधिक विकेट लेने के



कारनामे सहित 148 विकेट लिए। नॉर्थम्पटनशर की तरफ से अपने अंतिम प्रथम श्रेणी सत्र में चहल ने 5 मैचों में 21 विकेट लिए, जिसमें डरहम के खिलाफ एक मैच में 9 विकेट लेना भी शामिल है।

टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सपना था

चहल ने इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा, 'मैंने अपना आखिरी प्रथम श्रेणी मैच लॉर्ड्स में खेला था। यह कहते हुए मैं भावुक हो रहा हूं क्योंकि टेस्ट क्रिकेट खेलना मेरा सपना था। एक ऐसा सपना, जिसे मैंने कई साल तक संजोकर रखा। भले ही यह सपना पूरा न हुआ हो, लेकिन मैं अपने अब तक के सफर से पूरी तरह संतुष्ट हूं।' उन्होंने कहा, 'मेरे लिए लाल गेंद का क्रिकेट केवल एक अन्य प्रारुप नहीं था। यहीं मैंने धैर्य, जज्बा, दृढ़ता और घंटों तक मैदान पर रहकर हर रन और हर विकेट के लिए संघर्ष करने के आनंद का मतलब सीखा।'

कोलकाता पहुंची ब्राजील की फुटबॉल टीम, आज होगा रोमांचक मुकाबला

एजेंसी ▶▶| कोलकाता



भारतीय फुटबॉल टीम अभी तक के अपने सबसे बड़े मुकाबले में शनिवार को जब पांच बार की विश्व चैंपियन ब्राजील के खिलाफ प्रतिष्ठित सॉल्ट लेक स्टेडियम में मैत्री मैच खेलने के लिए उतरेगी तो वह बिना किसी दबाव के अपना सर्वश्रेष्ठ खेल खेलने की कोशिश करेगी। कई स्टार खिलाड़ियों से सजी और विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान पर काबिज ब्राजील पहली बार भारत के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगा। उसकी टीम में रियाल मैड्रिड के फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर, आर्सेनल के डिफेंडर गैब्रियल मैगाल्हेस, मिडफील्डर ब्रूनो गुइमारेस और अनुभवी मार्क्विनहोस शामिल हैं। ब्राजील की टीम ऐसे शहर पहुंची है, जहां उनकी पीली जर्सी के दीवानों की कमी नहीं है। विश्व कप के दौरान यह शहर ब्राजील और अर्जेंटीना की जर्सी रंग से पटा रहता है। कागजों पर भले ही यह मुकाबला बेमेल नजर आ रहा हो लेकिन 138वें स्थान पर काबिज भारत के लिए अपनी प्रगति को परखने का यह शानदार मौका है।

भारत-पाक एशियाड फाइनल में नहीं आएंगे नकवी

दुबई। एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) अध्यक्ष मोहसिन नकवी जापान के निशिन शहर के कोरोगी पार्क में शनिवार को होने वाले भारत और पाकिस्तान के बीच एशियाई खेलों



के स्वर्ण पदक मुकाबले के दौरान उपस्थित नहीं होंगे एसीसी ने आधिकारिक मीडिया हैंडल 'एक्स' पर लिखा, ''एसीसी अध्यक्ष मोहसिन नकवी पूर्व निर्धारित प्रतिबद्धताओं के कारण एशियाई खेल 2026 के फाइनल में शामिल नहीं हो पाएंगे, लेकिन स्वर्ण और कांस्य पदक मुकाबलों से पहले सभी चार टीम को अपनी हार्दिक शुभकामनाएं भेजते हैं। नकवी ने इस पोस्ट में कहा, 'एशियाई खेल 2026 में स्वर्ण और कांस्य पदक मुकाबलों से पहले सभी प्रतिभागियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं। प्रतिबद्धताओं के कारण मैं नागोया से दूर रहूंगा। लेकिन मैं कुछ रोमांचक मुकाबलों का बेसब्री से इंतजार करूंगा। '

टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ सीरीज पर जमाया कब्जा

इंडिया ए ने कराया ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ मैच ड्रॉ



एजेंसी ▶▶| पुडुचेरी

ऑस्ट्रेलिया ए के इंडिया ए ने दूसरे अनाधिकारिक टेस्ट मैच को बचा लिया है। मैच की चौथी पारी में जीत के लिए 365 रनों का लक्ष्य दिया था।

मैच में एक दिन से ज्यादा का समय बचा हुआ था। इसके बाद भी मुश्किल विकेट पर इंडिया ए ने मैच को ड्रॉ करवा दिया है। आखिरी दिन ऑस्ट्रेलिया ए को 9 विकेट की जरूरत थी लेकिन उनके गेंदबाज 8 ही भारतीय बल्लेबाजों को आउट कर पाई। दो मैचों की इस सीरीज को इंडिया ए ने 1-0 से अपने नाम किया।

इंडिया ए ने चौथी पारी में 310 रन बनाए

इंडिया ए ने अपनी चौथी पारी में 9 विकेट पर 310 रन बनाए। जब टीम का 9वां विकेट गिरा तो 18 गेंद का खेल बाकी थी। नचिकेत भुटे ने प्रफुल हिंगे के साथ मिलकर टीम को बचा लिया। भुटे ने 21 गेंदों पर नाबाद 20 रन बनाए। वहीं हिंगे ने 6 गेंदों का सामना किया और विकेट नहीं दिया। पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया ए ने 358 रन बनाए तो इंडिया ए की टीम 167 रन ही बना सकी। दूसरी पारी को ऑस्ट्रेलिया ए ने 4 विकेट पर 173 रन बनाकर घोषित कर दी।

देशपांडे और यश राठौर की फिफ्टी

इंडिया ए के लिए नाइटवॉच मैन के रूप में उतरे तुषार देशपांडे ने फिफ्टी ठोकी। वह तीसरे दिन स्टंप से पहले साई सुदर्शन के आउट होने के बाद उतरे थे। 119 गेंदों पर देशपांडे के बल्ले से 119 गेंदों पर 52 रनों की पारी निकली। वहीं यश राठौर ने 138 गेंद पर 80 रन बनाए। ओपनर आयुष पांडे ने 80 गेंद पर 19 रनों का योगदान दिया। इंडिया ए के कप्तान देवदत्त पडिक्कल ने 26 और शेख रशीद ने 38 रन नबाए। कुमार कुशाग्र और तनुष कोटियान 1-1 रन का ही योगदान दे पाए।

नेशंस लीग फुटबॉल : जर्मनी ने सर्बिया को दी शिकस्त

जर्मनी कोच जुर्गेन क्लोप ने चखा जीत का स्वाद

एजेंसी ▶▶| बर्लिन

जर्मनी के मुख्य कोच के रूप में जुर्गेन क्लोप ने आखिरकार पहली जीत का स्वाद चखा जबकि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में भी पुर्तगाल ने नेशंस लीग फुटबॉल में शानदार प्रदर्शन करते हुए डेनमार्क को 4-2 से हराया। फ्लोरियन विर्ट्ज के शानदार प्रदर्शन की बदौलत में जर्मनी ने म्यूनिख में ग्रुप ए2 में सर्बिया को 2-0 से हराया।

पूर्व खिलाड़ी 59 वर्षीय क्लोप नीदरलैंड के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ और यूनान के हाथों मिली 0-1 की चौंकाने वाली हार के बाद अपने शुरुआती तीनों मैचों में जीत से महरूम रहने वाले जर्मनी के पहले कोच बनने की कगार पर थे। टॉम बिशॉफ 39वें मिनट में ने गोल कर जर्मनी को बढ़त दिलाई। विर्ट्ज ने इसके बाद मैक्सिमिलियन मिटेलश्टेट के क्रॉस पर शानदार गोल करके जर्मनी की बढ़त 2-0 कर दी।



कोच और रोनाल्डो में मतभेद

पुर्तगाल ने दिग्गज क्रिस्टियानो रोनाल्डो की गौरमौजूदगी में कोपेनहेगन मे डेनमार्क को 4-2 से हराया। कोच जॉर्ज जीसस के साथ कथित मतभेद के बाद रोनाल्डो ने एक दिन पहले ही टीम का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद उनके अंतरराष्ट्रीय करियर के भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं।
रोनाल्डो की जगह खेल रहे गोंकालो रामोस ने जोआओ कैंसेलो के शुरुआती गोल में मदद की।

गोल नहीं कर सके हालैंड

वेल्स ने कार्डिफ में 10 खिलाड़ियों वाली नॉर्वे की टीम को 2-1 से हराकर ग्रुप ए4 में अपनी पहली जीत दर्ज की। इस मुकाबले में नॉर्वे के एर्लिंग हालैंड गोल नहीं कर सके। हालैंड के लिए यह अपने देश की ओर से पिछले 18 प्रतिस्पर्धी मुकाबलों में केवल दूसरा मैच था, जिसमें वह गोल नहीं कर सके।

क्या आपने कभी सोचा है कि जिस धरती पर हम सांस ले रहे हैं, वह हमेशा ऐसी ही रहेगी? विज्ञान कहता है- नहीं। सुपरकंप्यूटर की एक डरावनी भविष्यवाणी के मुताबिक, एक दिन हमारी धरती से ऑक्सीजन पूरी तरह गायब हो जाएगी। इंसानों और जीव-जंतुओं का वजूद पूरी तरह खत्म होना तय है।

सुपरकंप्यूटर ने दिखाई पृथ्वी के भविष्य की डरावनी तस्वीर

लंदन। साल 2021 में वैज्ञानिक काजुमी ओजाकी और क्रिस्टोफर टी. रेनहार्ड ने सुपरकंप्यूटर की मदद से धरती के भविष्य का एक मॉडल तैयार किया था। इस रिसर्च के मुताबिक, हमारी सांसों में बसने वाली ऑक्सीजन सिर्फ अगले 108 करोड़ साल तक ही टिक पाएगी। इसके बाद धरती का माहौल ऐसा हो जाएगा कि यहां किसी भी जटिल जीव का जिंदा रहना नामुमकिन होगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि जैसे-जैसे सूरज की गर्मी और रोशनी बढ़ेगी, धरती का पूरा क्लाइमेट और कार्बन चक्र बिगड़ जाएगा। नतीजा यह होगा कि पहले पेड़-पौधों के लिए जरूरी कार्बन डाइऑक्साइड कम होगी, जिससे वे दम तोड़ देंगे। पेड़ नहीं होंगे, तो ऑक्सीजन बनना बंद हो जाएगी। पूरी धरती वापस उसी प्राचीन दौर में लौट जाएगी, जब यहां सिर्फ छोटे बैक्टीरिया हुआ करते थे। चौंकाने वाली बात यह है कि समुद्र का पानी सूखने से बहुत पहले ही हमारी ऑक्सीजन खत्म हो जाएगी।

पहले ऑक्सीजन खत्म होगी, फिर धरती होगी बंजर



क्या है असली सबक?

इस वैज्ञानिक चेतावनी का सीधा सा मतलब यह है कि किसी ग्रह पर जीवन होने का मतलब यह नहीं कि वहां हमेशा ऑक्सीजन रहेगी ही। ब्रह्मांड में जीवन की खोज कर रहे वैज्ञानिकों को अब ऑक्सीजन के अलावा दूसरे संकेतों पर भी ध्यान देना होगा। धरती का अंत तय है, बस देखना यह है कि पहले ऑक्सीजन साथ छोड़ती है या सूरज की तपिश।



जब सुलग उठेगी धरती

कहानी यहीं खत्म नहीं होती। यूनिवर्सिटी ऑफ ब्रिस्टल की एक दूसरी रिसर्च बताती है कि ऑक्सीजन खत्म होने से बहुत पहले ही एक और बड़ी आफत आ सकती है। कंप्यूटर मॉडलिंग के अनुसार, करोड़ों साल बाद धरती के सारे महाद्वीप आपस में जुड़कर एक विशालकाय सुपरकॉन्टिनेंट बना लेंगे, जिसे 'पैंजिया अल्टिमा' नाम दिया गया है। जब यह महाद्वीप बनेगा, तो ज्वालामुखी फटने की घटनाएं आम हो जाएंगी। चारों तरफ सिर्फ उमस और खौफनाक गर्मी होगी। तापमान 40 से 50 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच जाएगा और कुछ इलाकों में तो यह रिकॉर्ड तोड़ देगा। इंसानों और स्तनधारी जीवों के लिए इस झुलसाने वाली गर्मी में खुद को ठंडा रख पाना और भोजन-पानी जुटाना नामुमकिन हो जाएगा।

रोचक खबरें

नर से मादा बन जाते हैं ये जीव! आखिर क्यों बदलते हैं अपना जेंडर



नई दिल्ली। प्रकृति अपने अंदर ऐसे कई रहस्य छिपाए हुए है, जिन्हें जानकर इंसान भी हैरान रह जाता है। दुनिया में कुछ ऐसे जीव पाए जाते हैं, जो अपनी जिंदगी के दौरान नर से मादा या मादा से नर में बदल सकते हैं।सुनने में यह भले ही अजीब लगे, लेकिन समुद्री जीवों की दुनिया में यह एक प्राकृतिक प्रक्रिया है। इसका मुख्य कारण बदलते पर्यावरण के अनुसार खुद को ढालना होता है। कुछ जीवों में लिंग परिवर्तन उनके जीवन चक्र का सामान्य हिस्सा होता है। इसे वैज्ञानिक भाषा में अनुक्रमिक उभयलिंगीता कहा जाता है। यानी कोई जीव अपनी जिंदगी की शुरुआत एक लिंग के रूप में कर सकता है और बाद में परिस्थितियों के अनुसार दूसरे लिंग में बदल सकता है। यह बदलाव अचानक नहीं होता, बल्कि शरीर में होने वाले हार्मोनल और जैविक परिवर्तनों के जरिए धीरे-धीरे पूरा होता है। क्लाउनफिश इस प्रक्रिया का सबसे चर्चित उदाहरण है। इनके समूह में आमतौर पर एक प्रमुख मादा और उसके साथ कई नर रहते हैं।यदि समूह की प्रमुख मादा मर जाती है, तो सबसे बड़ा नर मादा में बदल सकता है। इसके बाद समूह का अगला बड़ा नर प्रजनन करने वाला नर बन जाता है। इस तरह समूह में प्रजनन की व्यवस्था बनी रहती है और किसी नए जीव के आने का इंतजार नहीं करना पड़ता।

सिर्फ क्लाउनफिश ही नहीं, कई जीवों में होती है ऐसी प्रक्रिया

लिंग परिवर्तन केवल क्लाउनफिश तक सीमित नहीं है। कुछ समुद्री मछलियां और अन्य जीव भी अपने जीवन में लिंग बदल सकते हैं।कई प्रजातियों में यह बदलाव सामाजिक स्थिति, साथी की उपलब्धता, उम्र या समूह की संरचना से जुड़ा होता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, अलग-अलग प्रजातियों में लिंग परिवर्तन का तरीका और कारण एक जैसा नहीं होता. कुछ जीव नर से मादा बनते हैं, जबकि कुछ मादा से नर में बदलते हैं।

शिकागो में मिला डायनासोर से भी पुराना जीव, दो स्टूडेंट साइंटिस्ट्स ने उसे दिया अपनी मां का नाम

न्यूयार्क। शिकागो के फील्ड म्यूजियम में इंटर्न के तौर पर काम करने वाली दो छात्राओं ने एक ऐसे नए जीव की खोज की है, जो धरती पर डायनासोर के आने से भी बहुत पहले मौजूद थे। करीब 40 करोड़ साल पुराने इस जीव को दोनों छात्राओं ने अपनी मां का नाम दिया है। देखने में यह जीव आज के मेंढक और छिपकली जैसा है, बस साइज में थोड़ा गोल-मटोल है। साइंटिस्ट इसे इन्हीं का पूर्वज कह रहे हैं। विज्ञान की भाषा में इसे जीनरपेटॉन माजोनेंसिस नाम दिया गया है। साइंटिस्ट का कहना है कि ये दलदल की मिट्टी में बहुत तेजी से दबा था, इसीलिए 40 करोड़ साल बाद भी इस जीवाश्म में जीव की पीठ के शल्क, पेट की छोटी पसलियां और यहां तक की आंखों के निशान भी बिल्कुल साफ आ रहे हैं। फील्ड म्यूजियम की रिपोर्ट के मुताबिक, इस जीव को कई साल पहले एक शख्स ने इलिनोइस की माजोन क्रीक नाम की जगह से ढूंढकर म्यूजियम को दान कर दिया था। उस वक्त साइंटिस्ट्स ने इसकी गहराई से जांच नहीं की थी और इसे एक आम जीव समझकर डिब्बे में बंद कर दिया था। रिपोर्ट के मुताबिक, सालों पुरानी इस भूल को पेटन कोहलबर्ग और एलिसन सेफकोविच नाम की दो स्टूडेंट साइंटिस्ट्स ने सुधारा। जब इन दोनों ने जीवाश्म की बारीकी से जांच की, तो पता चला कि यह कोई आम जीव नहीं, बल्कि बिल्कुल ही एक नई प्रजाति है। जब इस नई प्रजाति का नाम रखने की बारी आई, तो दोनों ने अपनी-अपनी मां को सम्मान देने का फैसला किया। इत्तेफाक से दोनों की मां का नाम 'जीन' है।



मिसाल

भव्यता देख झूम उठेगा मन

20 बीघा में घर, 100 खिड़की-दरवाजे ऐसे रहता है किसान का संयुक्त परिवार

नई दिल्ली। पश्चिम यूपी की पहचान किसान बेल्ट के रूप में होती है। पश्चिमी यूपी में आज भी संयुक्त परिवार का भी चलन हैं। यहां किसानों के एक से बढ़कर एक भव्य मकान हैं। ऐसा ही एक मकान बुढ़ाना तहसील के पास शाहडब्बर गांव में है। यह मकान एक चौधरी परिवार फूल सिंह का है जो कि 20 बीघे में बना हुआ है। मकान शाहपुरा ब्लॉक रोड पर है। पूरे इलाके में ऐसा घर ढूंढने से भी नहीं मिलता। किसान परिवार का यह घर किसी महल से कम नहीं है। चार भाइयों के परिवार में 60 सदस्य हैं। 35 सदस्य गांव में रहते हैं। परिवार के कई सदस्य सरकारी नौकरी में भी हैं। 650 बीघा जमीन है। घर में 5-6 ट्रैक्टर और इतनी ही लग्जरी कार हैं। मुजफ्फरनगर जिले की बुढ़ाना तहसील के गांव शाहडब्बर से शाहपुर जाते समय लोगों की नजर अक्सर एक मकान पर ठहरती है।



अभी भी नहीं हुआ है जमीन का बंटवारा

पूरे परिवार में 80 से ज्यादा गाय-भैंसे हैं। नागौरी बैल भी हैं। दो घोड़ी भी हैं। चारों भाइयों के घर अलग-अलग जरूर हैं, लेकिन जमीन का बंटवारा नहीं हुआ है। हर घर में दो-तीन ट्रैक्टर हैं। परिवार के पास करीब 6-7 ट्रैक्टर हैं और इतनी ही लग्जरी कारें हैं। हर घर में सब्जी उगाई जाती है। यह किसान परिवार गन्ने की खेती के लिए जाना जाता है। इस परिवार की सबसे बड़ी खासियत यह है कि इसके सदस्य नशा-शराब से दूर हैं। पूरे परिवार का खाना कभी एक ही चूल्हे पर बनता था। अब घर अलग-अलग हो गए हैं, लेकिन तीज-त्योहार साथ में बनाते हैं। जमीन का बंटवारा अभी भी नहीं हुआ है। परिवार में मेल-जोल बहुत ज्यादा है। भाई-भाई में प्यार है। गांव में पहला ट्रैक्टर इसी घर में आया था। पहले ऊंट भी इस घर में था। परिवार का एक ही मूल मंत्र है, अपने काम पर ध्यान देना। जो सदस्य खेती-बाड़ी कर रहे हैं, वो खेती करते हैं, कुछ पढ़ाई तो कुछ बिजनेस कर रहे हैं।

पूरे परिवार में 60 सदस्य

मकान सड़क किनारे बना हुआ है। यह मकान करीब 20 बीघा में फैला हुआ है। मकान स्वर्गीय फूल सिंह चौधरी का है जिनके पास 200 बीघा जमीन थी। उनके चार बेटों ने अपनी मेहनत के बल पर करीब 450 बीघा जमीन खरीदी है। चार भाइयों के 12 बेटे हुए। पूरे परिवार में 60 सदस्य हैं, 35 गांव में रहते हैं। हर भाई का मकान करीब 5 बीघा में बना हुआ है। हर मकान की डिजाइन एक जैसी है।



घर में गिर गाय और मुर्रा भैंस भी

घर में गिर गाय भी है। 18 किलो दूध देने वाली मुर्रा भैंस भी हैं। इस परिवार के पास कभी ऊंट-घोड़ा भी था। परिवार की समृद्धि का सबसे बड़ा राज एकजुटता है। पूर्वजों ने एकजुट रहने की सलाह दी, जिसका पालन आज भी यह चौधरी परिवार कर रहा है। घर पर ही पूरा परिवार सब्जी उगाता है। कभी भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह इस घर में आते थे। घर में 60 से ज्यादा कमरे हैं।

इराक में है दुनिया का सबसे पुराना पुल, 4000 साल पहले का इतिहास



बगदाद। दुनिया की सबसे पहली सड़क और इमारत का जिक्र जब भी होता है, तो हर किसी के मन में यह सवाल जरूर उठता है कि आखिर इंसानों द्वारा बनाया गया सबसे पहला पुल कहां होगा? इस सवाल का जवाब छुपा है मध्य पूर्व के देश इराक के रेगिस्तानी इलाके में। आधुनिक इराक के बगदाद और बसरा शहर के ठीक बीचो-बीच गिरसू नाम का एक प्राचीन शहर बसा हुआ है। लगभग 5,000 साल पुराना यह शहर सुमेरियन सभ्यता की राजधानी हुआ करता था। इसी पौराणिक शहर की पुरातात्विक खुदाई में पकी हुई लाल ईंटों से बना एक ऐसा ढांचा मिला है, जिसे आधुनिक विज्ञान और इतिहासकार दुनिया का सबसे पुराना पुल मानते हैं। इसका इतिहास करीब 4,000 साल पुराना है। इंसानी इंजीनियरिंग की इस अद्भुत मिसाल की कहानी जितनी हैरान करने वाली है, उतनी ही दर्दनाक भी रही है। इस ऐतिहासिक शहर की पहली खुदाई साल 1877 में फ्रांसीसी पुरातत्वविदों की एक टीम ने शुरू की थी।

100 सालों तक बदहाली की हालत में था यह अनमोल पुल

अफसोस की बात यह रही कि 1920 में खोजे जाने के बावजूद इस अनमोल पुल को करीब 100 सालों तक खुले आसमान के नीचे बेदरो-बदली हालत में छोड़ दिया गया। आज आधुनिक दौर में इस प्राचीन गिरसू शहर को अरबी भाषा में तिल्लो कहा जाता है। लंबे अरसे से लावारिस पड़े इस 4,000 साल पुराने पुल को बचाने के लिए कुछ साल पहले बड़ी वैश्विक पहल शुरू हुई। ब्रिटिश म्यूजियम, यूके सरकार की आर्थिक मदद से इस ऐतिहासिक जगह को बचाने का काम कर रहा है। इस प्रोजेक्ट के तहत इराकी पुरातत्वविदों को सांस्कृतिक धरोहरों को सहेजने और ऐतिहासिक इमारतों को नया जीवन देने की स्पेशल ट्रेनिंग दी जा रही है।

लद्दाखी बालान गाय का छाछ है सबसे महंगा, बिकता है घी के भाव

नई दिल्ली। यूपी-राजस्थान-हरियाणा, एमपी-बिहार और गुजरात में किसान साहीवाल, गिर और राठी जैसे कई दुधारू नस्ल की गाय पालते हैं। देश के बाकी राज्यों की तरह लद्दाख में 'लद्दाखी बालान' को लोग पालते हैं। यह गाय की स्थानीय नस्ल है। यह गाय माइनस 20 डिग्री तक सर्वाइव करती है। इसका घी 2500 रुपये प्रति किलो तक बिकता है। सबसे दिलचस्प बात यह है कि इस गाय के छाछ से एक ऐसी चीज बनाई जाती है जो 1200 से 1500 रुपए प्रति किलो बिकती है। इस पनीर को दुनिया का सबसे हार्ड पनीर माना जाता है। लद्दाख में गाय पालना आसान नहीं है। करीब 17 हजार फीट की ऊंचाई-बर्फबारी, कम ऑक्सीजन और खराब मौसम लेकिन प्रकृति के बीच यहां के लोग हिमालयी गाय पालते हैं। इस गाय के दूध से 'छुर्पे' नाम की पनीर बनती है। यह दुनिया की सबसे सख्त पनीर मानी जाती है। इस गाय के दूध से ऐसा दुर्लभ घी बनता है जो ताकत का अनूठा खजाना है। लद्दाख के युवा व्यवसायी लोटस ग्याल्त्सन लद्दाख के खारू में मिल्क प्रोसेसिंग यूनिट लगाए हुए हैं। घी-बटर बनाते हैं।

बंदर को बेटे की तरह पाला, पूरी संपत्ति कर दी थी नाम

नई दिल्ली। आपने बहुत से बंदरों के बारे में सुना होगा. बंदरों को अक्सर पेड़ों पर उछलते-कूदते या लोगों के आसपास घूमते देखा जाता है। लेकिन, आज हम आपको एक ऐसे बंदर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी जिंदगी किसी आम बंदर से बिल्कुल अलग थी। यूपी के रायबरेली के रहने वाले राजेश श्रीवास्तव हिंदू थे, जबकि शबिस्ता मुस्लिम थीं. दोनों ने धर्म की दीवारें तोड़कर शादी की, लेकिन इसके बाद समाज और उनके अपने परिवारों ने उन्हें अपनाने से इनकार कर दिया। सामाजिक बहिष्कार के चलते यह कपल कई सालों तक अकेलेपन का सामना करता रहा। इसी तन्हाई को दूर करने के लिए साल 2005 में उनकी जिंदगी में 'चुनमुन'की एंट्री हुई।बताया जाता है कि राजेश और शबिस्ता ने चुनमुन को साल 2005 में करीब 500 रुपए में खरीदा था। उसकी मां की बिजली का झटका लगने से मौत हो चुकी थी। मां के बिना वह छोटा बंदर अकेला था। कपल ने उसे अपने पास रख लिया और धीरे-धीरे उससे उनका लगाव बढ़ता चला गया। राजेश और शबिस्ता ने चुनमुन को कभी सिर्फ पालतू जानवर की तरह नहीं देखा। दोनों उसे अपने बेटे की तरह पालने लगे। उसकी हर जरूरत का ख्याल रखा जाता था और घर में उसके लिए अलग इंतजाम किए गए थे।



पूरी संपत्ति की वसीयत तैयार की थी : चुनमुन की जब मौत हो गई, तो महिला ने अपने घर में उसका मंदिर बनवा दिया। मंदिर में राम-लक्ष्मण और सीता के साथ बंदर की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा की गई. इस मौके पर भंडारा भी कराया गया था। इस कहानी का सबसे खास हिस्सा कपल का वह फैसला था, जो उन्होंने अपनी संपत्ति को लेकर लिया। जिन रिश्तेदारों ने मुश्किल वक्त में उनका साथ नहीं दिया, उनसे अलग उन्होंने चुनमुन को अपना सबसे करीबी माना। बताया जाता है कि राजेश और शबिस्ता ने अपनी पूरी संपत्ति चुनमुन के नाम करने की वसीयत तैयार की थी।

अनूठी परंपरा

खतरनाक मगरमच्छों के साथ पूरी तरह से मेल-मिलाप और सद्भाव से रहते हैं

अनोखा तालाब; सौ से ज्यादा मगरमच्छ फिर भी बेखौफ नहाते हैं लोग

औगाडौगू। दुनियाभर में ऐसी कई अद्भुत और रहस्यमयी जगहें हैं, जो इंसानों और जानवरों के बीच के अनोखे रिश्ते को बयां करती हैं। इनमें से कुछ जगहें हर किसी को हैरान कर देती हैं। ऐसी ही एक जगह अफ्रीकी देश बुरकीना फासो की राजधानी औगाडौगू से लगभग 30 किलोमीटर की दूरी पर स्थित बाजोले गांव है, जो एक विशाल झील के किनारे बसा हुआ है। यहां की परंपरा पूरी दुनिया में बिल्कुल अनूठी है। आपको जानकर ताज्जुब होगा कि इस गांव में पिछले कई पीढ़ियों से स्थानीय निवासी सौ से अधिक खतरनाक मगरमच्छों के साथ पूरी तरह से मेल-मिलाप और सद्भाव के साथ रह रहे हैं। ये लोग मगरमच्छों से भरे तालाब में बेखौफ होकर नहाते हैं, घरेलू काम करते हैं, लेकिन मगरमच्छ इन्हें चोट नहीं पहुंचाते और ना ही शिकार करने की कोशिश करते हैं। बाजोले के ये मगरमच्छ बड़े और अधिक आक्रामक माने जाने वाले नील नदी के मगरमच्छों की फैमिली से हैं।



बदलते पर्यावरण के साथ खुद को पूरी तरह ढाल लिया

इन्हें पश्चिमी अफ्रीकी मगरमच्छ या मरुस्थलीय मगरमच्छ के रूप में भी जाना जाता है, क्योंकि ये मुख्य रूप से जंगली क्षेत्रों और खुले आवासों में पाए जाते हैं। इन मगरमच्छों या यूं कहें कि उनके पूर्वजों ने उत्तरी अफ्रीका के बदलते पर्यावरण के साथ खुद को पूरी तरह ढाल लिया है। आज से लगभग 10,000 साल पहले जहां हरी-भरी सवाना और घास के मैदान हुआ करते थे, वे आज गर्म और शुष्क सहारा रेगिस्तान में बदल चुके हैं, लेकिन इन जीवों ने हर स्थिति में खुद को जीवित रखा है। नील नदी के मगरमच्छ जहां रहने के लिए बड़ी मौसमी नदियों को पसंद करते हैं, तो पश्चिमी अफ्रीका के मगरमच्छ मुख्य रूप से जंगलों के भीतर स्थित लैगून और आर्द्रभूमि को अधिक पसंद करते हैं।

मगरमच्छों का करते हैं आदर

पश्चिमी अफ्रीकी मगरमच्छ नील नदी के मगरमच्छों की तुलना में काफी कम आक्रामक होते हैं और आम तौर पर इंसानों पर हमला नहीं करते हैं। बाजोले की तरह ही पूरे पश्चिमी अफ्रीका में कई ऐसे समुदाय हैं, जो इन मगरमच्छों के बेहद करीब रहते हैं। यहां तक कि उनसे डरने के बजाय उनका आदर करते हैं तथा उन्हें किसी भी प्रकार के नुकसान से बचाते हैं। बाजले के लोगों का अटूट विश्वास है कि ये मगरमच्छ बारिश के साथ आसमान से उतरे थे और यदि ये मगरमच्छ यहां से गायब हो गए, तो तालाब का पानी भी हमेशा के लिए सूख जाएगा।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com